हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 5 नवंबर 2026

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न. पेश है तमिलनाडु के **रुबेशकुमार टी** की **तंजौर कला.**

Hero

Hero

भरोसा सोने सा खरा

धनतेरस की शुभकामनाएँ



सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं*

कैश डिस्काउंट ₹3000~ तक

एक्सचेंज बोनस ₹5000~ तक

इंस्टेंट कैशबैक ₹10000^ तक

SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹4999^ से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. *Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer-T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: **भोपाल:** वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), आँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिजा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोर:** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबाद:** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोह:** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागर:** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मकरोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **ग्वालियर:** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), **भिन्ड:** शिवम हीरो 9289922787, **दतिया:** शिव हीरो 9289923172, **मुरैना:** गगन हीरो 9289922678, **श्योपुर:** आशीष हीरो 9289922832, **शिवपुरी:** रघुवंशी हीरो 9289922571, **इंदौर:** सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेरी ऑटोमोबाइल्स (भवटकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स, **(देवास नाका)** 9821741577, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवास:** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलिया:** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोन:** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावद:** राजेश हीरो 9289922774, **रतलाम:** एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) **नीमच:** उत्तम हीरो 9289922367, **मन्दसौर:** रामदर्शन हीरो 9289922369, **जावरा:** रिलायबल हीरो 9289923045, **एसोशिएट डीलर:** **आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना:** आर्यन्स इन्टरप्राईजेज 7428594665, **बदेली:** श्री सूर्यदेव हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **मंडीदीप:** सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, **बंडा:** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरुल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा:** ध्रुव इन्टरप्राइजेज 9826867673, **इटारसी:** देवा मोटर्स 9425630406, **जतारा:** शारदा मां ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईजेज 9425436890, 7428492559, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748980061, **जामनेर:** अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज:** प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, **सिताली:** भायरे मोटर्स, 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, **अम्वाह:** उमा ऑटोमोबाईल्स 9326983351, **इबरा:** दुर्गा एजेन्सी 9926746001, **पिछोर:** दक्षमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, **सबलगढ़:** शिवम मोटर्स 9893085461, **कोलारस:** भूपेंद्र इंटरप्राईजेज 9425769569, **वैराड़:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, **बदरवास:** बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, **गोहद:** ओम साई मोटर्स 8358994876, **लहार:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, **अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, **बदनावर:** नरुजी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **वेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **वामनिया:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **वेटमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोद:** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौर:** क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमल:** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावद:** भंडारी अभिकरण 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली:** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा:** पटेल मोटर्स 9755567226, **सतवास:** शिवम मोटर्स 9826088351, **नागदा:** काठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **सिंघोट:** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छ:** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लोद:** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोद:** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलिया:** श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, **जोरा:** विजयानंद मोटर्स 9754451762, **राणापुर:** सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, **जोबट:** धाटा ऑटोमोबाईल्स, 9615908908, **सोंडवा:** राज ऑटोमोबाईल्स, 9754260982, **क्षिप्रा:** श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, **सुखलिया इंदौर:** आर्यन मोटर्स, 9399928958, **कांटाफोड़:** रुक्मणी मोटर्स, 9993048891, **नीलवड़:** **महाकाल मोटर्स**, 9586778889, **तीन इमली:** **न्यू गीतांजलि मोटर्स**, 6267121700, **नेहरु नगर, भोपाल:** रुद्र एंटरप्राईजेज, 9039011650,51,52,53, **गांधीनगर:** आर जे मोटर्स, 8827588411, **स्नेहलतागंज:** साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, **अमझेरा:** महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, **सागौर कुटी:** अमन ऑटोमोबाईल, 9039055993, **नावद:** शिवाया इंटरप्राइजेज, 9752346321, **रानीसिंह:** गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, **बोरी बुजुर्ग:** **जिलानी मोटर्स**, 9399900143, **कढ़ी:** **श्री राम मोटर्स**, 9584997081, **पिपलिया बुजुर्ग:** **न्यू सिन्हा मोटर्स**, 9981562315, **योध्या बाईपास, भोपाल:** शिवांश मोटर्स, 6262363123, **फंदा:** अवनि मोटर्स, 9993160799, **परवलिया सड़क, भोपाल:** एन आर ट्रेडिंग एंटरप्राइजेज, 6264359954, **गांधी नगर:** श्रीकुंज मोटर्स, 9893735683, **वंगराखिया:** शाही सवारी, 9202342023, **डोडी:** कप्तान ऑटोमोबाईल्स, 8770850811, **देहटी:** मां विजासन मोटर्स, 9009828428, **चांदबाद:** श्रीजी नारायण मोटर्स, 9285334084, **खाचरोद:** विनायक मोटर्स, 9009152131, **उदयपुर:** सपना मोटर्स, 9826620434, **बारी:** श्री राम मोटर्स, 9893352212, **शोभापुर:** अफजल मोटर्स, 8839223122, **तलेन:** श्री सांवरिया मोटर्स, 9669661034, **संडावता:** विजय मोटर्स, 8269770075, **करेड़ी:** वासुदेव मोटर्स, 7566920711, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **भिन्ड :** शिवम् मोटर्स 9289922787, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342, **सीतामऊ:** तिरुपति मोटर्स, 9753008855, **पिपलिया मंडी:** नवपद मोटर्स, 9479861211, **दलोदा:** जेएस मोटर्स, 9926600906.

Cheil 33547/26

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 5 नवंबर 2026



अग्निवीरों का पहला बैच चार साल की सेवा अवधि पूरी करने के करीब है। उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। उनके काम को लेकर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है।

मोदी सरकार का फैसला...75 फीसदी को दो साल का सेवा विस्तार

अग्निवीरों को बड़ा तोहफा..25 प्रतिशत बनेंगे नियमित सैनिक

सीएसडी जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने बताया कि दो साल का कार्यकाल पाने वाले अग्निवीरों को प्रदर्शन के आकलन के आधार पर बाद में स्थायी पदों की भी पेशकश की जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिवाली से पहले केंद्र सरकार ने अग्निवीरों को बड़ा तोहफा दिया है और सेवा विस्तार योजना पर बड़ा ऐलान किया है। केंद्रीय कैबिनेट के फैसले के मुताबिक 25% अग्निवीर नियमित सैनिक बनेंगे, जबकि बाकी 75 फीसदी अग्निवीरों को दो साल का सेवा विस्तार दिया जाएगा। यानी अग्निवीरों की सेवा चार साल से बढ़ाकर अब छह साल कर दी गई है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि दो साल का कार्यकाल पाने वाले अग्निवीरों को प्रदर्शन के आकलन के आधार पर बाद में स्थायी पदों की भी पेशकश की जाएगी। सेवा विस्तार पाने वाले अग्निवीरों को बढ़ा हुआ वेतन और भत्ते मिलेंगे। अग्निपथ योजना 14 जून 2022 को शुरू की गई थी। इस बदलाव का एक अहम पहलू यह भी है कि इसे आगामी विधानसभा चुनावों से जोड़कर ▶▶ शेष पेज 8 पर



फाइल फोटो

- अग्निवीरों की सेवा चार साल से बढ़ाकर अब छह साल कर दी गई है
- करीब 18,000 अग्निवीरों को कुछ सप्ताह बाद ही सशस्त्र बलों से सेवामुक्त होना है, ये सब बहाल होंगे

पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुआ बड़ा फैसला

अग्निवीरों पर यह बड़ा फैसला पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। बड़ी बात यह है कि यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब करीब 18,000 अग्निवीरों को कुछ सप्ताह बाद ही सशस्त्र बलों से सेवामुक्त होना है लेकिन अब उन सभी को दो साल का सेवा विस्तार मिल गया है। 2022 में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती चार साल के कार्यकाल के लिए की गई थी। इसमें प्रावधान था कि इनमें से केवल 25 प्रतिशत अग्निवीरों को ही नियमित सेवा में बरकरार रखा जाएगा। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

पीड़ितों को जल्द न्याय सुनिश्चित होगा

दुष्कर्म-पॉक्सो मामलों के लिए 850 फास्ट ट्रैक कोर्ट को मंजूरी

2031 तक कुल 3,788.04 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पॉक्सो (बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण) अधिनियम और दुष्कर्म से जुड़े मामलों की तेजी से सुनवाई के लिए 850 फास्ट ट्रैक अदालतों के विस्तार और मजबूत करने को मंजूरी दी है। इसके लिए सरकार ने फास्ट ट्रैक विशेष अदालत के लिए केंद्र सरकार की योजना को अगले पांच वर्ष यानी वर्ष 2030-31 तक जारी रखने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अत्याचार के मामलों से सख्ती से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इससे पीड़ितों को जल्द न्याय सुनिश्चित होगा। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल 2026 से ▶▶ शेष पेज 8 पर

- केंद्रीय कैबिनेट में लिया गया फैसला

खबर संक्षेप

इ्यूटी पर जा रहे आरक्षक की पिकअप की टक्कर से मौत

जबलपुर। बरेला थाना क्षेत्र में बुधवार शाम तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से पुलिस आरक्षक अनिल मरावी की मौत हो गई। वे सिविल लाइन थाने में पदस्थ थे और बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। बाईपास रोड पर कान्हा ढाबे के पास सामने से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में आरक्षक को गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप चालक फरार हो गया।



कार का गेट खुलने से शिक्षक गिरे, ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचला

राजगढ़। जिले के बोड़ा में बुधवार सुबह सड़क हादसे में 48 वर्षीय अतिथि शिक्षक रामबाबू वर्मा की मौत हो गई। वे बाइक से स्कूल जा रहे थे। सुबह करीब 9:41 बजे बिजली ग्रिड के सामने सड़क किनारे खड़ी कार का चालक बिना पीछे देखे अचानक गेट खोलने लगा। इससे पीछे से आ रही रामबाबू की बाइक गेट से टकरा गई और वे सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया उन्हें कुचलता हुआ निकल गया।



'हनुमान अंश' के गायक का आंखों का इलाज शुरू

भोपाल। फिल्म 'हनुमान अंश' में 'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान' भजन गाकर लोकप्रिय हुए दृष्टिबाधित लोक गायक सुनील लोधी की आंखों का इलाज शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर उनके उपचार की व्यवस्था की गई है। फिल्म की सफलता के बाद मुख्यमंत्री ने सुनील की आंखों के इलाज का वादा किया था। अब इलाज शुरू होने से उनकी रोशनी लौटने की उम्मीद जगी है।



इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक के अंतिम दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस

दत्तात्रेय होसबाले ने कहा- विरोध जेन जी का अधिकार उनका विरोध देशद्रोह नहीं... उनसे संवाद बहुत जरूरी

संघ सरकार्यवाह बोले- युवाओं को भड़काने की हो सकती है 'साजिश'

एक घंटा मोबाइल से दूर रहकर परिवार के सदस्य साथ बैठें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रिजीम चेंज यानी शासन व्यवस्था में बदलाव के मुद्दे पर होसबाले ने कहा कि समाज में अशांति फैलाना और हिंसा के जरिए बदलाव लाना देशहित में नहीं है

इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक बुधवार को समाप्त हो गई। डेली कॉलेज में 2 नवंबर से चल रही इस बैठक में देशभर से करीब 400 प्रतिनिधि शामिल हुए। समापन के बाद सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने आरक्षण, मंदिरों के मामलों, संगठन विस्तार, एसआईआर, संघ के पंजीयन और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर संघ का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि रिजीम चेंज यानी शासन व्यवस्था में बदलाव के मुद्दे पर होसबाले ने कहा कि समाज में अशांति फैलाना और हिंसा के जरिए बदलाव लाना देशहित में नहीं है।

युवाओं को भड़काने की कोशिश के पीछे साजिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि युवाओं से संवाद कर उनकी सोच और समस्याओं को समझना जरूरी है। युवाओं में प्रतिभा और कौशल है। उन्हें सकारात्मक दिशा देने की जरूरत है। विरोध जेन जी का हक है। उनका विरोध देशद्रोह नहीं हैं। होसबाले ने बताया कि संघ ने कॉलेज के युवाओं को सीमावर्ती क्षेत्रों से जोड़ने ▶▶ शेष पेज 8 पर

इस बैठक में देशभर से करीब 400 प्रतिनिधि शामिल हुए



सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले और सुनील आंबेकर पत्रकारों से चर्चा करते हुए

- आरक्षण सामाजिक आधार पर जारी रहना चाहिए, राजनीति के लिए इस्तेमाल न हो
- बंगाल में 150 गुना बढ़ीं शाखाएं, केरल के हर गांव तक पहुंचने का दावा

मतदाता सूची के परीक्षण पर राजनीति क्यों होनी चाहिए?

एसआईआर पर होसबाले ने कहा कि मतदाता सूची का समय-समय पर परीक्षण होना चाहिए। यह सामान्य प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि 13 करोड़ नाम हटाए जाने की बात कही जा रही है, जबकि उनके मुताबिक ये लोग अब दुनिया में नहीं हैं। होसबाले ने बताया कि उन्हें भी नोटिस मिला ▶▶ शेष पेज 8 पर

पंजीयन की कोई कानूनी बाध्यता नहीं

होसबाले ने कहा कि संघ को लेफ्ट के वैलिडेशन की जरूरत नहीं है। संघ समाज का साथ चाहता है। उन्होंने कहा, 'अगर हम लेफ्ट का वैलिडेशन चाहते तो हमारा बोरिया-बिस्तर उठ चुका होता। ▶▶ शेष पेज 8 पर

मोबाइल से दूर रखने के बजाए बच्चों को संस्कार दें

उन्होंने कहा कि बच्चों को इंटरनेट और मोबाइल से पूरी तरह दूर रखने के बजाए उन्हें सही संस्कार देना जरूरी है। स्कूल, कॉलेज और सामाजिक संस्थाओं की इसमें अहम भूमिका है। माता-पिता को तय करना चाहिए कि बच्चों को किस उम्र में डिवाइस देना है और वे कितनी देर उसका इस्तेमाल करें। उन्होंने परिवारों से अपील की कि दिन में या सप्ताह में आधा से एक घंटा मोबाइल से दूर रहकर सभी सदस्य साथ बैठें और सकारात्मक विषयों पर बातचीत करें।

80 देशों में संघ के स्वयंसेवक

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संघ के विस्तार के सवाल पर होसबाले ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक 80 देशों में प्रेरणा के साथ काम कर रहे हैं, लेकिन कोई अंतरराष्ट्रीय ▶▶ शेष पेज 8 पर

श्यामपुर में 42 क्विंटल मावा जब्त

भिंड से 107 बोरियों में भरकर लाया जा रहा था यह भोपाल



पुलिस और खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

श्यामपुर में पुलिस और खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब 42 क्विंटल मावा जब्त किया है। मावे की यह खेप भिंड के दुलारपुरा से आयशर वाहन में भरकर भोपाल ले जाई जा रही थी। तलाशी के दौरान वाहन से मावे की 107 बोरियां बरामद हुईं। प्रत्येक बोरी में करीब 40 किलो मावा था। वाहन चालक की पहचान सत्यभान सिंह के रूप में हुई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपाली कांगे के अनुसार मावे के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। पूरी खेप को खराब होने से बचाने के लिए स्थानीय कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षित ▶▶ शेष पेज 8 पर

निर्मला सप्रे की विधायकी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

2 महीने में फैसला करें स्पीकर मामले में देरी पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने बीना से कांग्रेस विधायक रहीं निर्मला सप्रे की विधानसभा सदस्यता और दल-बदल मामले में मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष को दो महीने के भीतर नियमानुसार फैसला लेने का निर्देश दिया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान की दसवीं अनुसूची से जुड़े मामलों का समयबद्ध निराकरण जरूरी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में दल-बदल के मामलों को लंबे समय तक लंबित ▶▶ शेष पेज 8 पर



निर्मला सप्रे

उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई

ईरान ने लिया बड़ा फैसला

भारत समेत चार देशों को होर्मुज से निकलने की छूट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर राहत भरी खबर है। ईरान ने इस रास्ते से होकर गुजरने वाले भारतीय जहाजों को छूट देने का फैसला किया है। ईरान ने भारत के साथ ही चीन, इराक और कतर के कमर्शियल शिप्स को भी इस रणनीतिक समुद्री मार्ग पर लागू प्रतिबंधों से छूट देने का फैसला किया है। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के उपाध्यक्ष अमीर हयात-मोगद्दम ने यह जानकारी दी है। भारत, चीन, ▶▶ शेष पेज 8 पर



भारतीय और चीनी जहाजों से ट्रांजिट फीस में छूट

उज्जैन के संतों ने भी खोला मोर्चा

लखनऊ में तहरीर, शास्त्री को न ब्रज में घुसने देंगे न अवध में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

दिल्ली और मेरठ के बाद लखनऊ में भी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ पुलिस से शिकायत की गई है। उज्जैन में महाकाल मंदिर के पुजारी, जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर और साध्वी ने भी उनकी टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताई है। संतों ने कहा कि व्यासपीठ से भगवान का मजाक बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पं. महेश शर्मा ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री को धन, राजनीतिक लोगों के ▶▶ शेष पेज 8 पर



व्यासपीठ से भगवान का मजाक बर्दाश्त नहीं

ट्विशा शर्मा की मौत का मामला

पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह की जमानत अर्जी 'निरस्त'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

ट्विशा शर्मा मौत मामले में आरोपी पूर्व जिला जज गिरीबाला सिंह को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। हाई कोर्ट ने बुधवार को उनकी नियमित जमानत अर्जी निरस्त कर दी। जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की सिंगल बेंच ने दोनों पक्षों और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। जमानत पर सुनवाई के दौरान गिरिबाला सिंह के फोन काल, पार्लर के सीसीटीवी ▶▶ शेष पेज 8 पर



सीबीआई ने किया था जमानत का विरोध

धार में लोकायुक्त ने मारा छापा

प्रबंधक के पास आय से 700% अधिक संपत्ति



तीन ठिकानों पर 10 घंटे चली कार्रवाई, 3.32 करोड़ रुपए का अनुपातहीन व्यय मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नालछा के प्रबंधक शेरसिंह ठाकुर के तीन ठिकानों पर बुधवार को लोकायुक्त ने छापेमारी की। सुबह 5 बजे शुरू हुई कार्रवाई ▶▶ शेष पेज 8 पर

खातेगांव टीआई हत्याकांड केस में एक्शन जारी

जायसवाल की 3 बसें जब्त, ट्रक से कुचलने वाले क्लीनर का भी हुआ शॉर्ट एनकाउंटर

जांच के लिए पुलिस टीमें गुजरात जाएंगी

एजेंसी ▶▶ खातेगांव

खातेगांव टीआई दिलीप पुरी हत्याकांड में पुलिस ने शराब तस्करी नेटवर्क के सरगना राहुल जायसवाल की तीन बसें बुधवार को अलग-अलग जगहों से जब्त कीं। बसों में सवार यात्रियों को दूसरे वाहनों से उनके गंतव्य तक भेजा गया। पुलिस अब तस्करी नेटवर्क की आर्थिक और कारोबारी कड़ियों की जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, एक बस बिजवाड़, दूसरी कांटाफोड़ और तीसरी डबल चौकी से जब्त ▶▶ शेष पेज 8 पर



जब्त की गई बसें

दोनों आरोपियों के पैर में लगी गोली

खातेगांव में टीआई दिलीप पुरी को आईसर से कुचलकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने 48 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दो शॉर्ट एनकाउंटर किए। पहले मुख्य आरोपी और आईसर चालक गजेंद्र उर्फ ▶▶ शेष पेज 8 पर

देश की अदालतों के अलग-अलग रुख से उठा सवाल

सीजेआई ने आरक्षण के मुद्दे पर कहा गलत जगह आए, धरना-प्रदर्शन करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

धरना-प्रदर्शन और आंदोलन को लेकर अदालतों के दो अलग-अलग रुख सामने आए हैं। एक तरफ सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने आरक्षण से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता को राहत के लिए धरना-प्रदर्शन करने की सलाह देते हुए कहा कि यह धरना-प्रदर्शन का दौर है,आपको भी करना चाहिए। वहीं, दूसरी तरफ केरल हाईकोर्ट ने कहा है कि संवैधानिक लोकतंत्र में धरना, भूख हड़ताल और सत्याग्रह जैसी गतिविधियों की कोई जगह नहीं है। कोर्ट ने यहां तक कहा कि आंदोलन करने वाले छात्रों को शिक्षण संस्थान से निष्कासित भी किया जा सकता है। अदालतों की इन टिप्पणियों ने लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन के अधिकार और उसकी सीमाओं को लेकर नई बहस छेड़ दी है।



सीजेआई बोले- आप आवाज उठाएं

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को उत्तर प्रदेश की उन विधानसभा सीटों को लेकर सुनवाई हुई, जो दशकों से अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं। सुल्तानपुर जिले की कादीपुर विधानसभा सीट 1952 से ही एससी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। याचिका में कहा गया कि पिछले 75 वर्षों में इसका लाभ केवल तीन-चार परिवारों तक सीमित रहा है और दूसरे समुदायों के लोगों के चुनाव लड़ने के विकल्प सीमित हुए हैं। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, आप गलत जगह आए हैं। आप गलत नंबर मिला रहे हैं। यह धरना-प्रदर्शन का दौर है। आप अपनी आवाज उठा सकते हैं।

केरल हाईकोर्ट : लोकतंत्र में धरना, भूख हड़ताल और सत्याग्रह की जगह ही नहीं

केरल हाईकोर्ट ने छात्रों को लगाई फटकार

दूसरी ओर, केरल हाईकोर्ट ने कालडी स्थित श्री शंकराचार्य संस्कृत यूनिवर्सिटी के 16 निलंबित छात्रों के मामले में कहा कि शिक्षण संस्थान पढ़ाई के लिए हैं, राजनीति और आंदोलन के लिए नहीं। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने एकल पीठ के उस अंतरिम आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें छात्रों को 4 नवंबर से शुरू होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति दी गई थी। ये छात्र स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) से जुड़े हैं। अब उन्होंने परीक्षा में बैठने की अनुमति के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 5 नवंबर 2026

MEERA'S®

WORTH BUYING

is ready with

New Diwali Collection

Gift Items Range starts from ₹50 onwards

• Decorative Items • Home Appliances
• Luggage • Utensils • Cloth Stand
• Crockery • Thermoware • Cooktops
• House Hold • Bedsheets
• Towels & Doormats

Both Showrooms Open All 7 Days

Valet Parking Available

*T&C Apply

Shreeram Addiction

• Meera's Main Road, Bairagarh, Bhopal. Ph : 0755-4222221
• Meera's Opp. Janki Hospital, Near ICICI Bank, ROHIT NAGAR - PHASE 1, Main Road, Bhopal. Ph.: 0755 4225677, 93039 91001

MEERA'S®

GOLD & DIAMONDS

BAIRAGARH, BHOPAL

EXCLUSIVE COLLECTION ✧ CLASSIC DESIGNS ✧ WIDE RANGE

Visit for exquisite variety of
Gold, Diamond, Jadau, Polki, Kundan & Silver jewellery

"सस्ता नहीं, अच्छा चुनिये"

Flat 25% Discount
on Diamond Jewellery

MAKING CHARGES START FROM
5%

100%
BUYBACK ON OLD GOLD

IGI CERTIFIED
DIAMOND JEWELLERY

HUID HALLMARK
GOLD JEWELLERY

VALET PARKING
AVAILABLE

2nd Floor, Meera's Showroom, Main Road, Bartan Market, BAIRAGARH, BHOPAL
M.: 7715003300, 0755 - 4246111

Shreeram Addiction

हरिभूमि

भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 5 नवंबर 2026

3 स्वामित्व योजना के तहत 15 लाख 98 हजार...



7 स्वदेशी केवल नारा नहीं, इसे दैनिक जीवन में अपनाने...



सांसदों की मांगः भोपाल से अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज के लिए चले नई ट्रेन

पश्चिम मध्य रेलवे के सांसदों और रेलवे बोर्ड की बैठक में रेल कनेक्टिविटी, नई रेल लाइनों और यात्री सुविधाओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में बुधवार को पश्चिम मध्य रेलवे के सांसदों और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में मप्र के विभिन्न क्षेत्रों में रेल सुविधाओं के विस्तार, नई ट्रेनों के संचालन, नई रेल लाइनों के निर्माण, दोहरीकरण और प्रमुख रेलवे स्टेशनों के विकास सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर से चर्चा हुई।

सांसदों ने अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों की जरूरतों और यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव रखे। इनमें भोपाल से अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज के लिए सीधी ट्रेन शुरू करने की मांग प्रमुखता से उठी। वहीं रेलवे महाप्रबंधक ने आश्वस्त किया कि सांसदों से प्राप्त सभी प्रस्तावों को रेलवे बोर्ड को भेजा जाएगा।

ग्वालियर-इंदौर रेल मार्ग के दोहरीकरण से लेकर सागर लोकसभा की रखी 37 मांगें



बैठक में उपस्थित पश्चिम मध्य रेलवे के सांसद और रेलवे बोर्ड के अधिकारी।

भोपाल-सागर-छतरपुर-खजुराहो तथा सिरोंज-शमशाबाद-लटेरी-कुरवाई नई रेल लाइन का प्रस्ताव

सागर की सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने अपने संसदीय क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी और यात्री सुविधाओं से जुड़ी 37 प्रमुख मांगें बैठक में रखीं। इनमें भोपाल-सागर-छतरपुर-खजुराहो तथा सिरोंज-शमशाबाद-लटेरी-कुरवाई नई रेल लाइन का प्रस्ताव प्रमुख रहा। इसके अलावा मंडी बामोरा और बीना रेलवे स्टेशन के विकास, नरयावली, बरेठ, कल्हार, कुरवाई-कैथौरा, सेमरखेड़ी, महादेवखेड़ी और कंजिया जैसे छोटे स्टेशनों पर सुविधाएं बढ़ाने की मांग की गई। सांसद ने लोकल मेमू और पैसेंजर ट्रेनों के विस्तार, राज्यरानी एक्सप्रेस का नरयावली स्टेशन पर ठहराव देने और इसे उज्जैन तक विस्तारित करने तथा सागर से पुणे के बीच नई ट्रेन चलाने का प्रस्ताव भी रखा।

ग्वालियर-इंदौर रेल मार्ग के दोहरीकरण का मुद्दा उठा

राजगढ़ के सांसद रोडमल नागर ने ग्वालियर से इंदौर तक रेल मार्ग के दोहरीकरण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इससे करीब 150 किलोमीटर की दूरी कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही ट्रेनों की गति बढ़ाने और इस मार्ग पर नई रेल सेवाएं शुरू करने की संभावनाएं भी मजबूत होंगी। उन्होंने बताया कि रामगंज मंडी से भोपाल तक नई रेल लाइन का काम वर्ष 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है।

भोपाल से धार्मिक शहरों के लिए सीधी ट्रेन की मांग

राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल ने बैठक में भोपाल से अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इन धार्मिक और महत्वपूर्ण शहरों के लिए ऐसी ट्रेनें चलाई जानी चाहिए, जो रास्ते के छोटे-बड़े स्टेशनों पर भी ठहराव दें, ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। अग्रवाल ने बताया कि रेलवे बोर्ड को इन प्रस्तावों से अवगत कराया है और पश्चिम मध्य रेलवे जल्द ही संबंधित प्रस्ताव बोर्ड को भेजेगा।

भोपाल स्टेशन पर उज्जैन के आयोजन को ध्यान में रखकर तैयारी

महाप्रबंधक ने बताया कि भोपाल रेलवे स्टेशन का विकास आगामी उज्जैन के बड़े धार्मिक आयोजन को ध्यान में रखते हुए क्राउड मैनेजमेंट की योजना के तहत किया जा रहा है। स्टेशन के दोनों ओर यात्रियों के लिए अतिरिक्त होल्डिंग एरिया विकसित किए जा रहे हैं। नए टिकट काउंटर भी खोले जाएंगे, ताकि भीड़ में यात्रियों को परेशानी न हो।

अमृत भारत स्टेशन योजना और कवच पर भी काम हुआ तेज

महाप्रबंधक ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दो-तिहाई से अधिक स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष स्टेशनों पर काम जारी है। सुरक्षा के लिहाज से भोपाल मंडल में कवच प्रणाली लगाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। बीना से भोपाल के बीच ऑटोमेटिक सिग्नलिंग और कवच प्रणाली का कार्य अगले छह महीने में पूरा करने का लक्ष्य है।

भोपाल-बीना चौथी लाइन का काम तीन चार साल में होगा पूरा

पमरे के महाप्रबंधक ने बताया कि बीना से इटारसी के बीच चौथी रेल लाइन का काम चल रहा है। भोपाल से बीना के बीच चौथी लाइन के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस परियोजना को अगले तीन से चार वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है।

800 से ज्यादा कचरा वाहन के थमे पहिए, 14 हजार कर्मचारियों की हड़ताल से लगे कूड़े के ढेर

दीपावली पर राजधानी 'कचराई' सड़कों पर फैला 900 टन कचरा

शहर में वार्ड स्तर पर नहीं पहुंचा एक भी सफाईकर्मी, लोग कचरा-बदबू से त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल ने एक दिन शहर की तस्वीर बदल दी है। वार्ड स्तर पर सफाई कर्मचारियों के नहीं पहुंचने और आठ सौ कचरा वाहनों के पहिए थमने से शहर की सड़कों पर करीब नौ सौ टन कचरा फैल गया है। बाजारों में हालात ज्यादा खराब नजर आ रही है।

शहर के न्यू मार्केट, चौक बाजार, बिट्टन मार्केट, एमपी नगर, नवबहार सब्जी मंडी, बैरागढ़ और पटाखा बाजार समेत प्रमुख बाजारों, सड़कों और चौक-चौराहों में सुबह से ही कचरे के ढेर नजर आए। कॉलोनियों, बस्तियों और मोहल्लों में भी सफाई नहीं हुई और न ही डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन हुआ। शहर में रोजाना करीब 850 मीट्रिक टन कचरा निकलता है, जबकि दिवाली के दौरान यह मात्रा 950 से एक हजार मीट्रिक टन तक पहुंच जाती है। सफाई बंद रहने से बुधवार को 900 मीट्रिक टन से ज्यादा कचरा सड़कों, बाजारों और रहवासी इलाकों में पसरा नजर आया। महापौर मालती राय का कहना है कि सफाई कर्मचारियों की हड़ताल सिर्फ भोपाल में नहीं हो रही यह प्रदेशव्यापी है। हम भोपाल में स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहे हैं। इस बारे में मैं और कुछ नहीं कह सकती।

बाजारों में हालात ज्यादा खराब जगह-जगह बिखरा पड़ा कचरा | कॉलोनियों, बस्तियों व मोहल्लों में भी कचरा वाहन नहीं पहुंचे

कचरा कलेक्शन सेंटर्स पर नारेबाजी कर लौटे सफाई कर्मचारी



सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण न्यू मार्केट में फैला कचरा।

हड़ताल को लेकर शहर के वार्ड दफ्तरों में कर्मचारी नहीं पहुंचे। कुछ कर्मचारी कचरा ट्रांसफर स्टेशनों पर प्रदर्शन और नारेबाजी के बाद लौट गए। नतीजा यह हुआ कि ट्रांसफर स्टेशनों से कचरा उठाने के लिए वाहन ही नहीं निकल सके।



कचरा सेंटरों पर खड़े निगम के वाहन।

दूसरे दिन बिगड़ेंगे ज्यादा हालात

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल ने एक दिन में शहर की हालात खराब कर दी है। हड़ताल लंबी खिंचने के बाद त्यौहार के दौरान हालात और बिगड़ सकते हैं। ऐसे में कर्मचारियों की वापसी का इंतजार करने के बजाय वैकल्पिक सफाई व्यवस्था करना पड़ेगी।

बाजारों में दुकानदारों को खुद करना पड़ी साफ-सफाई

रात की सफाई नहीं होने से बुधवार सुबह बाजारों में व्यापारियों ने दुकानों के सामने खुद झाड़ू लगाई। एमपी नगर के व्यापारी अनुपम सोनी ने बताया कि त्योहार के समय बाजार में पहले ही भीड़ और कचरा ज्यादा है। सुबह से सफाई नहीं हुई। ग्राहक भी गंदगी देखकर परेशान हुए।



चर्चा बेनतीजा, हड़ताल जारी रहेगी

नगरीय प्रशासन विभाग के साथ हुई चर्चा बेनतीजा रही। विभाग ने सफाई कर्मचारियों की मांगों को मानने से इनकार कर दिया है। ऐसे में भोपाल सहित प्रदेशभर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी रहेगी। कर्मचारी संगठन अब अपनी मांगों को लेकर सीधे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बातचीत करेंगे।

मदन लाल झांझोट, प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन

गोविंदपुरा पुलिस और नारकोटिस ब्यूरो की संयुक्त कार्रवाई

बस से चरस की तस्करी करते युवक गिरफ्तार, 30 लाख की चरस मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गोविंदपुरा पुलिस और नारकोटिस ब्यूरो ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक किलो चरस बरामद की है। बरामद चरस की कीमत 30 लाख रुपए बताई जा रही है। तस्कर उक्त चरस दिल्ली से बैंगलुरु बस के माध्यम से लेकर जा रहा था। नारकोटिस और गोविंदपुरा पुलिस को मिले इनपुट के आधार पर गोविंदपुरा थाने के सामने बस को रोका गया।

संदिग्ध यात्री की तलाशी लेने पर उक्त चरस मिली। नारकोटिस ब्यूरों ने तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

तस्कर युवक बस में दिल्ली से बैंगलुरु लेकर जा रहा था चरस

गोविंदपुरा थाने के सामने बस को रोका गया, आरोपी को किया गिरफ्तार





केरल निवासी आरोपी फैजान व जब्त चरस।

बसों की लगातार चेकिंग कर रही गोविंदपुरा थाना पुलिस

थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि गोविंदपुरा पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त टीम द्वारा बस में सफर कर रहे एक युवक को करीब एक किलो चरस के साथ पकड़ा है। बरामद चरस की अनुमानित कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 30 लाख रुपए है। तोमर ने बताया कि पूर्व में बसों के माध्यम से से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में डीआरआई द्वारा की गई कार्रवाई के बाद गोविंदपुरा पुलिस द्वारा लगातार बसों की चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम बुधवार को सूचना मिली कि दिल्ली से हैदराबाद जा रही बस में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। गोविंदपुरा पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त टीम ने दिल्ली से से हैदराबाद जा रही बस को थाना गोविंदपुरा के पास रोका और यात्रियों के सामान की चेकिंग की गई। एक युवक के सामान की तलाशी में उसके पास से एक किलो चरस मिली। आरोपी तस्कर की पहचान केरल निवासी 27 साल फैजान के रूप में की गई। टीम उससे चरस के बारे में पूछताछ कर रही है।

बंदी गृह, कंप्यूटर सेक्शन, रिकॉर्ड सेक्शन का किया भ्रमण

तंजानिया के न्यायाधीश जिला न्यायालय की हाईटेक सुविधाओं से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्वी अफ्रीका के देश तंजानिया न्यायाधीशों के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को जिला न्यायालय परिसर पहुंचकर न्यायिक प्रणाली का अवलोकन किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला न्यायाधीश हिमांशु कौशल ने अतिथि न्यायाधीशों का स्वागत कर उन्हें जिला न्यायालय परिसर में स्थापित कोर्ट रूम, अभियोजन कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्यालय, बंदी गृह, कंप्यूटर सेक्शन,कापिंग सेक्शन, रिकॉर्ड सेक्शन और मालखाना सेक्शन तथा के पंजीयन के लिए बनाए गए सेन्ट्रल रजिस्ट्रेशन काउंटर के साथ ही न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों के वर्तमान विवरण (स्टेटस) को टीवी के डिस्प्ले स्क्रीन पर दिखाए जाने की सुविधाओं से रूबरू कराया।



जिला न्यायालय में तंजानिया के न्यायाधीशों का प्रतिनिधिमंडल।

आधुनिक सुविधाओं की सराहना की

तंजानिया न्यायाधीशों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला न्यायालय परिसर में स्थित हाईटेक सुविधाओं को सराहते हुए इसकी प्रशंसा की। इस प्रतिनिधिमंडल में पूर्वी अफ्रीका के देश तंजानिया के विभिन्न जिला न्यायालय के न्यायाधीश शामिल थे। इस मौके पर जिला विधिक सहायता अधिकारी मुहम्मद जीलानी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मीडिया प्रभारी खालिद हफीज एडवोकेट, मंत्रालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय गुप्ता एडवोकेट एवं जिला नाजिर हरीश सबनानी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

डिटर्जेंट वाला दूध पुणे लेबोरेटरी में निकला अमानक, लैब की रिपोर्ट में आया अंतर

तीन महीने पहले राज्य लेबोरेटरी में हुई थी दूध में डिटर्जेंट की पुष्टि, बताया था अनसेफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्यामपुर क्षेत्र से भोपाल आ रहे दूध में डिटर्जेंट मिलने की पुष्टि होने के बाद पुणे की रेफरल फूड लेबोरेटरी ने उसी सैंपल को अनसेफ की जगह अवमानक माना है। ऐसे में इस जांच रिपोर्ट के आधार पर अब दूध को अवमानक मानकर केस चलाया जाएगा। जिसके तहत सिविल कोर्ट की जगह अब केस एडीएम कोर्ट में ही चलेगा।

तीन महीने पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सेंट्रल लाइब्रेरी मंगलवारा में नन्हे चाचा दूध डेयरी सेंटर से मिक्स दूध का सैंपल लेकर जांच कराई थी, जिसमें राज्य लेबोरेटरी की रिपोर्ट में सैंपल असुरक्षित मिला था। इसके बाद नमूना रेफरल खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। जहां वह अमानक घोषित किया गया।



सैंपल लेते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी।

खाद्य विभाग टीम ने मिठाई व मावा, नमकीन के लिए सैंपल

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि दिवाली को देखते हुए बुधवार को टीमों ने जय राम मलाई वाले बैरागढ़ से चमचम मिठाई, वर्षा स्वीट्स बैरागढ़ से मलाई टिकिया, कुंदन नमकीन काली परेड से नमकीन, बीकानेर मिष्ठान भंडार करोंद से मावा और मावा से बनीं मिठाइयों के सैंपल लिए हैं। इधर दूसरी टीम ने राजस्थान मिष्ठान भंडार शाहजहांनाबाद से खुरमे, मठरी, मलाई चाप, सुंदरम डेयरी करोंद पनीर, कुबेर डेयरी से छेना टोस्ट, नमकीन, बेसन लड्डू, घी और कुणाल डेयरी करोंद से मावा, पनीर, सूजी लड्डू और खुरमे के सैंपल लिए गए हैं।

पंजाब डेयरी का पनीर, बॉम्बे डेयरी का घी निकला अमानक

पंजाब डेयरी न्यू मार्केट से पनीर के नमूने की जांच रिपोर्ट में मिल गई है, जिसमें पनीर अमानक पाया गया। इसी तरह न्यू आजाद मार्केट ग्राम जगदीशपुर स्थित बांबे डेयरी हाउस का लूज घी भी अवमानक निकला है। जिसके आधार पर प्रोपराइटर फैज अमान और युसरा रहमान के खिलाफ केस दर्ज कर एडीएम कोर्ट में पेश कर दिया गया है।-

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने दिए निर्देश, 9 नवंबर को मनाया जाएगा गोवर्धन पूजा पर्व, कार्यक्रमों का किया जाएगा सीधा प्रसारण

गोवर्धन पूजा पर भोपाल में होगा भव्य आयोजन, बैलगाड़ी दौड़, गोपालक होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 9 नवम्बर को प्रदेश भर में गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसी दिन भोपाल में भव्य आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले की सभी गो-शालाओं में गोपूजन किया जाए एवं गाय के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक महत्व के आयोजन किए जाएं। गो-शालाओं में टीवी स्क्रीन लगाकर भोपाल में होने वाले कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण गोपालकों और किसानों को दिखाएं। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के 6 विजेताओं को पुरस्कार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन पूजा के माध्यम से प्रदेश में पशुपालकों को सरकार की ओर से दिए जा रहे प्रोत्साहन, अनुदान एवं तकनीकी सहायता का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, साथ ही पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाए। गोवर्धन पूजा के दिन बैलगाड़ी प्रतियोगिता भी कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता के वृंदावन ग्राम के विजेता पशुपालकों को निकट की गौशाला में बुलाकर उन्हें शाल, श्रीफल, पगड़ी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाए।

गो-शालाओं में होंगे आयोजन किया जाएगा गो पूजन

पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाएगा

धनतेरस के दिन अपने जिले में शत-प्रतिशत रजिस्ट्री कराएं कलेक्टर



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्लाट और मकान के कच्चे पट्टे धारकों की पक्की रजिस्ट्री कराकर उन्हें निःशुल्क देने का अभियान चल रहा है। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टर्स से कहा कि वे धनतेरस के दिन अपने जिले के अधिक से अधिक गांव में मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना (स्वामित्व रजिस्ट्री) की शत-प्रतिशत रजिस्ट्री कराने के लिए स्थानीय सांसद, विधायक के साथ जाएं और शत-प्रतिशत रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में रजिस्ट्री कराने में जिन पटवारियों एवं तहसीलदारों ने उल्लेखनीय कार्य किया है, उन्हें 26 जनवरी को सम्मानित किया जाए। उनके काम का रिकार्ड रखा जाए और यह बड़ी उपलब्धि उनकी सर्विस बुक में भी इंद्राज की जाए।

सचिव बोले-प्रदेश में खाद वितरण में कोई परेशानी नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह किसानों के लिए खेती-किसानी के काम और खाद-उर्वरक की जरूरत का वक्त है। किसी भी जिले में किसानों को खाद-उर्वरक की आवश्यकतानुसार आपूर्ति में कोई कठिनाई न होने पाए। यदि किसानों को कठिनाई हुई तो इसके लिए कलेक्टर जिम्मेदार माने जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए कलेक्टर से लेकर कृषि एवं विपणन विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी अलर्टमोड पर रहें और किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार खाद-उर्वरक का वितरण कराएं। बैठक में सचिव कृषि ने बताया कि प्रदेश में खाद आपूर्ति में कोई परेशानी नहीं है। बैठक में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव गृह संजय कुमार शुक्ल, अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला, अपर मुख्य सचिव सह कृषि उत्पादन आयुक्त केसी गुप्ता, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह, प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय श्रीमती सोनाली वायंगणकर, एडीजी (इंटेलिजेंस) अंशुमन यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

भोपाल
गुरुवार, 5 नवंबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-11
वर्ष : 13, अंक : 216
पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 30
न्यून. 17

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा बोले- बांटने वाले हारे, जोड़ने वाले जीते

ट्रंप ने कहा-मैं बैलेट पर नहीं था... और ईरान जंग के फैसले से हारा

भारत को मिल सकती हैं यह बड़ी राहतें

1. *व्यापार और टैरिफ में ढील*
2. *एच-1बी वीजा पर नरमी के आसार*
3. *रूस से तेल और रक्षा संबंध सरल होंगे*
4. *भारत की विदेश नीति प्रखर होगी*

अमेरिका में 'डेमोक्रेट्स' की सुनामी...'रिपब्लिकन' को सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में चित किया, ट्रंप के अधिकार सीमित

बेकाबू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रहारों से कराह रही दुनिया ने ली चैन की सांस

ट्रंप...अब...'डंप'

अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को बड़ा झटका लगा है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स (प्रतिनिधि सभा) दोनों में बहुमत हासिल कर लिया है



टेक्सास राज्य में डेमोक्रेट्स की जीत का जश्न

मिडटर्म इलेक्शन
84 साल में सबसे बड़ी हार

सेंट्रल डेस्क रिसर्च टीम ⏭ भोपाल

व्हाइट हाउस अधिकारियों ने माना कि राष्ट्रपति ट्रंप और रिपब्लिकन उम्मीदवारों के बीच संबंध पूरी तरह टूट चुके थे। चुनाव के सबसे महत्वपूर्ण आखिरी हफ्तों में एकजुट होने के बजाए, ट्रंप ने अपनी ही पार्टी के नेताओं पर हमले किए। उन्होंने टेक्सास के रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट को 'रिनो' (केवल नाम का रिपब्लिकन) कहा। ईरान के साथ खिंचा हुआ सैन्य संघर्ष इस अभियान के लिए तबाही की घंटी साबित हुआ। इस युद्ध ने मतदाताओं को डराया।

टकर कार्लसन जैसे सहयोगियों ने भी प्रशासन के इस युद्ध वाले रुख का सार्वजनिक विरोध किया। ट्रंप को लगा था कि उनकी व्यक्तिगत लोकप्रियता और रैलियों में आने वाली भारी भीड़ निचले स्तर के रिपब्लिकन उम्मीदवारों को आसानी से जीता देगी। उन्होंने खुद माना कि वह हैरान हैं कि उनकी व्यक्तिगत स्टार पावर वोटों में तब्दील नहीं हो सकी। सड़कों पर आम अमेरिकी नागरिक 3.7% की लगातार बनी हुई महंगाई और तेल की अत्यधिक कीमतों से बेहाल था। ट्रंप द्वारा विशेष रूप से चुने गए और समर्थित हाई-प्रोफाइल उम्मीदवार गहरी लाल (रिपब्लिकन) सीटों पर भी औंधे मुंह गिर गए। ट्रंप के सबसे करीबी माने जाने वाले अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन को डेमोक्रेट जेम्स टालारिको के हाथों करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। लिंडसे ग्राहम की मृत्यु के बाद उनकी बहन डालिंन ग्राहम भी ट्रंप के समर्थन के बावजूद चुनाव हार गईं। इस चुनाव में ट्रंप के काम करने के तरीके और प्रशासन में कथित भ्रष्टाचार को लेकर जनता में भारी असंतोष था। लगभग 70% अमेरिकी मतदाताओं ने यह साफ किया कि वे कांग्रेस (संसद) में डेमोक्रेट्स को इसलिए जिताना चाहते हैं ताकि राष्ट्रपति की शक्तियों पर लगाम लगाई जा सके, जिसके ⏭ शेष पेज 8 पर

पैसा और सुपर पावर भी नहीं जिता सका

2026 के चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी और उनके सुपर पीएसीएस के पास भारी फंड था। अकेले एलन मस्क जैसे दानदाताओं ने रिपब्लिकन अभियानों में सैकड़ों मिलियन डॉलर झोंके थे। जहां रिपब्लिकन मुख्य रूप से अरबपतियों के असीमित पैसे पर निर्भर थे, वहीं डेमोक्रेट्स ने रिपोर्ट के अनुसार अपने अभियान को लाखों आम लोगों के छोटे चंदों से खड़ा किया। डेमोक्रेट उम्मीदवारों ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वियों के भारी फंड को उनके खिलाफ ही हथियार बना दिया। टेक्सास सीनेट रेस में जेम्स ⏭ शेष पेज 8 पर

हमला हुआ तो पहले से कड़ा जवाब देंगे: खामेनेई



ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि ईरान पर दोबारा सैन्य हमला हुआ तो पहले से कहीं कड़ा जवाब दिया जाएगा। अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी की हार के बाद उन्होंने कहा कि अमेरिकी नीति में बदलाव की उम्मीद करने वाले गलतफहमी न पालें।

इतिहास बदलने वाला कैंडिडेट सिलेक्शन

डेमोक्रेट्स ने इस बार ऐसे चेहरों को चुनावी मैदान में उतारा, जिन्होंने इतिहास रचते हुए उदासीन पड़े वोटरों (जैसे युवाओं और अल्पसंख्यकों) में नया जोश भर दिया। जॉर्जिया में केशा लांस बॉटम्स अमेरिका के इतिहास की पहली अश्वेत महिला गवर्नर बनीं। मिशिगन में अब्दुल अल-सईद अमेरिका के इतिहास के पहले मुस्लिम सीनेटर चुने गए। कंसास में एडम हैमिल्टन ने 1932 (मंदी के दौर) के बाद पहली बार डेमोक्रेट के रूप में सीनेट सीट जीती। इन ऐतिहासिक चेहरों के कारण मतदान का प्रतिशत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

टेक्सास में ऐतिहासिक पतन

रिपब्लिकन पार्टी का सबसे मजबूत किला माना जाने वाला टेक्सास पूरी तरह ढह गया। डेमोक्रेट जीना हिनोजोसा ने इतिहास रचते हुए दिग्गज रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट को हरा दिया। यह पिछले 30 से अधिक वर्षों में टेक्सास में डेमोक्रेट्स की पहली बड़ी जीत है, जिसने रिपब्लिकन की चुनावी रणनीति की धज्जियां उड़ा दीं। ⏭ पढ़ें पेज 10 भी

युवा और हिस्पैनिक मतदाता छिटक गए

2024 के चुनाव में जो युवा और हिस्पैनिक (लैटिन अमेरिकी) मतदाता रिपब्लिकन पार्टी की तरफ झुके थे, वे इस बार वापस बड़े पैमाने पर डेमोक्रेट्स की तरफ लौट गए। 30 साल से कम उम्र के 70% युवाओं और लगभग ⏭ शेष पेज 8 पर



प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेट्स को 228 सीटें

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों पर चुनाव हुए। इनमें डेमोक्रेटिक पार्टी ने 228 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया, जबकि रिपब्लिकन पार्टी को 139 सीटें मिलीं

सीनेट की कुल 100 सीटों में से 35 पर चुनाव हुए। अब तक 33 सीटों के नतीजे घोषित हुए हैं। इनमें डेमोक्रेट्स ने 20 और रिपब्लिकन ने 13 सीटें जीती हैं

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

बढ़ी महंगाई, अमूल घी 50 रुपए महंगा

नई दिल्ली। दीवाली से पहले अमूल ने ग्राहकों को महंगाई का झटका दिया है। कंपनी ने घी और मक्खन की कीमतों में बढ़ोतरी की है। अब अमूल के एक किलो घी का कार्टन 50 रुपए महंगा हो गया है, जबकि 500 ग्राम मक्खन के पैक की कीमत 15 रुपए बढ़ाई गई है। गुजरात और राजस्थान में ब्रांडेड घी की बढ़ती मांग को कीमतों में बढ़ोतरी की प्रमुख वजह माना जा रहा है। डेयरी उत्पादों की मांग बढ़ने और गुजरात के कुछ क्षेत्रों में घी की कम उपलब्धता के बीच यह फैसला लिया गया है।



शरद पवार फिर भर्ती पीएम ने हालचाल जाना

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार की तबीयत फिर बिगड़ गई है। पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक से छुट्टी मिलने के कुछ ही समय बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि 85 वर्षीय पवार को आगे की जांच के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। बुधवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन कर उनका हालचाल भी जाना।





पदयात्रा में उमड़ी भीड़

भोपाल के टीटी नगर क्षेत्र में भाजपा ने निकाली 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा, नड्डा बोले

कांग्रेस जीते तो ये 'पहलवान' हारे तो चुनाव आयोग बेईमान





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन द्वारा सोची समझी साजिश के तहत संवैधानिक संस्थानों के प्रति लोगों के विश्वास को अस्थिर कर देश को अस्थिर करने का प्रयास किया जा है

'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' संकल्प को लेकर भाजपा द्वारा बुधवार को भोपाल के अटल पथ पर आयोजित पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने पदयात्रा में सहभागिता कर उमड़े जनसैलाब को संबोधित किया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के अबोध बालक को सलाह देता हूं कि वह ईवीएम की चिंता छोड़कर आत्मचिंतन करें। कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन द्वारा सोची ⏭ शेष पेज 8 पर

कांग्रेस के अबोध बालक ईवीएम की चिंता छोड़ आत्मचिंतन करें



खुले वाहन में दिग्गज

- *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल हुए शामिल*
- *सीएम ने कहा-अभी बड़े शहरों में पदयात्राएं निकाली जा रही हैं। आने वाले दिनों में जिलों में पदयात्राएं निकाली जाएंगी*

राहुल को जनता माफ नहीं करेगी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं का बार-बार मजाक बनाने वाले, चुनाव आयोग को अपने जेब की पुड़िया समझने वाले लोग आज सर्वोच्च न्यायालय और निर्वाचन आयोग पर सवाल खड़े कर रहे हैं। न्यायालय ने जब-जब कांग्रेस के खिलाफ निर्णय दिया, कांग्रेस ने न्यायपालिका ⏭ शेष पेज 8 पर

शहडोल: ब्यौहारी के तगावर गांव की घटना

सोते समय 15 वर्षीय किशोरी को गांव से उठा ले गया तेंदुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहडोल

जिले में जंगली जानवरों का आतंक एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। ब्यौहारी थाना क्षेत्र के तगावर गांव के बिजाहरा टोला में तड़के घर की परछी में सो रही 15 वर्षीय किशोरी को तेंदुआ उठाकर ले गया। कुछ देर बाद घर से करीब 300 मीटर दूर झाड़ियों में उसका क्षत-विक्षत शव मिला।



300 मीटर दूर मिला क्षत-विक्षत शव

सरस्वती सिंह गोंड अपनी बहन के साथ घर की परछी में सो रही थी, जबकि मां अंदर कमरे में थी। घर में दरवाजा नहीं ⏭ शेष पेज 8 पर

मैं स्वयं आपातकाल का भुक्तभोगी

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि आजकल राहुल गांधी और कांग्रेस लोकतंत्र के रक्षक बनने का नाटक कर रहे हैं। वे किस मुंह से लोकतंत्र की रक्षा करने की बात कर रहे हैं? देश जानता है कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने 1 लाख 30 हजार लोगों को मीसा और टीआईआर के तहत बगैर किसी दलील के 22 माह के लिए जेल में डाला था। जितना अंग्रेजों ने लोगों को जेल में नहीं डाला उससे कहीं ज्यादा कांग्रेस ने केवल 22 माह में लोगों के साथ अन्याय किया। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं भी आपातकाल का भुक्तभोगी हूं। मुझे कांग्रेस सरकार में दो बार क्लासरूम से पकड़कर पुलिस ले गई थी।

पीएम मोदी कहीं नहीं जाने वाले

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी चुनावों में मिलने वाली हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ने की बजाए जनता के दिलों में जगह बनाना सीखें। कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दल कितने भी षड्यंत्र करें, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी कहीं नहीं जाने वाले हैं। हम सब लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-2047 देखने वाले हैं। कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के लोग अवैध घुसपैठियों को अपना वोटबैंक बनाने का कार्य कर रही हैं, इसलिए इन दलों को एसआईआर से समस्या हो रही है। ⏭ पढ़ें पेज 02 भी



KOTHARI
MISSION
SUPER FINE VEST
Kothari Hosiery Factory Private Limited
29, Strand Road, Mohta House 2nd Floor
Kolkata 700001, P 84208 26999
www.kotharihosiery.com

अटल पथ पर भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा में खंडेलवाल का कांग्रेस पर आरोप

आजादी के बाद 12 से ज्यादा बार हो चुकी एसआईआर कांग्रेस शासन में 10 से ज्यादा बार, तो फिर आपत्ति क्यों?

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस और राहुल गांधी मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर सवाल उठा रहे हैं, जबकि यह प्रक्रिया आजादी के बाद 12 बार हो चुकी है, जिनमें से 10 बार कांग्रेस के शासनकाल में हुई थी। भाजपा के शासनकाल में सिर्फ दो बार हुई है। अगर एसआईआर सही नहीं तो कांग्रेस के शासन में 10 बार क्यों होती।

यह बात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने भाजपा की लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा को संबोधित करते हुए कही। लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' संकल्प को लेकर भाजपा भोपाल के अटल पथ पर आयोजित पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, सीएम, प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर्य ने सहभागिता कर एक लाख से अधिक जनसैलाब को संबोधित किया।

राहुल गांधी की राजनीति ही इस पर आधारित है कि आरोप लगाओ और भाग जाओ



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि एसआईआर पर सवाल उठाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं को निशाना बनाने वाली कांग्रेस ने आरोपों के समर्थन में आज तक कोई सबूत नहीं दिए हैं। राहुल गांधी की राजनीति ही इस पर आधारित है कि आरोप लगाओ और भाग जाओ। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष देश में अराजकता फैलाने और पूरी दुनिया में भारत के लोकतंत्र की प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिन्ह लगाने का प्रयास कर रहा है।

यह भी रहे मौजूद

संसदीय बोर्ड के सदस्य सत्यनारायण जटिया, राष्ट्रीय प्रकोष्ठ संकुल संयोजक व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री कारण सिंह वर्मा, विश्वास सारंग, चैतन्य काश्यप, मंत्री कृष्णा गौर, नरेंद्र शिवाजी पटेल, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुराम चौधरी, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का षड्यंत्र

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करती है। चुनौतियों को अवसर में बदलना भाजपा के कार्यकर्ताओं को आता है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की षड्यंकारी राजनीति को देश की जनता समझने लगी है और यही कारण है कि देश की जनता कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों को सबक सिखा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों की षड्यंत्र की दुकान बंद होती जा रही है। कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दल अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए लगातार षड्यंत्र कर रहे हैं।

यातायात हुआ प्रभावित, 700 से अधिक पुलिसकर्मी रहे तैनात

पदयात्रा में आए बड़ी संख्या के चलते आसपास के क्षेत्र में यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। हालांकि कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए 700 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे, इसके बावजूद लोगों को जाम और रास्ता बंद होने की परेशानी से जूझना पड़ा। अटल पथ से रोशनपुरा, कांग्रेस कार्यालय से न्यू मार्केट आने-जाने वाला मार्ग, न्यू मार्केट से मैनिट चौराहे की ओर जाने वाली सड़क और डिपो चौराहा से मैनिट चौराहे की ओर आने वाला रास्ता भी शामिल रहा। दोपहर 12:50 बजे शुरू हुई यात्रा 1:10 बजे रोशनपुरा चौराहे पर समाप्त हो गई, लेकिन इसके बाद भी यातायात सामान्य नहीं हो सका।

कार्यकर्ताओं का हुजूम, युवाओं का उत्साह नजर आया

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और सीएम मोहन यादव ने झंडा लहराकर यात्रा की शुरुआत की। पदयात्रा के दौरान सड़क पर कार्यकर्ताओं का हुजूम नजर आया। इस दौरान यात्रा में शामिल युवा राम जी की निकली सवारी गीत पर तिरंगा लेकर नाचते नजर आए। पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं, जिसमें मुस्लिम महिलाएं भी शामिल रहीं। वहीं थर्ड जेंडर समुदाय, कॉलेज विद्यार्थी भी पदयात्रा में शामिल हुए।

सप्रे पर निर्णय के लिए सिंघार ने एससी के प्रति व्यक्त किया आभार

भोपाल। विस में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बीना सीट से विधायक निर्मला सप्रे के दल-बदल मामले में विस अध्यक्ष को दो महीने के भीतर निर्णय लेने का स्पष्ट आदेश देने के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार व्यक्त किया है।

- विस अध्यक्ष से न्यायसंगत, संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप निर्णय की अपेक्षा

सिंघार ने ही सप्रे की सदस्यता समाप्त करने के लिए पहले हाईकोर्ट और इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सिंघार ने कहा कि बीना से कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित विधायक निर्मला सप्रे के दल-बदल मामले में सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादाओं के महत्व को रेखांकित करता है। हम सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक्त करते हैं कि हमारी याचिका पर सुनवाई करते हुए विस अध्यक्ष को दो महीने के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए गए हैं। सिंघार ने कहा कि जनता ने निर्मला सप्रे को कांग्रेस के टिकट पर चुनकर विस भेजा था। जनता के जनादेश के साथ विश्वासघात करने वालों को दल-बदल कानून के तहत जवाबदेह बनाना आवश्यक है। लोकतंत्र में जनता का विश्वास और उसके जनादेश की गरिमा सर्वोपरि है। उन्होंने विश्वास जताया कि विस अध्यक्ष इस मामले में निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पक्ष, न्यायसंगत और संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप निर्णय लेंगे, ताकि लोकतंत्र में जनता के जनादेश की गरिमा और संवैधानिक मर्यादाएं अक्षुण्ण बनी रहें।

प्रतिबंधित पटाखों, कार्बाइड गन और कार्बाइड लैंप के उपयोग पर करें सख्ती

अफसरों को सख्त हिदायतः खाद-उर्वरक की किल्लत हुई तो कलेक्टर्स की होगी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ने कानून व्यवस्था एवं आगामी त्यौहारों की तैयारी के संबंध में सभी कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ की वीडियो कान्फ्रेंसिंग

मप्र में कानून व्यवस्था, त्यौहारों की तैयारियों आदि को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को दोपहर में अचानक वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिए कलेक्टर व पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक की। उन्होंने दीपावली पर सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों को लेकर कलेक्टर, एसपी समेत अन्य अधिकारियों को सख्त हिदायतें दी है। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व और किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखकर पूरा प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर रहे।

सीएम ने सीएम हाउस के समत्व भवन से प्रदेश के सभी कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी लोग दीपावली हर्ष और आनंद से मनाएं, परंतु कहीं भी किसी भी प्रकार का असामाजिक काम न हों। इसके लिए पुलिस और प्रशासन कानून व्यवस्था की व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर लें। उन्होंने कहा कि यह दीपावली और किसानों के लिए महत्वपूर्ण समय है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-उर्वरक या अन्य किसी प्रकार की कठिनाई आई तो इसके लिए कलेक्टर्स जिम्मेदार माने जाएंगे।

खास बातें

- मादक पदार्थों की अवैध खेती और इनके उपयोग पर लगाएं रोक
- धनतेरस के दिन शत-प्रतिशत रजिस्ट्री कराने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ जाएं



कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ की वीडियो कान्फ्रेंसिंग करते सीएम।

जिला स्तरीय समिति की लगातार मीटिंग करें

नशामुक्ति अभियान के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की लगातार मीटिंग करें। अपने जिले के स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेन्टर, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन जैसी जगहों पर विशेष निगरानी रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी अधिकारी अपने जिले के जनजातीय एवं अन्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए बनाए गए छात्रावासों को गोद ले और विद्यार्थियों को गुटखा, तम्बाकू, खैनी जैसे नशे का उपयोग कतई नही करने के लिए प्रेरित करें।

आबकारी विभाग के मदिरा के नमूने भी लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी समय-समय पर मदिरा के नमूने भी लें और यदि उस मदिरा में मानव उपयोग के लिए हानिकारक तत्व पाए जाते हैं तो ऐसे लायसेंसी पर कठोर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति उत्पन्न न हों, इसके लिए कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक और आबकारी अधिकारी मिलकर जिले में एक सुव्यवस्था स्थापित करें।

नशे के विरुद्ध अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र को नशामुक्त प्रदेश बनाने के लिए केन्द्र सरकार के मार्गदर्शन में नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए यह बेहद जरूरी है कि मादक पदार्थ जैसे गांजा, अफीम आदि की अवैध खेती पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। नारकोटिक्स कंट्रोल के लिए नारको नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करें। मादक पदार्थ बनाने वाली लैब्स बंद कराएं। इसके लिए कॉम्बेट टीम बनाकर इसे सक्रिय करें। अपराधियों पर पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई करें। पुलिस और नारकोटिक्स टीम मिलकर सघन चैकिंग चलाएं।

अवैध शराब के विरुद्ध करें कठोर कार्रवाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले के अधिकारियों से कहा कि वे अपने जिले में अवैध शराब के उपयोग, निर्माण और परिवहन पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जहरीली और नकली शराब बनाने वाले स्थानों को चिन्हित करें और ऐसे लोगों पर कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध शराब विक्रय में एजेन्टी, पैकारी और डायरी व्यवस्था जैसे असामाजिक कार्यों को सख्ती से रोका जाएं।

छोटे व्यापारियों को तहबाजारी से छूट दें

सीएम ने सभी कलेक्टर्स-एसपी से कहा कि पर्व के दौरान अवैध प्रतिबंधित पटाखों का उपयोग न होने पाए। मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कार्बाइड गन और कार्बाइड लैंप के उपयोग पर भी अंकुश लगाया जाए। उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान बड़े बाजारों में फल, फूल, दिया-बाती, झालर जैसी दुकानें लगाने वाले छोटे दुकानदारों को तहबाजारी से छूट दी जाए।

व्यापार समझौतों के माध्यम से प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने की बनेगी कार्ययोजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मप्र एक्सपोर्ट एंड एफटीए कॉन्क्लेव का करेंगे शुभारंभ नवाचारों की होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाने और प्रदेश की निर्यात क्षमता का विस्तार करने के उद्देश्य से 5 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में मप्र एक्सपोर्ट एंड एफटीए कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे। मप्र शासन व भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस कॉन्क्लेव में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, निर्यात संवर्धन परिषदों के प्रतिनिधि, उद्योग संगठनों के पदाधिकारी और प्रदेश के प्रमुख निर्यातक शामिल होंगे। कॉन्क्लेव में मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के माध्यम से प्रदेश के निर्यातकों के लिए उपलब्ध नए अवसरों को साझा किया जाएगा और उन्हें अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है।

उद्योगों के निर्यात लक्ष्य और वैश्विक संभावनाओं पर होगी चर्चा

कॉन्क्लेव में आयोजित विशेष पैनल चर्चा में प्रदेश के प्रमुख उद्योग क्षेत्रों के प्रतिनिधि निर्यात विस्तार की संभावनाओं और अपनी आवश्यकताओं पर विचार साझा करेंगे। इसमें वस्त्र एवं परिधान, फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग एवं ऑटो कंपोनेंट्स, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण तथा रसायन उद्योग के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उद्योग प्रतिनिधि वर्ष 2030 तक अपने-अपने क्षेत्रों के संभावित निर्यात लक्ष्य और उन्हें हासिल करने के लिए आवश्यक सहयोग एवं नीतिगत बदलावों के बारे में जानकारी देंगे। इस चर्चा से प्राप्त सुझावों और उद्योगों की आवश्यकताओं को प्रदेश की एफटीए कार्ययोजना में शामिल करने के लिए संकलित किया जाएगा। इससे निर्यात संवर्धन की रणनीति को उद्योगों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप तैयार करने में मदद मिलेगी।

निर्यातकों को वित्तीय सहायता की मिलेगी जानकारी

कॉन्क्लेव में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधि निर्यातकों को उपलब्ध सहायता सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी), कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो), इंडिया पोस्ट, एक्जिम बैंक, कस्टम्स और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) सहित विभिन्न संस्थाओं के सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों पर उद्यमियों को निर्यात संबंधी दस्तावेजी प्रक्रिया, वित्तीय सहायता, निर्यात ऋण बीमा, गुणवत्ता प्रमाणन, लॉजिस्टिक्स और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच से संबंधित मार्गदर्शन मिलेगा।



महत्वपूर्ण गिरफ्तारी में श्रेय लेने की होड़

राजधानी के बहुचर्चित मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के बाद श्रेय लेने ही होड़ लग गई। एक अधिकारी ने खुद की टीम को हीरो बना दिया, जबकि थाना प्रभारी ने आरोपी की गिरफ्तारी में पूरा श्रेय खुद पर ले लिया। आरोपी की लगातार फरारी पुलिस के गले की फांस बन गई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सभी अपने स्तर पर प्रयास कर रहे थे, लेकिन जमीनी स्तर पर काम करने वाली टीम बधाई के पात्र है। इधर, टीम को श्रेय दिए बिना अधिकारी खुद को ही असली हीरो बताने की होड़ में लगे हैं। अधिकारी का कहना है कि थाना प्रभारी पूरी गिरफ्तारी में दूर से दूर तक कहीं नहीं थे, जबकि थाना प्रभारी का भी एक फोटो सामने आया है कि जिसमें वह नजर आए हैं, जिससे यह कहना गलत नहीं है कि आरोपी की गिरफ्तारी में उनका कोई भी सहयोग नहीं है।

थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली से कर्मचारी खुश

राजधानी के एक थाने में हाल ही में आए थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली से थाने के कर्मचारी प्रशन्न नजर आ रहे हैं। दरअसल, थाना प्रभारी ने आते ही इलाके में भ्रमण तेज कर दिया है। भ्रमण के साथ ही साथ अवैध कारोबारों पर भी नकेल कसनी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि थाना क्षेत्र में एक महिला और ढाबा संचालक द्वारा अवैध शराब बेचे जाने की शिकायत मिल रही थी। पुलिस ने उक्त दोनों अवैध कारोबारियों को सचेत कर दिया है कि पुलिस नजर बनाएं रखी है। यदि शराब बेची जाती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी की चेतावनी के बाद ही अवैध शराब कारोबारियों ने कारोबार बंद कर दिया है। इसके विपरित थाना का स्टाफ भी खुश है। स्टाफ का कहना है कि पुराने थाना प्रभारी जानकर उक्त कारोबारियों पर कार्रवाई नहीं कर रहे थे।

थाने के पीछे ही चल रहे अवैध अहाते

राजधानी का एक थाने के पीछे वाइन शॉप के आसपास अवैध अहातों ने नाक में दम कर दिया है। शाम होते ही वाइन शॉप के सामने वाहनों की कतार लग जाती है और चालीस फीट का रोड महज दस फीट का ही बच जाता है। वाइन शॉप के सामने बाउंड्री वॉल के आसपास अवैध रूप से दुकानों का संचालन किया जा रहा है। दुकान सड़क किनारे होने और यहां भी वाहनों के खड़े होने के कारण आने जाने वाले लोगों को शाम से ही जाम की परेशानी होने लगती है। बावजूद इसके पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि समय समय पर कार्रवाई की जाती है। उनके समय समय की कार्रवाई के बाद भी हालत जस के तस बनें हुए है। आसपास रहवासी भी रहते हैं और दो सौ मीटर की दूरी पर विश्वविद्यालय है। इस शराब की दुकान को पूर्व में भी कहीं और शिफ्ट करने की कवायद की गई थी, लेकिन कुछ नहीं हो सका।

प्रकाश भोमरकर

भृगु भार्गव समाज ने किया कर्मचारी नेता पांडे का सम्मान



भोपाल। भगवान परशुराम मंदिर शिवाजी नगर में भृगु भार्गव समाज के प्रदेश महासचिव डॉ अनिल भार्गव ने कर्मचारी नेता अशोक पांडेय का सम्मान किया। इस अवसर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, विशेष अतिथि सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजोरिया, कर्मचारी नेता जितेंद्र सिंह, जितेंद्र शाक्य, नागेश पांडे आदि उपस्थित थे।

कल होगी मतगणना

नप जैरोन खालसा जिला निवाड़ी के अध्यक्ष को पद से वापस बुलाए जाने के लिए हुआ 61.52 प्रतिशत मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के नगर परिषद जैरोन खालसा जिला निवाड़ी के अध्यक्ष को पद से वापस बुलाए जाने के लिए 4 नवंबर को हुए मतदान में 61.52 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना 6 नवंबर को होगी। मतगणना के बाद तय होगा कि जैरोन नगर परिषद में अध्यक्ष की कुर्सी किसे मिलेगी।

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि नगर परिषद जैरोन खालसा जिला निवाडी के आम निर्वाचन वर्ष 2022 में श्रीमती कुसुम पति मातादीन पस्तोर अध्यक्ष निर्वाचित हुई थीं।

नप जैरोन खालसा में कुल 15 वार्ड

नगर परिषद जैरोन खालसा जिला निवाडी में कुल 15 वार्ड है। नगर परिषद जैरोन खालसा जिला निवाडी के 15 वार्डों में निर्वाचित पार्षदों में से 12 पार्षदों ने मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 47 के अंतर्गत नगर परिषद के अध्यक्ष के विरूद्ध अध्यक्ष को पद से वापस बुलाए जाने का प्रस्ताव कलेक्टर निवाड़ी को प्रस्तुत किया था।

8 आईपीएस इधर-उधर, अवधेश पीएसओ के साथ नारकोटिक्स संभालेंगे

डीजीपी के पीएसओ विनीत कपूर भेजे गए साइबर-सामुदायिक पुलिसिंग का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीएचक्यू में पदस्थ 8 आईपीएस अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। डीआईजी विनीत कपूर को डीजीपी के पीएसओ पद से हटाकर साइबर और सामुदायिक पुलिसिंग की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी जगह डीआईजी अवधेश कुमार गोस्वामी को डीजीपी का नया पीएसओ बनाया गया है। इसके साथ ही अवधेश कुमार गोस्वामी को नारकोटिक्स का प्रभार भी सौंपा गया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक नई जिम्मेदारियां दी गई हैं।



डीजीपी के पीएसओ और नारकोटिक्स की जिम्मेदारी बदली

2009 बैच के डीआईजी अवधेश कुमार गोस्वामी को कल्याण एवं लेखा विभाग से हटाकर डीजीपी का पीएसओ बनाया गया है। उन्हें नारकोटिक्स की जिम्मेदारी भी दी गई है। वहीं, 2010 बैच के डीआईजी विनीत कपूर अब साइबर और सामुदायिक पुलिसिंग का काम देखेंगे।

पीटीआरआई, विसबल और कल्याण विभाग में भी बदलाव

2009 बैच के डीआईजी संतोष सिंह गौर को अजाक से पीटीआरआई भेजा गया है। इसी बैच के डीआईजी तुषार कांत विद्यार्थी को पीटीआरआई से विसबल मुख्यालय की जिम्मेदारी दी गई है। 2012 बैच के डीआईजी रघुवंश कुमार सिंह अब कल्याण एवं लेखा विभाग का काम देखेंगे। इससे पहले वे पुलिस मुख्यालय में पदस्थ थे। वहीं 2014 बैच के साईकृष्ण थोटा को पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक साइबर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार पुनीत गहलोद सहायक पुलिस महानिरीक्षक प्रशासन देखेंगे।

निष्ठावान, जुझारू और समर्पित कार्यकर्ताओं को दिया स्थानः भार्गव

प्रदेश कांग्रेस सेवादल की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा:18 जिलों के मुख्य संगठक भी नियुक्त, नियुक्तियों से मिलेगी संगठन को मजबूती

अच्छा कार्य करने वाले जिला मुख्य संगठक कार्यकारिणी में पदोन्नत

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस सेवादल की बुधवार को नई प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, संयुक्त सचिव, प्रशिक्षक और अन्य पदों पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही 18 जिलों के मुख्य संगठकों की नियुक्ति भी की गई है। प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने बताया कि नई कार्यकारिणी में सेवादल के निष्ठावान, जुझारू और समर्पित कार्यकर्ताओं को प्रमुखता से स्थान दिया है। अच्छा कार्य करने वाले जिला मुख्य संगठकों को पदोन्नत कर प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई नियुक्तियों से मध्यप्रदेश में सेवादल संगठन को मजबूती मिलेगी और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों एवं अभियानों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

ये बने प्रदेश सचिव

अशोक बर्मन, अनिल शर्मा उत्साही, रामप्रताप कुशवाहा, महमूद पठान, रामअवतार जोशी, प्रवीण खरे, दीप सिंह सिसोदिया, राजेश लस्करी, जसपाल यादव, नीरज दंडोतिया, देवशरण चौबे, प्रमोद प्रजापति, लक्ष्मीनारायण पाठक, हरीश खटीक, बीके नामदेव, डॉ दिलीप शुक्ला, राम सुमिरन सेन, सूरज पयासी, राम संजीवन गौतम, शिव कुमार नीखरा, पूनम चंद्र सोनकर, अब्दुल वाहिद खान बबलू, राकेश मरकाम, दिलीप तिवारी, वीरेंद्र मिश्रा, संजय शर्मा, देवेंद्र कुमार सोनी, गोविंद मार्गव, रघुनाथ चौरे, देवेंद्र पराशर, श्याम सिंह रघुवंशी, राधा किशन सोलंकी, विमल बाथम, मंगललाल भाटी, रमेशचंद्र विश्वकर्मा व अन्य।

प्रदेश संयुक्त सचिवों की सूची

ब्रज किशोर उपाध्याय, राघवेंद्र सिंह तोमर, कुलदीप जाट, ओमप्रकाश सिकरवार, अनिल भाट, राजू धाकड़, नरेंद्र सोनवर, बृजेश दुबे, रविकांत शर्मा, मेघराज सिंह चौहान, जयदीप तिवारी, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, गणेश प्रजापति, दीपक शर्मा, डॉ आरपी दहिया, श्याम राजोरिया, शिवनाथ नामदेव, मिश्रीलाल गुप्ता, दिनेश तिवारी, मनीष कौरव, गोपाल राव संभारे, रामगोपाल डागोलिया, जितेंद्र चंद्रवंशी, नरेंद्र खंगराले, बृजेश तिवारी, लोकेंद्र जाट, लक्ष्मीनारायण चौधरी, रामेश्वर चौहान, ओमप्रकाश शिवहरे, पंकज बैरागी, मंगल नायक, रविंद्र निखोरिया, रंजीत सिंह तंवर, रामचंद्र शर्मा, कैलाश मिश्रा, मनीष गोमे, प्रदीप रजक, नितेश सुराना, शाहिद खान, देवकरण पाटीदार, चंपालाल मीणा, उमेश यादव, कमल गुर्जर, आकाश चंद्रवंशी, देवेंद्र वाघ, राम कन्हैया अहिरवार, बारेलाल खटीक, सुभाष यादव, सुगनचंद्र पोरवाल, शैलेंद्र पटेल, आनंद सक्सेना, राकेश सरवैया और निखिल तिवारी।

कार्यकारिणी में इनको मिली जिम्मेदारी

प्रदेश उपाध्यक्ष : अरुण रोचवानी, राजा चौकसे, हरिशंकर राय और भोला कांति। कोषाध्यक्ष : रवि गोयल। प्रदेश महासचिव : ओम सिलावट, विजय साहू, पूरन कुशवाहा, गोविंद व्यास, झल्लेलाल जैन और अजय नागेश्वर। प्रदेश ध्वज प्रभारी : मोइनुद्दीन सिद्दीकी। प्रदेश मुख्य प्रशिक्षक : जगदीश ललावत। प्रदेश प्रशिक्षक : परमपुरी गोस्वामी, हमीद उस्मानी, केएल गोसर, विश्वनाथ मेवाड़ा, दिनेश झाड़, राकेश चक्रवर्ती, पुष्पेंद्र तोमर और आयूब लाला। मीडिया संयोजक : मुकेश ठाकुर। सह-मीडिया संयोजक : किशोर धुलधोये। संचार संयोजक : लुकमान अली। सह-संचार संयोजक : विजय जोहरी।

ग्रामीणों को मिल रहा बैंक ऋण, वित्तीय सुविधाओं का लाभ लेना हुआ सुगम

स्वामित्व योजना के तहत 15 लाख 98 हजार से अधिक रजिस्ट्रियां पूर्ण प्रत्येक दिन एक लाख रजिस्ट्रियां, ग्रामीणों की बढ़ेगी आर्थिक सशक्तता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में ग्रामीण परिवारों को उनकी आवासीय भूमि और मकानों का वैधानिक अधिकार प्रदान करने के उद्देश्य से स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रदेश में योजना के तहत अब तक 15 लाख 98 हजार 46 रजिस्ट्रियां पूर्ण की जा चुकी हैं। योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों को उनकी संपत्ति का वैधानिक अधिकार अभिलेख प्राप्त हो रहा है। इस दस्तावेज के आधार पर ग्रामीण अपनी संपत्ति पर बैंक ऋण सहित अन्य वित्तीय सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इससे ग्रामीणों की आर्थिक सशक्तता को भी बढ़ावा मिलेगा।

ग्रामीण परिवारों को प्राप्त हो रहा संपत्ति का वैधानिक अधिकार अभिलेख



'सारा' ऐप और 'संपदा 2.0' जैसी डिजिटल तकनीकों का उपयोग

योजना के तहत ग्रामीण आबादी भूमि पर स्थित पात्र मकानों एवं भूखंडों का पंजीयन निशुल्क किया जा रहा है। पंजीयन एवं सत्यापन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए 'सारा' ऐप और 'संपदा 2.0' जैसी डिजिटल तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इनके माध्यम से संपत्ति संबंधी अभिलेखों का संधारण, मौके पर सत्यापन एवं पंजीयन की प्रक्रिया सुव्यवस्थित हुई है। इससे ग्रामीणों को संपत्ति संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने के साथ भूमि संबंधी विवादों में कमी लाने में भी मदद मिल रही है।

सभी 55 जिलों में जारी है रजिस्ट्रियों का पंजीयन

प्रदेश के सभी 55 जिलों में स्वामित्व योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रियों के पंजीयन का कार्य निरंतर जारी है। छिंदवाड़ा जिले में सर्वाधिक 74 हजार 002 रजिस्ट्रियां पूर्ण की गई हैं। राजगढ़ में 64 हजार 880, उज्जैन में 62 हजार 244, सागर में 56 हजार 143, सिवनी में 55 हजार 910, छतरपुर में 55 हजार 381, जबलपुर में 54 हजार 573, बालाघाट में 53 हजार 228 और शिवपुरी में 51 हजार 855 रजिस्ट्रियां पूर्ण हुई हैं।

नरसिंहपुर में 49 हजार 896, मंदसौर में 49 हजार 552

इसी प्रकार नरसिंहपुर में 49 हजार 896, मंदसौर में 49 हजार 552, रायसेन में 45 हजार 333, धार में 45 हजार 311, विदिशा में 44 हजार 025, बैतूल में 42 हजार 743, नीमच में 41 हजार 839, सीहोर में 39 हजार 713, खंडवा में 38 हजार 418, खरगोन में 36 हजार 275, कटनी में 35 हजार 659, शाजापुर में 34 हजार 316, देवास में 33 हजार 001, नर्मदापुरम में 31 हजार 682, इंदौर में 30 हजार 141, मंडला में 29 हजार 504, दमोह में 28 हजार 181, सतना में 25 हजार 987 और गुना में 25 हजार 588 रजिस्ट्रियां पूर्ण की गई हैं।

शेष हितग्राहियों की भी निरंतर कार्रवाई जारी

इसके साथ ही बड़वानी में 24 हजार 881, भिंड में 24 हजार 340, रतलाम में 23 हजार 736, पन्ना में 21 हजार 178, बुरहानपुर में 21 हजार 150, मुरैना में 20 हजार 947, हरदा में 20 हजार 185, डिंडोरी में 19 हजार 920, ग्वालियर में 19 हजार 623, अशोकनगर में 19 हजार 290, रीवा में 19 हजार 220, आगर-मालवा में 17 हजार 651, टीकमगढ़ में 16 हजार 960, दतिया में 15 हजार 242, श्योपुर में 14 हजार 381, भोपाल में 10 हजार 887 और निवाड़ी में 10 हजार 024 रजिस्ट्रियां पूर्ण की गई हैं। प्रदेश के अन्य जिलों में भी पंजीयन की प्रक्रिया निरंतर जारी है। पांढुर्णा में 9 हजार 416, मैहर में 9 हजार 100, झाबुआ में 8 हजार 629, सीधी में 4 हजार 041, सिंगरौली में 2 हजार 588, आलीराजपुर में 2 हजार 253, शहडोल में 2 हजार 073, उमरिया में 1 हजार 983, अनूपपुर में 1 हजार 703 और मऊगंज में 1 हजार 265 रजिस्ट्रियां पूर्ण की जा चुकी हैं। राजस्व विभाग द्वारा शेष पात्र हितग्राहियों को भी निर्धारित समय-सीमा में अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है।

खबर संक्षेप

मैनिट के फैकल्टी सदस्यों को सिंगापुर में यंग साइंटिस्ट अवार्ड



भोपाल। राजधानी स्थित मौलाना आज़ाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (मैनिट) के फैकल्टी सदस्यों ने सिंगापुर की नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (एनटीयू) में आयोजित फोर्थ ग्लोबल कॉन्फ्रेंस फॉर डीकार्बोनाइज़ेशन ऑफ़ एनर्जी एंड मैटेरियल्स में अपनी उपलब्धियों के ज़रिए संस्थान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुमित एच. धवाने को यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल, ग्रीन डीज़ल और क्लीन हाइड्रोजन जैसे टिकाऊ ईंधनों के ज़रिए ट्रांसपोर्ट सेक्टर के डीकार्बोनाइज़ेशन (कार्बन उत्सर्जन कम करने) में उनके शोध योगदान के लिए मिला है। उन्होंने हेटरोजीनस कैटलिस्ट्स का उपयोग करके वेस्ट कुकिंग ऑयल को सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल में बदलना विषय पर यंग साइंटिस्ट अवार्ड एंड मेडल लेक्चर भी दिया। इसमें उन्होंने बेकार संसाधनों को टिकाऊ विमान ईंधन में बदलने के नए और इनोवेटिव तरीकों पर प्रकाश डाला।

दीपावली की सफाई में घर की सुंदरता के साथ शरीर की सुरक्षा का भी रखें ध्यान

साफ-सफाई न बिगाड़ दे सेहत: धूल-मिट्टी कर सकती है मांसपेशियों, श्वसन तंत्र पर अटैक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीपावली का त्योहार आते ही घरों और दुकानों में साफ-सफाई का सिलसिला तेज हो जाता है। वर्षों से बंद अलमारियों, छतों, पंखों, पुराने सामान और स्टोर रूम की सफाई में लोग घंटों जुटे रहते हैं। त्योहार की खुशी में अक्सर एक ही दिन में जरूरत से ज्यादा शारीरिक श्रम कर लिया जाता है। इसका असर रीढ़ की हड्डी, मांसपेशियों, जोड़ों और श्वसन तंत्र पर पड़ सकता है। फिजियोथैरेपिस्ट और स्पाइन केयर एक्सपर्टडॉ सुनील पाण्डेय ने बताया कि गलत मुद्रा में भारी सामान उठाना, बार-बार कमर झुकाना और शरीर को घुमाते हुए वजन खिसकाना पीठ दर्द तथा मांसपेशियों में खिंचाव का कारण बन सकता है। वहीं सफाई के दौरान हवा में फैलने वाली धूल, फफूंद के कण और अन्य एलर्जेंस कुछ लोगों में छींक, खांसी, एलर्जी और अस्थमा के लक्षण बढ़ा सकते हैं।

हो सकती है यह समस्या

- **स्लिप डिस्क का खतरा:** बार-बार कमर से झुककर भारी वस्तुएं उठाने, अचानक झटका देने या गलत मुद्रा में वजन खींचने से पीठ की मांसपेशियों और रीढ़ की डिस्क पर दबाव बढ़ सकता है।
- **सियाटिका:** यदि रीढ़ के निचले हिस्से में कोई समस्या सायटिक तंत्रिका की जड़ों को प्रभावित करती है, तो दर्द कमर से नितंब होते हुए पैर तक जा सकता है। इसके साथ झनझनाहट, सुन्नपन या कमजोरी भी हो सकती है।

मांसपेशियों की ताकत और कोर स्टेबिलिटी

पेट, पीठ और श्रोणि के आसपास की मांसपेशियां शरीर को स्थिर रखने में मदद करती हैं। पर्याप्त मांसपेशीय क्षमता के बिना अचानक भारी काम करने से चोट का जोखिम बढ़ सकता है।

- **धूल से बचाएं फेफड़ों को:** पुराने सामान, गद्दों, पर्दों, कालीनों, जालों और बंद कमरों में जमा धूल में धूल के कण, धूल के कणों में रहने वाले सूक्ष्म जीव तथा फफूंद के अंश हो सकते हैं। अस्थमा, एलर्जी या सांस की पुरानी बीमारी से पीड़ित लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।
- **आंखों की सुरक्षा करें:** धूल से आंखों में खुजली, लालिमा और पानी आने की समस्या हो सकती है। अधिक धूल वाले स्थानों पर सुरक्षा चश्मा पहनें।

इन लक्षणों को नहीं करें नजरअंदाज

कमर दर्द के साथ पैर में बढ़ती कमजोरी, जांघों के बीच या जननांगों के आसपास सुन्नपन, अथवा पेशाब या मल पर नियंत्रण में अचानक बदलाव हो तो तुरंत आपातकालीन चिकित्सा सहायता लें। इसी तरह सांस लेने में गंभीर कठिनाई, सीने में जकड़न या बोलने में परेशानी होने पर तत्काल चिकित्सा सहायता जरूरी है। यदि सफाई के बाद खांसी, घरघराहट या सांस फूलने की समस्या बनी रहती है, तो डॉक्टर से परामर्श लें।

डॉ सुनील पाण्डेय, फिजियोथैरेपिस्ट और स्पाइन केयर एक्सपर्ट

चश्मा पहनें, घरेलू नुस्खे न आजमाएं

दीपावली पर एम्स की चेतावनी: पटाखों की एक चिंगारी छीन सकती है रोशनी

भोपाल। दीपावली पर आतिशबाजी का शौक आंखों की रोशनी पर भारी पड़ सकता है। पटाखों से निकलने वाली चिंगारी, धुआं और तेज गति से उड़ने वाले कण आंखों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। कई बार छोटी सी लापरवाही स्थायी रूप से दृष्टि प्रभावित कर सकती है। एम्स भोपाल ने दीपावली के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें पटाखे जलाते समय सुरक्षात्मक चश्मा पहनने, बच्चों को अकेले आतिशबाजी नहीं करने देने और आंख में चोट लगने पर तत्काल इलाज कराने की सलाह दी गई है। आतिशबाजी हमेशा खुले और सुरक्षित स्थान पर करनी चाहिए। पटाखे जलाते समय बच्चों के साथ किसी वयस्क का होना जरूरी है। खासकर छोटे बच्चों को फुलझड़ी और अन्य पटाखे भी अकेले नहीं चलाने देना चाहिए। पटाखे जलाते समय सुरक्षात्मक चश्मा पहनना चाहिए, ताकि धुएं, उड़ते कणों और तेज चमक से आंखों को बचाया जा सके। पटाखा जलाने के तुरंत बाद उससे सुरक्षित दूरी बना लें। जो पटाखा नहीं जला है, उसे दोबारा जलाने या छूने की कोशिश न करें। एम्स ने चेताया है कि आंख में किसी भी तरह की चोट को मामूली समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। बिना विशेषज्ञ की सलाह के घरेलू उपाय या इलाज करने से समस्या बढ़ सकती है।



आंख में चिंगारी या कण चले जाएं तो क्या करें?

आंख में पटाखे की चिंगारी, धूल या कोई कण जाने पर सबसे पहले आंख को रगड़ने से बचें। ऐसा करने से चोट और गंभीर हो सकती है। यदि धूल या छोटा कण चला गया है अथवा जलन हो रही है तो साफ पानी से आंख को धीरे-धीरे धोएं। यदि चोट गंभीर है और दर्द हो रहा है तो आंख को हल्के से ढकें। आंख से खून आने, धुंधला दिखाई देने या तेज दर्द होने पर बिना देरी किए नजदीकी अस्पताल या नेत्र विशेषज्ञ के पास पहुंचें।

दीपावली पर बिजली कंपनियों में हुई बैठक

20 सालों से नहीं मिला आउटसोर्स कर्मियों को पर्वों पर काम का अतिरिक्त पारिश्रमिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीपावली पर बिजली आउटसोर्स कर्मियों द्वारा दो दिन काम बंद की चेतावनी के बाद बुधवार को मप्र मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी के मुख्य महा प्रबंधक राकेश शर्मा की मौजूदगी में म्प्र की छह बिजली कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक हुई।

बैठक में मप्र बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव, महामंत्री दिनेश सिसोदिया, जनता यूनियन के उपाध्यक्ष ओपी सक्सेना के साथ बैठक हुई, जिसमें बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की 34 मांगो को लेकर से चर्चा हुई। मनोज भार्गव ने बताया कि बिजली आउटसोर्स कर्मियों की मांगों की अनदेखी की जा रही है। 20 वर्षों से लगातार बिजली आउटसोर्स कर्मी दीपावली एवं अन्य राष्ट्रीय त्यौहारों पर अवकाश की पात्रता पर भी अपनी छुट्टी का बलिदान व्यापक जनहित व बिजली कंपनी हित में करते रहे, पर 90 प्रतिशत आउटसोर्स कर्मियों को श्रम प्रावधान के अनुरूप दीपावली व अन्य राष्ट्रीय त्यौहारों के दिन काम का अतिरिक्त पारिश्रमिक ऑन रिकार्ड 20 सालों का अब तक नहीं मिला है।

आउटसोर्स कर्मचारियों को मिले संविदा का दर्जा



भोपाल। मध्य प्रदेश विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मंच (बीएमएस) के बैनर तले बुधवार को कंपनी के एमडी के साथ बिजली कर्मचारी महासंघ एवं भारतीय मजदूर संघ से संबंधित संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मंच द्वारा सौंपे गए 20 सूत्रीय मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रबंधन की ओर से सीजीएम (एचआर) डॉ. राकेश शर्मा, उत्कर्ष डोर, दीपक चौरासे एवं रवि शर्मा ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना। महासंघ की ओर से अखिल भारतीय मजदूर संघ के मंत्री अरविंद मिश्रा, महामंत्री सुशील पाण्डेय, मध्य क्षेत्र से संदीप त्रिपाठी एवं अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के मीडिया प्रभारी रमेश नागर की उपस्थिति में पीईए से सदाफल एवं बाह्य स्त्रोत संगठन के अध्यक्ष शिव राजपूत ने पक्ष रखा। सभी जिलों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

सड़कों पर रहवासियों का आवागमन हुआ आसान

गौतम नगर, आकृति इकोसिटी क्षेत्र के भरे गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बारिश और सड़क खुदाई के दौरान खराब हुई सड़कों की मरम्मत का काम जारी है, जिसके तहत गौतम नगर और आकृति ईकोसिटी क्षेत्र में गड्ढों को भरकर मरम्मत की गई है। जिससे इन सड़कों पर आवागमन आसान हो गया है। वार्ड 52 के आकृति इकोसिटी क्षेत्र में एन-कैप योजना के तहत सीमेंट कांक्रीटी सड़क का निर्माण कराया गया है। उक्त सड़क के निर्माण से आकृति रिट्रीट, वर्ल्ड वे स्कूल, रीगल पार्क, वर्ज टॉवर, आकृति गोल्ड विला, मेरीडियन अर्पाटमेंट क्षेत्रों के रहवासियों को आसानी होगी। इधर वार्ड 58 के गौतम नगर क्षेत्र में बारिश और सीवेज लाईन बिछाने की वजह से विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के गड्ढे भरे गए हैं। यहां गड्ढे होने से धूल, मिट्टी से भी निजात मिली है।



बीएसएनएल कर्मचारियों का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत संचार निगम लिमिटेड के कर्मचारियों और अधिकारियों ने तीसरे वेतन संशोधन को लागू करने की मांग को लेकर बुधवार को मध्य प्रदेश के सभी जिलों में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। बीएसएनएल की अखिल भारतीय यूनियनों एवं एसोसिएशनों के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत भोपाल स्थित बीएसएनएल परिमंडल कार्यालय में मुख्य प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें करीब 200 कर्मचारियों और अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रदर्शनकारियों ने केंद्र से 1 जनवरी 2017 से लंबित तीसरे वेतन संशोधन को लागू करने की मांग की। सभी घटक संगठनों के नेताओं और प्रतिनिधियों ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए मांग पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। भोपाल में आयोजित प्रदर्शन में कर्मचारी संघ के परिमंडल सचिव आर.के. दीपक, राष्ट्रीय दूरसंचार कर्मचारी संघ के परिमंडल सचिव के.एस. ठाकुर, बीएसएनएल कर्मचारी संघ के परिमंडल जिला सचिव पी.के. तवर और एसईडब्ल्यूए के परिमंडल सचिव जितेंद्र कोरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



सामूहिक विवाह के आयोजनों पर रहेगी विशेष निगरानी

देवउठनी ग्यारस पर बाल विवाह रोकने प्रदेशभर में चलेगा विशेष अभियान, कंट्रोल रूम रहेंगे सक्रिय

ग्राम और वार्ड स्तर पर सूचना दल, उड़न दस्ते करेंगे विवाह स्थलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सचिव महिला बाल विकास जीवी रश्मि ने कहा कि प्रदेश में देवउठनी ग्यारस के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से व्यापक स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। 20 नवंबर को देवउठनी ग्यारस पर बड़ी संख्या में होने वाले सामूहिक विवाह आयोजनों को देखते हुए विभाग ने सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने और बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत ग्राम एवं वार्ड स्तर पर सूचना दल गठित किए जाएंगे। जिला और ब्लॉक स्तर पर 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम तथा उड़न दस्तों के माध्यम से विवाह आयोजनों की निगरानी की जाएगी।

बाल विवाह की सूचना हेल्पलाइन 181, 1098 और 112 पर देने की अपील

संवेदनशील परिवारों की पहचान कर दी जाएगी समझाइश

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, ग्राम कोटवारों और पंचायत सचिवों के सहयोग से 18 वर्ष से कम आयु की अविवाहित किशोरियों की जानकारी संकलित की जाएगी। यह जानकारी जिला पुलिस अधीक्षकों एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाएगी। संबंधित परिवारों को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों और दुष्परिणामों की जानकारी देकर समझाइश दी जाएगी तथा संभावित बाल विवाह रोकने के लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी।



पंचायतों में ली जाएगी बाल विवाह रोकने की शपथ

देवउठनी ग्यारस के अवसर पर 20 नवंबर को सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में पंच, सरपंच, पंचायत सचिव, अध्यक्ष एवं पार्षद बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ लेंगे। शपथ पत्र पंचायत एवं वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित किए जाएंगे। विवाह मुहूर्त से कम से कम एक सप्ताह पूर्व स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से जागरुकता रैलियां निकाली जाएंगी। शासकीय स्कूलों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा शिकायत के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन की जानकारी दी जाएगी।

हेल्पलाइन और सोशल मीडिया से चलेगा जागरूकता अभियान

बाल विवाह की रोकथाम के लिए स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया, व्हाट्सएप समूहों और दीवार लेखन के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विवाह आयोजनों से जुड़े धर्मगुरुओं, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों का भी सहयोग लिया जाएगा। आम नागरिक बाल विवाह की सूचना हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 अथवा स्थानीय कंट्रोल रूम में दे सकेंगे।

गूगल पर कस्टमर केयर नंबर सर्च करना पड़ा महंगा

मीशो से सामान ऑर्डर करने के बाद बुजुर्ग महिला से 99 हजार की ऑनलाइन ठगी

साइबर जालसाज ने ईदगाह हिल्स की वृद्धा को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र में ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी मीशो का कस्टमर केयर नंबर गूगल पर सर्च करना 76 साल की बुजुर्ग महिला को महंगा पड़ गया। साइबर ठग ने खुद को मीशो का कस्टमर केयर कर्मचारी बताकर महिला को अपनी बातों में उलझाया और उनके बैंक खाते से 99 हजार 552 रुपए निकाल लिए।

पुलिस के मुताबिक ईदगाह हिल्स स्थित क्लासिक अपार्टमेंट निवासी शशि मल्होत्रा (76) ने 29 अक्टूबर को मीशो से कुछ सामान ऑर्डर किया था। निर्धारित समय पर सामान की डिलीवरी नहीं होने पर उन्होंने गूगल पर मीशो का कस्टमर केयर नंबर तलाशा।

महिला ने उस नंबर पर संपर्क किया तो दूसरी तरफ मौजूद व्यक्ति ने खुद को कंपनी का कस्टमर केयर कर्मचारी बताया। आरोपी ने महिला को कुछ निर्देशों का पालन करने के लिए कहा। उसके बताए निर्देशों का पालन करते ही महिला के बैंक खाते से कुल 99 हजार 552 रुपए निकल गए। महिला ने जब रुपए कटने की जानकारी दी तो आरोपी ने उन्हें रकम वापस आने का आश्वासन दिया। वह अगले दिन सुबह तक महिला से संपर्क में रहा, लेकिन बाद में उसका मोबाइल नंबर बंद हो गया। खाते से निकली रकम वापस नहीं मिलने पर महिला को अपने साथ धोखाधड़ी होने का पता चला। इसके बाद उन्होंने शाहजहांनाबाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मोबाइल नंबर धारक जालसाज के खिलाफ साइबर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिसरोद स्थित इंडस टाउन में युवक का आईफोन झपटकर भागे बाइक सवार बदमाश

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित इंडस टाउन में दोस्त के साथ घर लौट रहे युवक से बाइक सवार बदमाशों ने आईफोन झपट लिया। घटना सोमवार रात करीब आठ बजे के आसपास की है। युवक की शिकायत पर मिसरोद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस इंडस टाउन और 11 मील की तरफ लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कर रही है। पुलिस के अनुसार रिषभ तिवारी पिता राबिन्द्र तिवारी (25) नटराज कॉलोनी इंडस टाउन मिसरोद में रहता है। मूलतः ग्राम हिडवार थाना मऊगंज जिला मऊगंज निवासी रिषभ तिवारी प्रायवेट नौकरी करता है। सोमवार रात करीब 8 बजकर 10 मिनट पर वह इंडस टाउन के पास चाय 04 कैफे से अपने दोस्त के साथ घर पैदल लौट रहा था। इस दौरान अपने आईफोन पर किसी से बातचीत कर रहा था। कैफे से कुछ दूरी पर पहुंचते ही पीछे से बाइक सवार बदमाश आए और पीछे बैठे बदमाश ने रिषभ के हाथ से आईफोन झपट लिया। झपटमारी के बाद आरोपी तेजी से बाइक चलाकर 11 मील की तरफ भाग निकले। सबकुछ इतनी जल्दबाजी में हुआ कि रिषभ बाइक का नंबर नहीं देख सका।

हनुमानगंज पुलिस ने सिंधी कॉलोनी चौराहे के पास से दबोचा

दो हथियार तस्कर गिरफ्तार, 4 पिस्टल और देशी कट्टा समेत 7 कारतूस बरामद, रिमांड पर लेकर पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



हनुमानगंज पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चार पिस्टल, एक देशी कट्टा, पांच मैगजीन और सात जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में एक के खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर हथियारों की खरीद-फरोख्त के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

पुलिस के मुताबिक 3 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि सिंधी कॉलोनी चौराहे के पास एक व्यक्ति अवैध पिस्टल लेकर किसी वारदात की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर हनुमानगंज पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर संदिग्ध भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से दो पिस्टल, दो मैगजीन और दो जिंदा कारतूस मिले। पूछताछ में उसकी पहचान टोल वाली मस्जिद के पीछे तलैया निवासी फरमान मोहम्मद (32) के रूप में हुई। फरमान से पूछताछ में उसके साथी ऐशबाग निवासी अतीक उर्फ बबलू (49) के बारे में जानकारी मिली। पुलिस ने उसे भी हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके कब्जे से दो पिस्टल, एक देशी कट्टा, तीन मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी मिलकर अवैध हथियारों की तस्करी करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। उन्हें न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब हथियारों के स्रोत और इनके नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

खबर संक्षेप



प्राणघातक हमले के दो दोषियों को 3 वर्ष जेल

भोपाल। उधारी की बकाया राशि वापस मांगने के विवाद पर फरियादी को डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने वाले अभियुक्त राजेश यादव पिता रघुवीर यादव आयु 24 वर्ष निवासी पोस्ट ऑफिस के पास बैरागढ़ चीचली कोलार रोड भोपाल एवं सुमित मेहरा पिता ज्ञानसिंह मेहरा आयु 26 वर्ष निवासी गेहूखेड़ा कोलार रोड भोपाल मप्र को बीसवें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संजय वर्मा के न्यायालय द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा-326 सहपठित धारा- 34 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 5000-5000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार फरियादी रोनित मीना ने 17 जनवरी 2023 को थाना कोलार रोड भोपाल में उप स्थित होकर बताया था कि अकबरपुर दानिश कुंज कोलार रोड पर अभियुक्त राजेश यादव एवं सुमित मेहरा ने उसे एवं उसके मित्र सउद को पुराने विवाद को लेकर डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने इस पर मामला दर्ज किया था।

नप में पार्षद के अभद्र व्यवहार की शिकायत

औबेदुल्लागंज। नगर परिषद औबेदुल्लागंज में एक पार्षद के कथित अभद्र व्यवहार को लेकर मामला सामने आया है। नगर परिषद की महिला कर्मचारियों ने सीएमओ किरण रहंगडाले से शिकायत कर संबंधित पार्षद के व्यवहार पर नाराजगी जताई। महिला कर्मचारी ने शिकायत में आरोप लगाया कि नगर परिषद में एक पार्षद के कारण कई कर्मचारी परेशान हैं। पार्षद द्वारा महिला कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किए जाने से उन्हें कार्यस्थल पर असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। महिला कर्मचारियों ने सीएमओ से मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित जांच कराने और संबंधित पार्षद के व्यवहार पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

राज्य स्तरीय भजन प्रतियोगिता 20 को

औबेदुल्लागंज। औबेदुल्लागंज में 20 नवंबर को राज्य स्तरीय विशाल भजन प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रम का आयोजन हेलिपैड मैदान में होगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 71,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 51,000, तृतीय पुरस्कार 41,000, चतुर्थ पुरस्कार 31,000, पंचम पुरस्कार 25,000, षष्ठम पुरस्कार 21,000, सप्तम पुरस्कार 15,000, अष्टम पुरस्कार 11,000 एवं नवम पुरस्कार भी 11,000 रुपए रखा गया है। इसके अतिरिक्त तीन सांत्वना पुरस्कार 10,000-10,000 रुपए के दिए जाएंगे। आयोजन समिति के सदस्य संजय सिंह, उत्तम यादव एवं राजेंद्र नगर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भक्ति संगीत एवं धार्मिक संस्कृति को बढ़ावा देना तथा प्रतिभाशाली भजन गायकों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है।

लोगों का आरोप- संगठित गिरोह करते हैं वाहनों से रैकी, फिर नशीले पदार्थों को लगा रहे ठिकाने

भोपाल और तामोट बने अवैध शराब गांजा और ड्रग्स तस्करी के नए रूट

तामोट में खुलेआम बिक रही कच्ची शराब, सट्टा और जुए के लग रहे दांव

लोगों में आक्रोश- पुलिस की कार्यप्रणाली और गश्त पर उठ रहे सवाल

चार स्थानों पर सट्टा लिखे जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामोट/भोपाल

राजधानी भोपाल के कई क्षेत्र और औबेदुल्लागंज के तामोट इन दिनों अवैध शराब, गांजा, ड्रग्स के नए रूट और अड्डे बन गए हैं। इन अवैध गतिविधियों को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

इधर तामोट के ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में अवैध कच्ची शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है। शराब के गिलास 10 और 20 रुपए में बेचे जा रहे हैं। गांव में चार अलग-अलग स्थानों पर सट्टा खिलाया जा रहा है, तामोट के आसपास जुए के अड्डे होने की भी शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब, सट्टा और जुए जैसी गतिविधियों के कारण गांव का माहौल प्रभावित हो रहा है। भोपाल जिले में भी यहीं हाल है। बताया जा रहा है कि संगठित गिरोह वाहनों से रैकी कर तस्करी कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने की असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग

सबसे गंभीर सवाल पुलिस की निगरानी और कार्रवाई को लेकर उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि तामोट के बीट प्रभारी और पुलिस विभाग द्वारा इन गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, अवैध कारोबार में शामिल कुछ लोग कथित तौर पर यह कहते फिरते हैं कि उनका महीना बंधा हुआ है और उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यदि ऐसा है तो यह पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। तामोट के किसान, सामाजिक कार्यकर्ता और जागरूक नागरिक इन गतिविधियों से परेशान हैं। ग्रामीणों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि गांव में अवैध शराब बिक्री, सट्टा और जुए के अड्डों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही बीट प्रभारी की भूमिका की भी जांच हो और अवैध कारोबार में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। वहीं, भोपाल शहर में भी अवैध शराब के तस्करों के संगठित गिरोह होने की आशंका है। अब देखना यह है कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ग्रामीणों की इन शिकायतों को कितनी गंभीरता से लेते हैं और तामोट को अवैध गतिविधियों से मुक्त कराने के लिए कब ठोस कदम उठाते हैं।

आबकारी टीम को देखकर भागे शराब तस्कर, पांच महीने बाद हत्थे चढ़ा फरार तस्कर



राजधानी समेत ग्रामीण क्षेत्र में कच्ची शराब और अवैध शराब के कारोबार को लेकर आबकारी की टीम रोजाना दबिश दे रही है। बुधवार को बैरसिया के रतुआ पठार और मनीखेड़ी पठार में टीम जब कच्ची शराब पकड़ने पहुंची, तो तस्कर पहले ही फरार हो गए। टीम ने यहां से तीस लीटर कच्ची शराब समेत 550 लीटर महुआ लाहन जब्त किया गया है। इधर जून माह में अंग्रेजी शराब बरामदी को लेकर फरार आरोपी को भी टीम ने दबोचकर जेल भेज दिया है। जिला आबकारी कंट्रोलर वर्षा उइके ने बताया कि बैरसिया के रतुआ पठार और मनीखेड़ी पठार में कच्ची शराब बनाने की सूचना के बाद टीम ने दबिश दी थी, लेकिन शराब बनाने वाले तस्कर फरार हो गए। मौके से 30 लीटर कच्ची शराब और 550 लीटर महुआ लाहन जब्त किया है।

- कच्ची शराब और अवैध शराब के कारोबार पर दबिश

किराये से कमरा लेकर अंग्रेजी शराब की तस्करी

जून माह में आबकारी अमले ने करोंद्र क्षेत्र में किराये के कमरे में रहने वाले रोहित पाल के यहां दबिश दी थी, जहां से 130 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई थी, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया। पांच महीने बाद टीम ने उसे रतुआ स्थित घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके पहले भी टीम उसे पकड़ने गई थी, लेकिन वह दोबार फरार हो चुका था।

नजीराबाद में दो तस्करों को धरदबोचा, 1.8 किलो गांजा बरामद

नजीराबाद पुलिस ने ग्राम गढ़ाकला से आरोपियों को पकड़ा

नजीराबाद पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत 40 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार विगत 3 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गढ़ाकला में दो व्यक्ति बैग में गांजा लेकर खड़े हैं। वह किसी ग्राहक को गांजा बेचने के इंतजार में हैं। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी शाहवाज खान ने पुलिस टीम गठित कर मौके पर रवाना किया। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर दो संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से 1 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने इस मामले में मांगीलाल योगी (60) निवासी ग्राम गढ़ाकला और राजू योगी नाथ निवासी ग्राम गढ़ाकला को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि वे अवैध गांजा कहां से लाए थे और किन लोगों को बेचने की फिराक में थे।

पत्नी से कहासुनी, पेट्रोल छिड़ककर खुद को लगाई आग, मौत

भोपाल। शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित इंद्रा नगर मल्टी में टाइल्स फीटिंग करने वाले मिस्त्री संतोष परिहार (44) ने बाथरूम में खुद को बंद कर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। आग की लपटों से घिरे मिस्त्री ने बाद में खुद पर पानी भी डाल लिया था। इस दौरान वह बुरी तरह से झुलस गया था। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां दो दिन चले इलाज के बाद मंगलवार रात मिस्त्री की मौत हो गई। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शराब पीने का आदी था। पत्नी उसे शराब पीने से मना करती थी। इसी बात को लेकर उसकी पत्नी से कहासुनी हुई थी। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे और मां-पिता हैं।

नाना के घर रह रहे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

भोपाल। स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित खुशीपुरा में मंगलवार देर रात एक युवक ने अपने नाना के घर फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार राम तिवारी पिता दिलीप तिवारी (19) ठाकुर आटा चक्की के पास खुशीपुरा में रहता था। वह बेरोजगार था और नाना गिरीजा शंकर अवस्थी के पास रहता था। गिरीजा शंकर सिक्योरिटी गार्ड हैं। उन्होंने बताया कि रात करीब 12 बजे राम तिवारी ने फांसी लगा ली।

मंडल अध्यक्ष डॉ. नागर ने सहभागिता की

लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा में शामिल हुए विधायक पटवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



बुधवार को विधायक सुरेंद्र पटवा औबेदुल्लागंज मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने लोकतंत्र बचाओ– अराजकता हटाओ' पदयात्रा में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के आतिथ्य में सहभागिता की।

इस अवसर पर जनसैलाब भाजपा के प्रति जनविश्वास, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता तथा राष्ट्रहित के संकल्प को प्रदर्शित कर रहा था। पदयात्रा में शामिल हजारों कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का उत्साह और सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा एवं जनहित के मुद्दों के प्रति समाज सदैव जागरूक और सजग है।

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने जारी किए निर्देश

मुआवजा नहीं चुकाने पर कलेक्टर कार्यालय की संपत्ति कुर्की का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के स्वजन को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं करने पर तीसरे अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने कलेक्टर कार्यालय की चल-अचल संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए हैं।

आदेश के पालन में बुधवार को अधिवक्ता और संबंधित अधिकारी कुर्की की कार्रवाई के लिए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। प्रकरण के अधिवक्ता सी पी सिंह के अनुसार, सात अक्टूबर 2019 को कुंडम एसडीएम के बोलेरो वाहन से हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। हादसे के समय वाहन टीकाराम ठाकुर चला रहे थे। वाहन का स्वामित्व मध्य प्रदेश शासन, कलेक्टर जबलपुर के नाम था। मृतक की पत्नी नूरजहां ने मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 166 के तहत मुआवजे का दावा प्रस्तुत किया था। तीसरे अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के सदस्य बृजेश सिंह की अदालत ने 25 फरवरी, 2025 को प्रकरण में निर्णय सुनाते हुए ब्याज सहित 12 लाख 93 हजार रुपये का मुआवजा देने का अवार्ड पारित किया था। अधिवक्ता का कहना है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद निर्धारित राशि का भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने जिला न्यायालय में अवार्ड के निष्पादन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। भुगतान लंबित रहने पर न्यायालय ने कलेक्टर कार्यालय की चल-अचल संपत्ति कुर्क करने के निर्देश जारी किए।

छह से 10 नवंबर तक मरीजों को मिल सकेगा लाभ

'सेवा सदन' में दीपावली पर 24 घंटे आपातकालीन सुविधा उपलब्ध रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, गांधीनगर में दीपावली के उपलक्ष्य में छह से 10 नवंबर तक पांचों दिन 24 घंटे आकस्मिक नेत्र चिकित्सा सेवाएं सुलभ रहेंगी। दीपोत्सव के दौरान आतिशबाजी से आंखों में चोट लगने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा रात्रि में भी डॉक्टरों एवं चिकित्सा कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी, ताकि जरूरतमंद मरीजों को तत्काल नेत्र चिकित्सा सुविधा मिल सके।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 से 2025 तक दीपावली के अवसर पर भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों से आतिशबाजी के कारण आंखों में चोट लगने वाले अनेक मरीज रात के समय उपचार के लिए सेवा सदन पहुंचे थे।

अस्पताल ने हेल्पलाइन नंबर 9516546821 किया जारी

यह सुविधा संत हिरदाराम नगर स्थित सेवा सदन के सिटी सेंटर (पुराना अस्पताल) में भी सुलभ रहेगी। आंखों में चोट लगने की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करने के लिए अस्पताल ने हेल्पलाइन मोबाइल नंबर 9516546821 जारी किया है। घायल व्यक्ति अथवा उनके परिवार-जन इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। सेवा सदन की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. प्रेरणा उपाध्याय ने नागरिकों से अपील की है कि पटाखे जलाते समय सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करें। आंखों में चोट लगने पर घरेलू उपचार में समय गंवाने के बजाय तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क करें।

नगर परिषद में हड़कंप, रसीद काटने से लेकर रिकॉर्ड गायब करने की चर्चा

शासकीय भूमि की फर्जी रजिस्ट्री मामले में एफआईआर के बाद चार कर्मचारियों की भूमिका पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



नगर परिषद क्षेत्र में शासकीय भूमि की कथित फर्जी रजिस्ट्री के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद अब नगर परिषद में हड़कंप है।

सूत्रों के अनुसार, इस प्रकरण में नगर परिषद के चार कर्मचारियों की भूमिका जांच के दायरे में आ सकती है। चर्चा है कि शासकीय भूमि से संबंधित रसीदें कथित रूप से फर्जी तरीके से काटी गईं। इसके बाद रसीदों और दस्तावेजों का रिकॉर्ड गायब करने तथा महत्वपूर्ण अभिलेखों को नष्ट करने के आरोपों की भी चर्चा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी।

परिषद के संज्ञान में क्यों नहीं लाया मामला

सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि नगर परिषद क्षेत्र में इतनी बड़ी मात्रा में शासकीय भूमि की कथित तौर पर खरीद-फरोख्त होती रही, लेकिन परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों ने समय रहते इस मामले को परिषद के संज्ञान में क्यों नहीं लाया? यदि संबंधित जमीन शासकीय थी तो उसकी बिक्री और रजिस्ट्री की प्रक्रिया के दौरान नगर परिषद के रिकॉर्ड में क्या दर्ज था और किस स्तर पर लापरवाही हुई, यह जांच का महत्वपूर्ण विषय बन गया है।

15 पार्षदों के बीच भी मामला बन गया चर्चा का विषय

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर 15 पार्षदों के बीच भी चर्चाएं हैं। वहीं एफआईआर दर्ज होने के बाद अब जमीन खरीदने वाले लोगों, विक्रेताओं और कथित लेनदेन से जुड़े तथ्यों के सामने आने की संभावना जताई जा रही है। अब निगाहें पुलिस और प्रशासन की जांच पर टिकी हैं। जांच में यह स्पष्ट होना जरूरी है कि कथित फर्जी रजिस्ट्री में किन लोगों की भूमिका रही, रिकॉर्ड में किस स्तर पर गड़बड़ी हुई और यदि दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ की गई है तो इसके पीछे कौन जिम्मेदार है।

कम बारिश से किसान हुए चिंतित

गौहरगंज तहसील को सूखाग्रस्त घोषित करने और सर्वे की मांग

कांग्रेस नेताओं ने शासन से की किसानों को राहत देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

गौहरगंज तहसील क्षेत्र में इस वर्ष कम वर्षा होने के कारण किसानों की परेशानी बढ़ गई है। क्षेत्र में मात्र 30 प्रतिशत बारिश होने का दावा करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष सूरजमल गौर, कांग्रेस नेता महेश जैन एवं संजय सिंह चौहान ने गौहरगंज तहसील को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग शासन-प्रशासन से की है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कम बारिश के चलते किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं। धान की फसल इस बार कमजोर हुई है, वहीं खेतों में पानी की कमी को देखते हुए आगामी गेहूं की फसल पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। किसानों को समय पर खाद भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि शासन को किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल क्षेत्र में फसलों का सर्वे कराना चाहिए तथा गौहरगंज तहसील को सूखाग्रस्त घोषित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने चाहिए। प्रभावित किसानों को राहत राशि, खाद की पर्याप्त उपलब्धता और किसान हितैषी योजनाओं का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जाए।

लेडी डॉक्टर की कार से टक्कर, समझाने पर आरोपी ने हाथ पकड़ा

भोपाल। कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित डिपो चौराहा पर मैजिक चालक ने लेडी डॉक्टर की कार को टक्कर मार दी। लेडी डॉक्टर ने उसे समझाइश देने कार रोकी तो आरोपी ने बुरी नियत से उनका हाथ पकड़ लिया। आसपास के लोग आगे बढ़े तो आरोपी मौके से मैजिक वाहन लेकर भाग निकला। लेडी डॉक्टर की शिकायत पर पुलिस ने आात मैजिक चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 45 साल की डॉक्टर रिवेरा टाउन में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार शाम करीब साढ़े 6 बजे डिपो चौराहा पर चालक ने मैजिक चलाते हुए उनकी कार में टक्कर मार दी।

खबर संक्षेप

टाइटन और फास्टट्रैक स्मार्ट का नया कैंपेन लांच

मुंबई। दिवाली के त्योहार को खास बनाने और स्मार्ट तकनीक को रोजमर्रा की जिंदगी से जोड़ने के उद्देश्य से टाइटन स्मार्ट और फास्टट्रैक स्मार्ट ने अपना नया फेस्टिव कैंपेन 'स्मार्टर सेलिब्रेशन' पेश किया है। इस कैंपेन के जरिए दोनों ब्रांड स्मार्टवॉच के एक्टिविटी ट्रैकिंग, कनेक्टिविटी और वेलनेस फीचर्स को लोगों की जीवनशैली से जोड़ने पर जोर दे रहे हैं। कंपनी के सीएसएमओ श्रीनिवासन कृष्णमूर्ति के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य स्मार्टवॉच को केवल कनेक्टिविटी का साधन नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का उपयोगी साथी बनाना है।

एचडीएफसी बैंक में मिलेगा ब्याज और कर छूट

मुंबई। एचडीएफसी बैंक को केंद्र सरकार ने पूंजीगत लाभ खाता योजना (सीजीएएस), 1988 के तहत जमा स्वीकार करने की अनुमति दे दी है। इसके तहत करदाता संपत्ति बेचने से प्राप्त अप्रयुक्त पूंजीगत लाभ को अधिकतम तीन साल तक बैंक में जमा रख सकेंगे। पात्रता के अनुसार उन्हें कर छूट के साथ ब्याज कमाने का अवसर भी मिलेगा। ग्राहक बैंक की शहरी और अर्ध-शहरी शाखाओं में बचत एवं सावधि जमा खाते खोल सकेंगे।

वी इंटेलिजेंस पहल लांच पीडब्ल्यूसी से की साझेदारी

ग्वालियर। दूरसंचार कंपनी वी ने एंटरप्राइज सेक्टर में एआई आधारित बदलाव को बढ़ावा देने के लिए 'वी इंटेलिजेंस' पहल लॉन्च की है। इसके तहत कंपनी पीडब्ल्यूसी इंडिया के साथ साझेदारी कर मुंबई में वी इंटेलिजेंस लैब स्थापित करेगी। यह लैब एआई समाधानों के विकास, परीक्षण और इस्तेमाल को बढ़ावा देगी। पहल के तहत एजेंटिक एआई, असिस्टिव एआई और जिम्मेदार एआई पर काम किया जाएगा। साथ ही एआई हैकाथॉन, इनोवेशन चैलेंज, पायलट प्रोजेक्ट और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित होंगे।

ग्राहकों ने की 2,800 करोड़ की बचत

बेंगलुरु। ग्राहकों ने रिकॉर्ड 2,800 करोड़ रुपए से अधिक की बचत की। कंपनी के मुताबिक अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 में इस शॉपिंग सेल में 393 करोड़ से अधिक विजिट दर्ज की गईं और पिछले साल के मुकाबले खरीदारी में 50 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हुई।इस दौरान 70 प्रतिशत से अधिक खरीदार गैर-मेट्रो शहरों से रहे। प्रीमियम स्मार्टफोन की बिक्री में 50 प्रतिशत, स्मार्टवॉच में पांच गुना और मिनी एलईडी टीवी की बिक्री में 33 गुना बढ़ोतरी हुई।

पायनियर ने कृषि नवाचार के 100 वर्ष पूरे किए

नई दिल्ली। कृषि क्षेत्र की अग्रणी कंपनी पायनियर ने कृषि नवाचार और वैश्विक नेतृत्व के 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं। कंपनी 70 से अधिक देशों में एक करोड़ से ज्यादा किसानों के साथ काम कर रही है। भारत में पायनियर 54 वर्षों से किसानों को बेहतर बीज और कृषि विशेषज्ञता उपलब्ध करा रही है। कंपनी जलवायु अनुकूल हाइब्रिड बीजों के जरिए फसल उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दे रही है। तेलंगाना में मक्का, राजस्थान में बाजरा, उत्तर प्रदेश में सरसों और बिहार में धान की खेती में कंपनी किसानों को बेहतर पैदावार और कृषि उत्पादकता के लिए सहयोग दे रही है।

फार्मार्ट ने एमपी के 1350 किसानों को दिया प्रशिक्षण

भोपाल। एआई आधारित कृषि मंच फार्मार्ट ने अपने प्रोजेक्ट एवरग्रीन का मध्य प्रदेश में विस्तार किया है। इसके तहत सागर और टीकमगढ़ में 1350 से अधिक छोटे किसानों को जलवायु अनुकूल खेती, मृदा परीक्षण और फसल रोग प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। कंपनी अगले 18 महीनों में प्रदेश के चयनित जिलों के 1000 से अधिक किसानों के साथ काम करेगी। इस दौरान 3000 मृदा परीक्षण किए जाएंगे। पहल में महिला किसान संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। कंपनी का लक्ष्य मिट्टी की जांच और वैज्ञानिक कृषि सलाह के जरिए लागत घटाना है।

हर्बल कुंभ, जड़ी-बूटी कृषि मेला एवं धन्वंतरि महोत्सव 2026 का शुभारंभ

हिमालय में बनेगा विश्वस्तरीय औषधीय अनुसंधान केंद्र, धन्वंतरि धाम को मिलेगी दुनियाभर में पहचान

200 एकड़ में विकसित हो रहा हर्बल संसार औषधीय परंपराओं का संगम | 29 देशों की जड़ी-बूटियों और पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों से जुड़ी ज्ञान

एक साल में प्रमुख तीर्थ बनने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरिद्वार

हिमालय की वादियों में आयुर्वेद, औषधीय वनस्पतियों और प्राकृतिक खेती को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में पतंजलि की महत्वाकांक्षी पहल हर्बल वर्ल्ड हिमालय-श्री धन्वंतरि धाम में तीन दिवसीय हर्बल कुंभ, जड़ी-बूटी कृषि मेला एवं धन्वंतरि महोत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित मालागाम में आयोजित समारोह में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने इस परियोजना को भविष्य का वैश्विक अध्ययन एवं अनुसंधान केंद्र बताया। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में धन्वंतरि धाम की पहचान पूरी दुनिया में होगी। यह स्थान आयुर्वेद, औषधीय वनस्पतियों, अनुसंधान, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस परियोजना का उद्देश्य व्यावसायिक लाभ नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा और प्रकृति की विरासत को दुनिया से जोड़ना है।



धन्वंतरि महोत्सव में सम्मानित करते हुए

मुख्य अतिथि डॉ. धन सिंह रावत ने परिसर में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दुर्गम वन क्षेत्र में इतने बड़े प्रकल्प का विकास असाधारण उपलब्धि है। उन्होंने विश्वास जताया कि एक वर्ष के भीतर धन्वंतरि धाम प्रमुख तीर्थ के रूप में विकसित होगा। उन्होंने उत्तराखंड के किसानों को यहां चार से पांच दिन का विशेष प्रशिक्षण देने और विश्वविद्यालयों के शोधार्थियों को अध्ययन के लिए भेजने की बात कही। परिसर में लगाए गए करीब 50 हजार पौधों में से 90 प्रतिशत के सुरक्षित रहने की जानकारी भी दी। करीब 200 एकड़ में विकसित हो रहे इस परिसर में 50 हजार से अधिक औषधीय पौधे लगाए गए हैं। यहां 109 खंडों में 50 हजार से अधिक वनस्पतियों का औषधीय दृष्टि से संकलन किया गया है।

किसानों के लिए रोजगार और आय बढ़ाने पर जोर

आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि औषधीय खेती, फसल विविधीकरण और कृषि आधारित उद्यमिता पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। किसानों को यहां खेती की आधुनिक तकनीकों और मॉडल फार्मिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। महोत्सव में 60 से 70 प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें प्राकृतिक खेती, औषधीय पौधों, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, मृदा परीक्षण, डिजिटल कृषि और कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण की जानकारी दी जा रही है। किसान उत्पादक संगठनों और स्वयं सहायता समूहों को उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का अवसर भी मिला है। उद्घाटन अवसर पर पतंजलि किसान डायरी और हर्बल कुंभ प्रशिक्षण पुस्तिका सहित चार पुस्तकों का विमोचन किया गया। आचार्य बालकृष्ण ने घोषणा की कि अब हर्बल कुंभ प्रतिवर्ष आयोजित होगा। अगला आयोजन 25 से 27 अक्टूबर 2027 तक धन्वंतरि धाम में होगा।

प्रदेशभर में 1500 से 2000 किलो सोने और 8 से 10 हजार किलो चांदी की बिक्री की उम्मीद

कल धनतेरस : भोपाल में सौ किलो सोना और 1000 किलो चांदी बिकने का अनुमान

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

धनतेरस और दीपावली के त्योहार पर इस बार मध्यप्रदेश के सराफा बाजारों में रौनक छाने की उम्मीद है। सोने-चांदी की कीमतों में हालिया गिरावट ने ग्राहकों को खरीदारी का अच्छा मौका दिया है। यही वजह है कि राजधानी भोपाल से लेकर इंदौर, रतलाम, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा और सतना तक सराफा कारोबारियों को पिछले साल के मुकाबले बेहतर कारोबार की उम्मीद है। बाजार जानकारों और सराफा कारोबारी नवनीत अग्रवाल के अनुसार राजधानी भोपाल में धनतेरस और दीपावली के दौरान करीब 80 से 100 किलो सोना और 800 से 1000 किलो चांदी बिकने का अनुमान है।

इंदौर में भोपाल से तीन गुना कारोबार का अनुमान



सिक्कों, शुद्ध चांदी बर्तनों और पूजन सामग्री की बाजार में मांग

रतलाम में भी भोपाल से ढाई से तीन गुना तक कारोबार

निवेश के लिए भी शुभ मुहूर्त का

धनतेरस पर सोने-चांदी की खरीदारी को शुभ माना जाता है। यही वजह है कि आम ग्राहकों के साथ निवेशक भी इस दिन मुहूर्त में खरीदारी करने की तैयारी में हैं। सिक्कों, शुद्ध चांदी, बर्तनों और पूजन सामग्री के अलावा सोने-चांदी में निवेश के लिए भी बाजार में मांग रहने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों से जुड़े फैसले, डॉलर की मजबूती और महंगाई के आंकड़े भी सोने-चांदी की कीमतों की दिशा तय करेंगे।

वहीं, पूरे मध्यप्रदेश में सोने की बिक्री 1500 से 2000 किलो और चांदी की बिक्री 8000 से 10,000 किलो तक पहुंच सकती है। इसमें सोने-चांदी के आभूषण, शुद्ध चांदी, सिक्के, मूर्तियां, बर्तन और पूजन सामग्री की खरीदारी शामिल है। अग्रवाल के मुताबिक राजधानी के सराफा बाजार में इस बार धनतेरस पर सामान्य दिनों की अपेक्षा 30 से 40 फीसदी अधिक ग्राहकी की उम्मीद है। ज्वेलरी के साथ सोने के सिक्कों और चांदी के पारंपरिक आभूषणों की मांग भी बढ़ सकती है। अनुमान है कि भोपाल में धनतेरस और दीपावली के दौरान 80 से 100 किलो सोना बाजार में बिक सकता है। वहीं चांदी का कारोबार 800 से 1000 किलो तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के प्रमुख सराफा केंद्रों में इंदौर इस बार कारोबार के मामले में आगे रह सकता है। अनुमान के मुताबिक, इंदौर में भोपाल की तुलना में करीब तीन गुना सोने-चांदी का कारोबार होने की संभावना है। रतलाम के सराफा बाजार में भी भोपाल से ढाई से तीन गुना तक कारोबार का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके अलावा जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, सतना सहित प्रदेश के अन्य शहरों में भी त्योहारी खरीदारी जोर पकड़ सकती है। प्रदेशभर में 1500 से 2000 किलो सोने और 8000 से 10,000 किलो चांदी की बिक्री का अनुमान बाजार की मजबूत संभावनाओं को दर्शाता है।

देशभर में 52 टन तक सोना और करीब 250 टन चांदी बिकने की उम्मीद

सराफा कारोबारियों के राष्ट्रीय संगठन इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक इस साल धनतेरस पर देशभर में 46 से 52 टन तक सोने की बिक्री हो सकती है। पिछले साल धनतेरस पर करीब 36 टन सोना बिका था। इस बार सोने की मांग में 7 से 10 प्रतिशत तक वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, धनतेरस के दिन चांदी की बिक्री करीब 250 टन रहने का अनुमान है। धनतेरस और दीपावली को मिलाकर देश में करीब 65 टन सोना और 300 टन चांदी बिकने की संभावना है। चांदी की मांग में भी करीब 7 प्रतिशत बढ़ोतरी का अनुमान है। कहा जा रहा है कि इस बार सराफा बाजार में खरीदारी का ट्रेंड भी बदलता नजर आ रहा है।

मनजीत कलेक्शन में सजा दिवाली और वेडिंग सीजन का खास फेस्टिव कलेक्शन 2026

शादी सीजन के लिए भी खास कलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

त्योहारों और शादियों के सीजन में आकर्षक परिधानों की खरीदारी के लिए भोपाल के प्रतिष्ठित अपैरल शोरूम मनजीत कलेक्शन ने अपना विशेष 'मनजीत फेस्टिव कलेक्शन 2026' पेश किया है। लगभग तीन दशकों से भोपाल और आसपास के शहरों में फैशन के नए ट्रेंड प्रस्तुत कर रहा यह शोरूम इस बार पूरे परिवार के लिए एथनिक, इंडो-वेस्टर्न और वेस्टर्न परिधानों की शानदार रेंज लेकर आया है। दिवाली के त्योहार को खास और यादगार बनाने के लिए शोरूम में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए आकर्षक डिजाइन एवं नए फैशन ट्रेंड के परिधान उपलब्ध कराए गए हैं।

आगामी वेडिंग सीजन को ध्यान में रखते हुए मनजीत कलेक्शन में ब्राइडल लहंगों और दूल्हे की शेरवानी की विशेष रेंज तैयार की गई है। महिलाओं के लिए डिजाइनर साड़ियां, पार्टी वियर सूट और आकर्षक कुर्तियां उपलब्ध हैं। वहीं पुरुषों के लिए फेस्टिव कुर्ते, जैकेट और जोधपुरी वियर की नई वैरायटी


मनजीत फेस्टिव कलेक्शन

पेश की गई है। बच्चों के लिए भी आकर्षक एथनिक और वेस्टर्न परिधानों का विशेष कलेक्शन रखा गया है।

त्योहारों के दौरान ग्राहकों की सुविधा को देखते हुए शोरूम के संचालन का समय बढ़ाकर रात 11 बजे तक कर दिया गया है। इससे ग्राहक अपनी सुविधानुसार बिना जल्दबाजी के पसंदीदा परिधानों की खरीदारी कर सकेंगे। 10 नंबर मार्केट स्थित मनजीत कलेक्शन में दिवाली से लेकर शादी समारोह तक के लिए पूरे परिवार की खरीदारी एक ही छत के नीचे करने की सुविधा उपलब्ध है। तीन दशकों के भरोसे और फैशन के नए अंदाज के साथ मनजीत कलेक्शन का फेस्टिव कलेक्शन 2026 इस त्योहार और वेडिंग सीजन को खास बनाने के लिए तैयार है।

देश के शीर्ष 25 निजी विश्वविद्यालयों में शामिल हुआ

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्सः एशिया 2027 में एसआरएम एपीका जलवा, आंध्र प्रदेश में नंबर-1

हरिभूमि न्यूज ⏭ अमरावती

एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी, अमरावती ने वैश्विक शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्सः एशिया 2027 में अपनी जगह बनाई है। विश्वविद्यालय ने आंध्र प्रदेश के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों की संयुक्त श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय दक्षिण एशिया के शीर्ष 100 संस्थानों, भारत के शीर्ष 51 विश्वविद्यालयों और देश के शीर्ष 25 निजी विश्वविद्यालयों में शामिल हुआ है। यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान की बढ़ती पहचान को दर्शाती है।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स दुनिया की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय रैंकिंग प्रणालियों में शामिल है। इसमें संस्थानों का मूल्यांकन अनुसंधान एवं नई खोज, शिक्षण अनुभव, अंतरराष्ट्रीय सहभागिता



क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी परिसर

और रोजगार क्षमता जैसे प्रमुख मानकों के आधार पर किया जाता है। यह रैंकिंग विद्यार्थियों, शिक्षाविदों, नियोक्ताओं और उच्च शिक्षा से जुड़े लोगों को विभिन्न देशों के विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता और प्रदर्शन की तुलना करने का अवसर देती है। एसआरएम एपी में अनुसंधान आधारित शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। विश्वविद्यालय अपने अनुसंधान तंत्र का विस्तार करने के साथ बहुविषयक शैक्षणिक कार्यक्रमों, उद्योगोन्मुखी शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को मजबूत कर रहा है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. सी. सतीश कुमार ने कहा कि क्यूएस एशिया रैंकिंग में स्थान मिलना विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रभावशाली अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से ऐसे स्नातक तैयार करने के लिए प्रयासरत है, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का सामना कर सकें। प्रो-चांसलर डॉ. पी. सत्यनारायणन ने कहा कि यह उपलब्धि अनुसंधान में निवेश, प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग बढ़ाने के विश्वविद्यालय के प्रयासों को मजबूती देती है। वहीं, एसोसिएट डीन-क्वालिटी एश्योरेंस एंड रैंकिंग्स डॉ. कार्तिक राजेंद्रन ने कहा कि क्यूएस रैंकिंग में पहली बार स्थान हासिल करना विश्वविद्यालय की आंकड़ों पर आधारित कार्यप्रणाली और रणनीतिक दृष्टिकोण का परिणाम है।

आयकर अधिनियम 2025-मंथनः कर प्रणाली सरल और पारदर्शी होने से करदाताओं को मिलेगी राहत

नए प्रावधानों पर परिचर्चा, व्यापारियों ने संशोधनों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आयकर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और करदाताओं के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से भोपाल टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन की ओर से एमपी नगर स्थित निसर्ग होटल में विशेष परिचर्चा 'आयकर अधिनियम 2025-मंथन' का आयोजन किया गया। इसमें आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ताओं और कर सलाहकारों ने नए प्रावधानों एवं संशोधनों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधान आयकर आयुक्त सृजनी मोहंती (आईआरएस) ने कहा कि आयकर अधिनियम में किए गए नए संशोधनों का उद्देश्य कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाना है, ताकि ईमानदार करदाताओं को राहत और सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि समय पर कर का भुगतान करना राष्ट्रहित में योगदान है। सभी करदाताओं को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनिन्द्र वैद्य ने की। उन्होंने कहा कि परिचर्चा का उद्देश्य व्यापारियों और आयकर विभाग के बीच संवाद एवं समन्वय बढ़ाना है। उन्होंने व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों से अधिकारियों के समक्ष अपनी जिज्ञासाएं खुलकर रखने की अपील की।


एक मंच पर वरिष्ठ अधिकारी, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि, सीए और अधिवक्ता

जागरूकता अभियान चलाने पर जोर

विशिष्ट अतिथि संयुक्त आयकर आयुक्त सौरभ शर्मा ने आयकर अधिनियम के नए प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि विभाग व्यापारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेगा। कार्यक्रम संयोजक आयकर अधिकारी आशीष मोदगिल ने समय पर एडवांस टैक्स जमा करने की अपील की। आयकर इंस्पेक्टर प्रकाश यादव ने फॉरेन असेट्स डिस्क्लोजर स्कीम 2026 की जानकारी देते हुए बताया कि पात्र छोटे करदाता 31 दिसंबर 2026 तक विदेशी संपत्तियों का खुलासा कर सकते हैं। परिचर्चा में व्यापारिक प्रतिनिधियों ने संशोधनों का स्वागत किया। तेजकुलपाल सिंह पाली, रामेश्वर अग्रवाल और धीरज अग्रवाल ने छोटे व्यापारियों के लिए सरल दिशा-निर्देश एवं जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। मृदुल आर्य ने कानूनी सहायता और अपील प्रक्रिया सरल बनाने की आवश्यकता बताई। समर सिंह भदौरिया ने छोटे दुकानदारों के बीच जागरूकता बढ़ाने, जबकि रामबाबू शर्मा ने कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े बिलिंग और ऑडिट नियमों पर अलग कार्यशाला आयोजित करने का सुझाव दिया।

बिजनेस न्यूज

उबंटू' के संदेश के साथ दी ओरिएंटल स्कूल में सजा 'अभिरति 3.0' का मंच

भोपाल। दी ओरिएंटल स्कूल का वार्षिक समारोह 'अभिरति 3.0' शनिवार, 31 अक्टूबर को 'उबंटू-मैं हूं क्योंकि हम हैं' थीम के साथ आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के



माध्यम से एकता, सहयोग, करुणा और साझा जिम्मेदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद् अभिलाष खांडेकर मुख्य अतिथि तथा वरिष्ठ संपादक और लेखक अजीत वडनेरकर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में अफ्रीकी दर्शन पर आधारित 'उबंटू' की अवधारणा को प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि व्यक्ति का विकास अकेले नहीं, बल्कि परिवार, शिक्षकों, मित्रों, समाज और प्रकृति के सहयोग से संभव होता है। प्रस्तुतियों में कृतज्ञता, आपसी सहयोग और समाज के प्रति योगदान की भावना को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। इस अवसर पर ओरिएंटल ग्रुप के वाइस चेयरमैन गौरव ठकराल ने संस्थान के भविष्य को लेकर अपना दृष्टिकोण साझा किया। वहीं, प्रबंध निदेशक सोनिया ठकराल ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र से छात्रवृत्ति योजना शुरू करने की घोषणा की। ।

आरकेडीएफ विवि में विकसित भारत 2047 के संदर्भ में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

भोपाल। आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, भोपाल के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन तथा भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई), भोपाल चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में 'विकसित भारत 2047 के परिदृश्य में करियर जागरूकता एवं अवसर' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भविष्य के करियर विकल्पों, तकनीकी कौशल, कॉर्पोरेट क्षेत्र की संभावनाओं और बदलते रोजगार परिदृश्य की जानकारी दी गई। संगोष्ठी का शुभारंभ विश्वविद्यालय के महानिदेशक (अनुसंधान) प्रो. (डॉ.) वी.के. सेठी के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके लिए विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता, नवाचार और व्यावसायिक कौशल को अपनाना होगा। मुख्य वक्ता सीएस मनीष पाटीदार, सचिव, आईसीएसआई भोपाल चैप्टर ने कॉर्पोरेट क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों और कंपनी सचिव जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों



के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएस अंकुर चौकसे, अध्यक्ष, आईसीएसआई भोपाल चैप्टर ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस, वित्तीय प्रबंधन और उभरते व्यावसायिक क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि सपन वर्मा, अदाणी समूह, भोपाल ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में उद्योग जगत, तकनीकी नवाचार और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) सतेन्द्र एस. ठाकुर ने विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने और निरंतर सीखने की प्रेरणा दी। तकनीकी सत्र में डॉ. पुनीत द्विवेदी एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गगन शर्मा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल परिवर्तन जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए।

राधारमण सक्सेना की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

भोपाल । राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक स्वर्गीय राधारमण सक्सेना की प्रथम पुण्यतिथि पर मंगलवार को राधारमण परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागृह में श्रद्धांजलि सभा एवं



भजन संध्या आयोजित की गई। इस दौरान परिजनों, संस्थान के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान, सादगीपूर्ण जीवन और समाजसेवा के आदर्शों का स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय सक्सेना का जन्म 12 दिसंबर 1939 को हुआ था। उन्होंने शिक्षा को समाज और नई पीढ़ी के विकास का सशक्त माध्यम मानते हुए राधारमण ग्रुप की स्थापना की। उनके प्रयासों से हजारों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और बेहतर भविष्य के अवसर मिले। कार्यक्रम में भजनों के माध्यम से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। ग्रुप के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव राधारमण सक्सेना ने कहा कि उनके द्वारा स्थापित शिक्षा और सेवा के आदर्श आज भी संस्थान के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी मनोरमा सक्सेना, पुत्र प्रवीण सक्सेना, ग्रुप निदेशक डॉ. पीके लहरी सहित सभी निदेशक, वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक और राधारमण परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

डिजिटल भुगतान करते समय बरतें सावधानी एनपीसीआई ने बताए सुरक्षा के 5 उपाय

भोपाल। त्योहारों के दौरान ऑनलाइन खरीदारी, आकर्षक छूट और नकद वापसी के प्रस्ताव लोगों को लुभाते हैं। इनका फायदा उठाने की जल्दबाजी में कई बार लोग डिजिटल भुगतान के दौरान सावधानी बरतना भूल जाते हैं। इसी का फायदा साइबर ठग नकली कड़ियों, फर्जी प्रस्तावों और अन्य तरीकों से उठाते हैं। ऐसे में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने सुरक्षित डिजिटल भुगतान के लिए पांच जरूरी सुझाव दिए हैं। एनपीसीआई के अनुसार, त्योहारों में ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए हमेशा अधिकृत मोबाइल ऐप और वेबसाइट से ही खरीदारी करें। भुगतान उसी मंच के भुगतान पृष्ठ पर करें, जहां से सामान खरीदा है। मुफ्त उपहार, नकद वापसी और इनाम के लालच में अपनी बैंकिंग जानकारी साझा न करें। इसके अलावा, बिना मांगे आए एक बार इस्तेमाल होने वाले गुप्त संकेत (ओटीपी) को खतरे का संकेत समझें और इसे किसी के साथ साझा न करें। बैंक या भुगतान ऐप का कर्मचारी बताकर फोन करने वाले व्यक्ति को भी यह संकेत न दें। साइबर ठग अक्सर सीमित समय के प्रस्ताव या बैंक खाता बंद होने का डर दिखाकर जल्दबाजी में फैसला करवाते हैं। ऐसे संदेशों की सच्चाई आधिकारिक माध्यम से जांचें।

NPCI नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ALWAYS FORWARD

बीआरई समिट में 130 देशों के प्रतिनिधि जुटे ओडिशा में 1.17 लाख करोड़ के 18 एमओयू

नई दिल्ली। भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो-2026 के दूसरे दिन वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के दिग्गजों ने स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य पर मंथन किया। सम्मेलन में 130 से अधिक देशों के प्रतिनिधि और 40 से अधिक मंत्री शामिल हुए। इस दौरान ओडिशा में1.17 लाख करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश के लिए 18 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव इस मौके पर मौजूद रहे।

चिंतन

ट्रंप को दुनिया में उथल पुथल मचाने की सजा

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे ताकतवर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका की ताकत का जिस तरह इस्तेमाल किया, उससे वैश्विक व्यवस्था में स्थिरता के बजाय अनिश्चितता और टकराव बढ़ा है। कभी युद्ध की धमकी, कभी सैन्य कार्रवाई, कभी व्यापारिक प्रतिबंध तो कभी सहयोगी देशों को टैरिफ लगाने की चेतावनी। ट्रंप की विदेश नीति में कूटनीति और सहमति के मुकाबले दबाव और एकतरफा फैसलों को अधिक महत्व मिला। अब अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में उनकी रिपब्लिकन पार्टी का सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों में बहुमत गंवाना उनकी नीतियों और कार्यशैली पर जनता की नाराजगी का बड़ा संकेत है। ईरान के साथ अमेरिका और इजराइल का युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। परमाणु कार्यक्रम और सुरक्षा चिंताओं के नाम पर शुरू हुआ सैन्य टकराव लंबा खिंच गया। इसके परिणाम केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहे। खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई, कच्चे तेल की कीमतों और परिवहन लागत पर दबाव बढ़ा तथा दुनिया के अनेक देशों में महंगाई की चिंता गहराई। अमेरिका में भी पेट्रोल और रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती कीमतें मतदाताओं के असंतोष का कारण बनीं। वेनेजुएला के मामले में भी ट्रंप प्रशासन की कार्यशैली सवालों के घेरे में रही। किसी संप्रभु देश के राष्ट्रपति को सैन्य अभियान के जरिए हटाना और उसके संसाधनों में अमेरिकी हितों की खुली बात करना अंतरराष्ट्रीय कानून, संप्रभुता और दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की सीमाओं पर गंभीर बहस पैदा करता है। इजराइल और गाजा के मामले में भी ट्रंप की नीति विरोधाभासों से घिरी रही। उन्होंने युद्धविराम और शांति योजना के प्रयास किए, लेकिन गाजा में हिंसा पूरी तरह नहीं रुकी। दूसरी ओर, इजराइल को अमेरिकी सैन्य सहायता और हथियारों की आपूर्ति जारी रखने की नीति ने वॉशिंगटन में भी सवाल खड़े किए। रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भी ट्रंप की नीति में निरंतरता का अभाव दिखाई दिया। कभी 24 घंटे में युद्ध समाप्त कराने का दावा, कभी यूक्रेन पर समझौते के लिए दबाव और कभी रूस के प्रति नरम रुख के संकेत। इससे यूरोपीय सहयोगियों के बीच अमेरिकी प्रतिबद्धता को लेकर चिंता बढ़ी। नाटो और पारंपरिक मित्र देशों के साथ भी ट्रंप का टकरावपूर्ण रवैया भरोसे को प्रभावित करता रहा। भारत समेत कई व्यापारिक साझेदारों को अमेरिकी शुल्क और आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ा। ट्रंप का तर्क रहा कि इससे अमेरिकी उद्योग और रोजगार को संरक्षण मिलेगा, लेकिन आयात महंगा होने का बोझ अंततः अमेरिकी उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर भी पड़ता है। व्यापारिक रिश्तों को सहयोग के बजाए दबाव का माध्यम बनाने से वैश्विक निवेश और आपूर्ति श्रृंखलाओं में अनिश्चितता बढ़ी। मिडटर्म चुनाव में डेमोक्रेट्स को दोनों सदनों में बहुमत मिलना इसी व्यापक असंतोष की राजनीतिक अभिव्यक्ति है। अब विपक्ष को ट्रंप प्रशासन की नीतियों की जांच, सैन्य कार्रवाई पर सवाल और आर्थिक फैसलों की समीक्षा करने का अधिक अवसर मिलेगा। लोकतंत्र में राष्ट्रपति की शक्ति जनता की सहमति और संवैधानिक संस्थाओं की निगरानी से संचालित होती है। ट्रंप को समझना होगा कि अमेरिका की ताकत का अर्थ दुनिया को अपनी शर्तों पर चलाना नहीं है। युद्ध, व्यापार और कूटनीति में दबाव के बजाए संवाद, भरोसे और साझेदारी को प्राथमिकता देनी होगी। दुनिया को महाशक्ति की मनमानी नहीं, जिम्मेदार नेतृत्व की जरूरत है।



विश्लेषण

राज कुमार सिन्हा

विपक्षी एकता के केंद्र में राहुल गांधी

इंडिया गठबंधन की रैली भारतीय राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। यह रैली केवल चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठाए गए सवालों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसने विपक्षी राजनीति में नेतृत्व, एकजुटता और भविष्य की रणनीति से जुड़े कई सवालों को भी सामने रखा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं ने इसे केवल राजनीतिक लड़ाई नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की सीधी जंग बताया है। कांग्रेस का मानना है कि इस मुद्दे का जुड़ाव सीधे आम जनता के भविष्य और अधिकारों से है। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, फारूक अब्दुल्ला और वामपंथी दलों के नेताओं की मौजूदगी ने विपक्षी एकजुटता का संदेश दिया है।

दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को आयोजित विपक्षी इंडिया गठबंधन की रैली भारतीय राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। यह रैली केवल चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठाए गए सवालों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसने विपक्षी राजनीति में नेतृत्व, एकजुटता और भविष्य की रणनीति से जुड़े कई सवालों को भी सामने रखा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं ने इसे केवल राजनीतिक लड़ाई नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की सीधी जंग बताया है। कांग्रेस का मानना है कि इस मुद्दे का जुड़ाव सीधे आम जनता के भविष्य और अधिकारों से है। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, फारूक अब्दुल्ला और वामपंथी दलों के नेताओं की मौजूदगी ने विपक्षी एकजुटता का संदेश दिया है।

इस आयोजन का एक महत्वपूर्ण राजनीतिक पहलू यह रहा कि विभिन्न विचारधाराओं, क्षेत्रीय हितों और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं वाले दल एक साझा मंच पर दिखाई दिए। राहुल गांधी इस आयोजन के प्रमुख चेहरों में शामिल रहे। इससे यह बहस तेज हुई है कि क्या राहुल गांधी अब विपक्ष के सर्वमान्य नेता के रूप में उभर रहे हैं? राहुल गांधी की राजनीतिक भूमिका को समझने के लिए पिछले कुछ वर्षों के घटनाक्रम पर नजर डालना जरूरी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की पराजय के बाद उनके नेतृत्व को लेकर पार्टी के भीतर और बाहर सवाल उठे थे। भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में जनता के बीच पहुंचने की कोशिश की थी। इन यात्राओं ने उन्हें केवल कांग्रेस के नेता के बजाय राष्ट्रीय राजनीतिक विमर्श में एक सक्रिय विपक्षी चेहरे के रूप में स्थापित करने में भूमिका निभाई। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद उनकी राजनीतिक स्थिति में एक और महत्वपूर्ण बदलाव आया, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद मिलने से उन्हें संवैधानिक और संसदीय स्तर पर विपक्ष की आवाज उठाने की औपचारिक जिम्मेदारी मिली। संसद में उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई, किसानों, सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता जैसे मुद्दों को लगातार उठाया है। दिल्ली की रैली में उनकी भूमिका इसी राजनीतिक यात्रा की अगली कड़ी के रूप में देखी जा सकती है। रैली में विपक्ष के कई बड़े नेताओं की उपस्थिति के बावजूद राहुल गांधी प्रमुख वक्ता और आंदोलन के केंद्रीय चेहरों में शामिल रहे। भारतीय राजनीति में विपक्षी एकता की सबसे बड़ी चुनौती हमेशा नेतृत्व और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं का टकराव रही है। कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है, लेकिन कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों का अपना मजबूत जनाधार और राजनीतिक प्रभाव है। ममता बनर्जी और अखिलेश यादव जैसे नेताओं की अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान और संगठनात्मक ताकत है। इसलिए विपक्षी नेतृत्व का सवाल अभी भी गठबंधन के भीतर राजनीतिक सहमति और व्यवहारिक तालमेल से जुड़ा हुआ है। यहां एक महत्वपूर्ण बात समझना जरूरी है कि मतदाता सूची में इतनी बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने की प्रक्रिया में



पारदर्शिता, प्रभावित मतदाताओं को सुनवाई का अवसर और शिकायतों के त्वरित समाधान की व्यवस्था होना लोकतंत्र के लिए अनिवार्य है। राहुल गांधी ने इस मुद्दे को विपक्षी राजनीति के केंद्र में लाकर चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता और नागरिकों के मताधिकार को एक बड़े राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाया है। विपक्ष के लिए यह केवल सत्ता पक्ष का विरोध करने का मुद्दा नहीं, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग भी है। कांग्रेस में राहुल गांधी की केंद्रीय राजनीतिक भूमिका स्पष्ट है। इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेता उनके साथ साझा मंचों पर दिखाई दे रहे हैं। वहीं, देशभर में यात्राओं, संसदीय बहसों और सार्वजनिक अभियानों के माध्यम से उन्होंने अपनी राजनीतिक उपस्थिति बढ़ाई है। लेकिन विपक्ष का सर्वमान्य नेता बनने के रास्ते में कुछ चुनौतियां भी हैं। कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के बीच सीटों के बंटवारे, राज्यों में आपसी प्रतिस्पर्धा, नेतृत्व की भूमिका और चुनावी रणनीति को लेकर मतभेद सामने आते रहे हैं। इसके अलावा गठबंधन के भीतर ममता बनर्जी और अन्य क्षेत्रीय नेताओं की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इसलिए राहुल गांधी की बढ़ती केंद्रीय भूमिका को विपक्षी नेतृत्व के प्रश्न का महत्वपूर्ण घटनाक्रम तो माना जा सकता है, लेकिन भविष्य में सभी दलों को लेकर चलना महत्वपूर्ण कसौटी होगा। भारतीय लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष की भूमिका केवल सरकार की आलोचना करना नहीं है। विपक्ष को जनता के सामने वैकल्पिक नीतियां, कार्यक्रम और शासन का स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत करना भी जरूरी है।

आज देश के सामने बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की आर्थिक स्थिति, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, बढ़ती आर्थिक असमानता, पर्यावरण संकट और सामाजिक तनाव जैसी अनेक चुनौतियां हैं। विपक्ष यदि इन मुद्दों पर साझा कार्यक्रम तैयार करता है, तो उसकी राजनीतिक प्रासंगिकता केवल चुनावी विरोध तक सीमित नहीं रहेगी। राहुल गांधी के सामने भी यही सबसे बड़ी चुनौती है। उन्हें यह स्पष्ट करना होगा कि विपक्ष सत्ता में आने की स्थिति में रोजगार, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, संघीय ढांचे और सामाजिक न्याय के सवालों पर क्या वैकल्पिक नीतियां अपनाएगा। इसके साथ ही कांग्रेस को भी अपने संगठन को मजबूत करना होगा। विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों के साथ सम्मानजनक संबंध, सीटों के बंटवारे में व्यावहारिक समझौते और साझा कार्यक्रम की प्रतिबद्धता जरूरी होगी।

दिल्ली के रामलीला मैदान की रैली ने विपक्षी राजनीति में राहुल गांधी की केंद्रीय भूमिका को एक बार फिर रेखांकित किया है। यह आयोजन इस बात का संकेत है कि विपक्ष के कई प्रमुख दल लोकतांत्रिक संस्थाओं और मताधिकार से जुड़े मुद्दों पर राहुल गांधी के साथ खड़े होने को तैयार हैं। राहुल गांधी के लिए यह अवसर भी है और चुनौती भी। यदि वे विपक्षी दलों के बीच भरोसा कायम करने, क्षेत्रीय नेतृत्व को साथ लेकर चलने और जनता के सामने एक विश्वसनीय वैकल्पिक राजनीतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने में सफल होते हैं, तो उनकी नेतृत्वकारी भूमिका और मजबूत हो सकती है। लोकतंत्र में विपक्ष का मजबूत होना उतना ही जरूरी है, जितना सत्ता पक्ष का जवाबदेह होना। इसलिए दिल्ली की रैली का वास्तविक महत्व किसी एक नेता की राजनीतिक प्रतिष्ठा से आगे बढ़कर इस सवाल में निहित है कि क्या भारत का विपक्ष अपनी विविधताओं के बावजूद एक साझा लोकतांत्रिक और राजनीतिक विकल्प तैयार कर पाएगा?

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन

पंकज चतुर्वेदी



ग्रीन पटाखे : पर्यावरण का सच या नया छलावा

बीते एक दशक से दिल्ली एनसीआर में दीपावली और खुशियों के बीच अदालत के बारास्त आतिशबाजी खड़ी हो जाती है। इसमें कोई शक नहीं कि दिवाली नज़दीक आते ही सांसों पर संकट छा जाता हैं, लेकिन यह भी कड़वा सच है कि दिल्ली और उसके आसपास वायु प्रदूषण तो पूरे साल रहता है और शहर के लोग अपनी आदतें बदलने की जगह कभी आतिशबाजी तो कभी पराली के सर दोष मढ़ते रहते हैं। उच्चतम न्यायालय ने इस साल भी कड़ा संदेश दे दिया कि दूसरों के जीवन की कीमत पर आतिशबाजी दागने की छूट नहीं दी जा सकती है। कोर्ट ने केवल दो दिन के लिए कुछ घंटों के लिए ग्रीन-क्रेकर या पर्यावरण-मित्र आतिशबाजी की अनुमति दी हैं। वैसे पिछले कई सालों से दीपावली पर अदालत के आदेश धुएं में उड़ते दिखते हैं, वहीं ग्रीन-पटाखे "गुड़ खाकर गुलगुले से परहेज करने" जैसे हैं। जिन कारणों से आतिशबाजी पर पूरी पाबंदी की बात होती हैं, ये ग्रीन पटाखे उन मानदंडों पर बस उन्नीस ही रहते हैं। एक बात समझ लें कि भले ही उनका नाम "ग्रीन पटाखा" है लेकिन सच यह है कि ग्रीन पटाखे भी उतने "ग्रीन" नहीं जितना नाम से लगता है। सामान्य पटाखों में बैरियम नाइट्रेट, सल्फर, एल्युमिनियम और पोटैशियम नाइट्रेट जैसे रसायन होते हैं जो जलने पर ज़हरीली गैसें छोड़ते हैं। ग्रीन पटाखों में इन्हीं रसायनों की मात्रा कम रखी जाती है या कुछ जगह उनके स्थान पर कम हानिकारक यौगिकों का इस्तेमाल किया जाता है। इन्हें भारत सरकार की वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान सीएसआईआर और नीरी अर्थात 'वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान' ने विकसित किया था, ताकि पारंपरिक पटाखों से 30 प्रतिशत तक कम प्रदूषण हो। ग्रीन पटाखे तीन किस्म के विकसित किए गए थे। पहली श्रेणी है 'स्वास' या 'सेफ वाटर रिलीजर'। ये जलने पर जल वाष्प छोड़ते हैं, जो धूल के कणों को दबाने में मदद करता है। इसमें सल्फर और पोटेशियम नाइट्रेट का उपयोग नहीं होता। 'स्टार' को 'सेफ थरमाईट क्रेकर' कहा जाता है।

इनमें पोटेशियम नाइट्रेट और सल्फर नहीं होता। ये कम शोर के साथ पीएम कणों को कम उत्सर्जित करते हैं। तीसरे तरह की 'सफल' आतिशबाजी यानि 'सेफ मिनिमम एल्युमियम' में पारंपरिक पटाखों में इस्तेमाल एल्युमीनियम की मात्रा को काफी कम रखा जाता है, या मैग्नीशियम जैसे विकल्प का उपयोग होता है। चूंकि इस तरह की आतिशबाजी को बनाना थोड़ा महंगा होता है सो अधिकांश बाजार महज लेबल लगाकर पारंपरिक आतिशबाजी बेचता है। विदित हो कि साल 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने पारंपरिक पटाखों पर रोक लगाकर केवल "ग्रीन पटाखों" को अनुमति दी थी। तभी से असल बाजार में जो पटाखे बिक रहे हैं, उनमें से ज़्यादातर नकली या बिना प्रमाणित हैं। यानी नीति बनी, पर निगरानी नहीं हुई। यदि रासायनिक सम्मिश्रण की बात की जाए तो ग्रीन पटाखों में भले बैरियम न हो, लेकिन अमोनियम और एल्युमिनियम यौगिकों के जलने से निकलने वाले सूक्ष्म धात्विक कण यथावत हैं। ये कण शरीर के भीतर जाकर फेफड़ों में सूजन, सिरदर्द और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं बढ़ाते हैं। कथित ग्रीन पटाखे में पोटैशियम नाइट्रेट, अमोनियम नाइट्रेट और एल्युमिनियम पाउडर का इस्तेमाल होता है और इनके जलने से भी नाइट्रोजन ऑक्साइड और एल्युमिनियम ऑक्साइड उत्सर्जित होते हैं जो फेफड़ों, आंखों और त्वचा के लिए हानिकारक हैं। विदित हो अमोनियम नाइट्रेट कई देशों में विस्फोटक पदार्थ के रूप में प्रतिबंधित है; इससे अमोनिया और नाइट्रस ऑक्साइड हैं। कोई भी दहन-आधारित प्रक्रिया, जिसमें पटाखों का जलना शामिल है, कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों का उत्सर्जन करती है। ग्रीन पटाखों में भी दहन के लिए जिस सामग्री का इस्तेमाल होता है, उससे कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रस ऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जित होती ही हैं, हां कहा जा सकता हैं कि पारम्परिक आतिशबाजी से कोई 30 फीसदी कम। यही नहीं पिछले कुछ वर्षों में हुए परीक्षणों में पाया गया कि ग्रीन पटाखे भी पीएम -2.5 और पीएम -10 कणों का स्तर 20 से 25 प्रतिशत बढ़ा देते हैं। ग्रीन पटाखे पारंपरिक पटाखों से कुछ कम हानिकारक जरूर हैं, लेकिन पर्यावरण के लिए सुरक्षित नहीं। यह एक दिखावटी सुधार है, असली समाधान नहीं। जब तक हमारी सोच "कम प्रदूषण" से आगे बढ़कर "बिना प्रदूषण" की दिशा में नहीं जाएगी, तब तक हर दीवाली हमारी हवा में और ज़हर घोलेगी। सरकार और समाज दोनों को इस दिशा में जागरूक होना होगा, तभी "ग्रीन दीवाली" वास्तव में हरी-भरी और स्वस्थ होगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अनासक्त हुए बिना करें दूसरों की भलाई



संकलित

दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है।

गुरु नानक के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित

प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

सटाका



आज की पाती

देश-दुनिया में बढ़ रही बेरोजगारी की समस्या

बेरोजगारी की समस्या हमारे देश के लिए ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के लिए चुनौती बन रही है, क्योंकि इसका एक तो मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या और दूसरा मशीनीकरण है। जनसंख्या जिस हिसाब से बढ़ रही है, उस हिसाब से रोजगार अवसर नहीं बढ़ रहे हैं। दूसरा फैक्टरी, कंपनी, खेत या अन्य किसी भी जगह पर जिस काम को दस लोग करते थे, अब उसी काम को मशीन द्वारा एक ही व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में लाजिमी है कि देश-दुनिया में बेरोजगारी की लाइन बढ़ती जाए।

-मनिता शर्मा, अंबाला

ट्रेंड

छत्तीसगढ़ नक्सल-मुक्त



दशकों तक माओवादियों ने छत्तीसगढ़ को हिंसा के अंधेरे में धकेले रखा, जबकि कांग्रेस सरकारों ने उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, यही छत्तीसगढ़ नक्सल-मुक्त होकर विकास, सुशासन और जनसेवा का पर्याय बन रहा है। -अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

पंजाब में नशा



पंजाब ने 'आप' पर भरोसा किया, मान पर भरोसा किया। वादा यह था- हम नशों को जड़ से खत्म कर देंगे। पंजाब के किस कोने से आपने नशों को खत्म किया है? पंजाब को एक ऐसा सीएम चाहिए जो यहां के दर्द को समझे, पूरी ताकत से नशों के खिलाफ लड़े। - राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

भाजपा की बी-टीम 'आप'



आम आदमी पार्टी, 'भाजपा की बी-टीम' है। कांग्रेस जहां भी चुनाव लड़ने जाती है, 'आप' वहां पहुंचकर पूरा समीकरण बिगाड़ देती है। हम गुजरात में जीत रहे थे, लेकिन 'आप' ने वहां खेल बिगाड़ दिया। हम गोवा में भी जीत रहे थे, वहां भी सब गड़बड़ कर दिया। - मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

सेकंड टूर ऑफ ड्यूटी



अग्निवीरों के लिए 'सेकंड टूर ऑफ ड्यूटी' को मंजूरी मिलने से युवाओं को राष्ट्र सेवा से जुड़े रहने का एक नया अवसर मिलेगा। जो अग्निवीर अपना शुरुआती चार साल का कार्यकाल पूरा कर लेंगे, वे अब सेना में दो और साल तक सेवा दे सकेंगे।

-परवेश साहिब सिंह, कैबिनेट मंत्री, दिल्ली

करंट अफेयर

ब्रिटेन में भारतीय छात्रों को बढ़ावा देने के लिए समझौता



ब्रिटेन में भारतीय छात्रों के एक प्रमुख संगठन और लंदन मेट्रोपॉलिटन विश्वविद्यालय ने छात्रों के शैक्षणिक सफर, रोजगार के अवसरों, अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और नीतिगत सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता किया है। नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनी यूनियन (एनआईएसएयू) यूके ने बताया कि आमतौर पर लंदन मेट के नाम से लोकप्रिय इस विश्वविद्यालय के साथ पिछले सप्ताह हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में आयोजित एक समारोह में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

संगठन के अनुसार, इस साझेदारी के तहत दोनों देशों के शैक्षणिक संस्थानों, नियोक्ताओं और नीति निर्माताओं को एक साथ लाने वाले 'ट्रिपल हेलिक्स मॉडल' पर काम किया जाएगा। लंदन मेट्रोपॉलिटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर जूली हॉल ने कहा, लंदन मेट में हमारा उद्देश्य हमेशा स्पष्ट रहा है। हम शिक्षा के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''हमारी कोशिश है कि हमारे समुदाय, दृष्टिकोण और साझेदारियों में भी यह विविधता प्रतिबिंबित हो।

ऑफ बीट

उपग्रहों का शोर दूरबीनों और जीपीएस को कर रहा बाधित



एक दशक से भी कम समय पहले पृथ्वी की कक्षा में करीब 2,000 सक्रिय उपग्रह थे। आज इनकी संख्या बढ़कर 15,000 से अधिक हो गई है। आने वाले समय में लाखों और उपग्रह भेजने की योजना है। इन उपग्रहों से पैदा होने वाली 'अंतरिक्ष अपशिष्ट' की समस्या पर काफी चर्चा हुई है। लेकिन एक दूसरी समस्या पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। इन उपग्रहों से निकलने वाला रेडियो शोर उन दूरबीनों को प्रभावित कर रहा है, जो ब्रह्मांड को समझने में हमारी मदद करती हैं। इससे जीपीएस को सही ढंग से काम करने में मदद देने वाले माप भी गलत हो रहे हैं। राहत की बात यह है कि इस समस्या को ठीक करने का एक तरीका है, बशर्ते हम अभी कदम उठाएं। रेडियो दूरबीनें उन संकेतों को पकड़ सकती हैं, जो बिग बैंग के कुछ समय बाद पैदा हुए थे। इनकी मदद से खगोलविद प्रारंभिक ब्रह्मांड और पिछले 13.8 अरब वर्ष में इसके विकास को समझ पाते हैं। रेडियो दूरबीनें बहुत दूर स्थित आकाशगंगाओं की सटीक स्थिति का पता लगाने में भी मदद करती हैं। इन आकाशगंगाओं को आधार बनाकर पृथ्वी पर जीपीएस जैसी तकनीकों को अधिक सटीक बनाया जाता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

स्वदेशी केवल नारा नहीं, इसे दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लें : राज्यपाल पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वदेशी केवल 'लोकल फॉर वोकल' का नारा सुनने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को इस बात पर ध्यान देना होगा कि वह अपने दैनिक जीवन में कितनी स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करता है।



देश में बनी वस्तुओं को प्राथमिकता देना और स्वदेशी उत्पादों को अपनाना हम सभी का संकल्प होना चाहिए।

यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बुधवार को स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन द्वारा शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय परिसर में आयोजित स्वदेशी मेले के समापन अवसर पर कही। राज्यपाल पटेल ने कहा कि मेले में आने वाले लोगों को केवल स्वयं स्वदेशी वस्तुएं खरीदकर नहीं रुकना चाहिए, बल्कि अपने घर और आसपास के लोगों को भी बताना चाहिए कि उन्होंने मेले से कौन-कौन से स्वदेशी उत्पाद खरीदे हैं। इससे स्वदेशी का भाव अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेगा।

एमवीएम कॉलेज परिसर में चल रहे स्वदेशी मेले का हुआ समापन



मंच पर राज्यपाल पटेल, सांसद चौधरी के साथ मेले में पहुंचे लोगों का अभिवादन करते अतिथि।

मेले में आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

देशभर के आए स्वदेशी उत्पाद

यह मेला 24 अक्टूबर से 4 नवंबर तक एमवीएम कॉलेज परिसर में चला। कार्यक्रम में मेला संयोजक सतीश विश्वकर्मा, सुधीर दाते, श्रीकांत बुधौलिया, मध्यभारत प्रांत महिला कार्य प्रमुख एवं मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता संयोजक सीमा भारद्वाज, मेला सह संयोजक दीपक वर्मा, रमन तिवारी और विनय सोनी, शोभराज सुखवानी, अजय सोनी, अभिषेक तिवारी, हरिओम सेन महेंद्र चौहान, वीरेंद्र पटेल, अश्विनी कुमार सहित अन्य पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

लघु उद्यमियों और महिलाओं को मंच देना मेले का उद्देश्य : विश्वकर्मा

मेला संयोजक सतीश विश्वकर्मा ने कहा कि यह मेला बिना लाभ-हानि के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य छोटे और बड़े शहरों में काम कर रहे लघु उद्यमियों को एक मंच उपलब्ध कराना है, ताकि उनके उत्पादों को बाजार मिल सके और वे अपने काम को आगे बढ़ा सकें। स्वदेशी जागरण मंच का प्रयास है कि देश आत्मनिर्भर बने, अर्थव्यवस्था मजबूत हो और लोग स्वदेशी वस्तुओं को अपने जीवन में अपनाएं।

जगाई थी आजादी की लौ : पद्मश्री नागर

पद्मश्री मोहन नागर ने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन में दो मूल मंत्र रहे, पहला वंदे मातरम और दूसरा स्वदेशी। स्वतंत्रता के बाद सत्ता में आई सरकारों ने स्वदेशी के महत्व को उतनी प्राथमिकता नहीं दी, जितनी देश को मजबूत बनाने के लिए जरूरी थी। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी की आवाज फिर से पूरे देश में बुलंद हुई।



मेले में 200 से अधिक स्टॉल

मीडिया प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि भोपाल में दूसरे वर्ष आयोजित स्वदेशी मेले में बड़ी संख्या में उद्यमियों और व्यापारियों ने अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए। इस वर्ष मेले में अच्छी बिक्री हुई और उद्यमियों को प्रोत्साहन मिला। देशभर में अब तक करीब 800 स्वदेशी मेले आयोजित किए जा चुके हैं।

भजन संध्या में 'सबके राम-सबमें राम' की संगीतमय प्रस्तुति



मेले के अंतिम दिन सांस्कृतिक मंच पर विशेष भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें देशभर में अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों के लिए प्रसिद्ध कृष्णगोपाल पाठक ने अपनी पुत्रियों आहना कृष्ण पाठक, सुदीक्षा पाठक और श्लोका पाठक के साथ 'सबके राम-सबमें राम' की प्रस्तुति दी। इस दौरान प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव के भजनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, मातृभूमि और पूर्वजों के गौरव का गुणगान किया गया।

रूट्स एंड रिदम की ओर से रवींद्र भवन में कला प्रदर्शनी का आयोजन

कहीं दिखी बाबा पिथौरा की आस्था तो कहीं जंगलों में परिंदों की उड़ान...

40 कलाकारों की पेंटिंग्स में दिखेगी जनजातीय जीवन की अनूठी झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



कहीं कैनवास पर बाबा पिथौरा के प्रति जनजातीय समाज की अटूट आस्था रंगों के जरिए जीवंत होती दिखी तो कहीं गोल गधेड़ो नृत्य, धार माता की पूजा और इंद्र देवता से जुड़ी मान्यताएं आदिवासी संस्कृति की कहानी बयां करती नजर आईं। वहीं, जंगलों में विचरते पक्षियों से लेकर बरगद के वृक्ष में समाए जीवन और जैव विविधता के संसार तक, हर कलाकृति प्रकृति, परंपरा और जीवन के अनूठे रिश्ते को अभिव्यक्त करती नजर आई रवींद्र भवन की ललित कला आर्ट गैलरी में। जनजातीय कला के इन्हीं विविध रंगों को समेटे रूट्स एंड रिदम की ओर से रवींद्र भवन में मंगलवार से गोंड और भील कला प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। अंकित जैन





के आयोजन में शहर के करीब 40 कलाकार अपनी कलाकृतियों के माध्यम से जनजातीय समाज की आस्था, सांस्कृतिक विरासत और प्रकृति से उसके गहरे जुड़ाव को प्रदर्शित कर रहे हैं।



गोल गधेड़ो नृत्य से लेकर धार माता की पूजा को दर्शाते चित्र

वहीं आर्टिस्ट निर्मला भाबौर के चित्र में भील जनजाती के प्रचलित गोल गधेड़ो नृत्य से लेकर धार माता की पूजा और इंद्र देवता की मान्यता तक को दर्शाते तीन कलाकृतियों में झाबुआ की जनजातीय संस्कृति का जीवंत चित्रण देखने को मिला। जहां गोल गधेड़ो नृत्य केवल उत्सव और उल्लास का अवसर नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की एक खास विवाह परंपरा से भी जुड़ा है। तो वहीं इस समूह में बारिश न होने पर धार माता की पूजा का महत्व है, साथ ही हिरण पर आधारित चित्र में भी जनजातीय मान्यता स्पष्ट रुप से परिलक्षित होती है।

परिंदों की उड़ान में आजादी का संदेश दे रहीं कलाकृति

खुले आसमान में उड़ते परिंदे और जंगलों के बीच चहचहाते पक्षी प्रकृति की सबसे खूबसूरत तस्वीर पेश करते हैं। इसी खूबसूरती और स्वतंत्रता के भाव को गोंड आर्टिस्ट श्रुति धुर्वे ने अपनी कलाकृतियों में उकेरा है। प्रदर्शनी में उनके दो आर्ट वर्क शामिल हैं, जिनमें पक्षियों के जीवन और उनकी स्वच्छंद दुनिया को बेहद खूबसूरत अंदाज में दर्शाया गया है। श्रुति की एक पेंटिंग में घने जंगलों के बीच एक चिड़िया की मौजूदगी प्रकृति के साथ उसके सहज जुड़ाव को बयां करती है तो वहीं दूसरी कलाकृति में मोरों का एक झुंड अपनी स्वाभाविक गतिविधियों में मग्न दिखाई देता है।



बाबा पिथौरा की आस्था को कैनवास पर उतारा



आर्टिस्ट मनीषा भूरिया ने जनजातीय परंपरा और धार्मिक विश्वासों को रंगों के जरिए अपनी एक पेंटिंग में बाबा पिथौरा को स्थान दिया है, जो जनजातीय समाज की गहरी आस्था और सांस्कृतिक परंपरा से जुड़े हैं। पिथौरा चित्रकला केवल दीवारों को सजाने की कला नहीं, बल्कि जनजातीय समुदाय के विश्वास, श्रद्धा और जीवन-दर्शन की अभिव्यक्ति मानी जाती है। मनीषा ने अपनी कलाकृति के माध्यम से इसी परंपरा और आस्था को रंगों में सहेजने का प्रयास किया है।

बरगद के वृक्ष में उकेरी जीवन की अनंत कहानी



वहीं सोनी व्योम के बने ट्री ऑफ लाइफ के रूप में चित्रित बरगद का पेड़, रंग-बिरंगे पक्षियों और जीवों के माध्यम से गोंड जनजाति की प्रकृति से जुड़ी जीवन-दृष्टि को अभिव्यक्त किया है। इस वृक्ष की फैली हुई शाखाएं, हरे-गुलाबी पत्तों से सजा घना विस्तार और उन पर बसे रंग-बिरंगे पक्षी प्रकृति की जीवंतता और जैव विविधता का सुंदर संसार रचते हैं।

इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज में 'आगाज 2के26'



'वीव्स ऑफ इंडिया' के रंगों में सजा फ्रेशर्स का मंच, मान्य और लोबसांग बने फ्रेशर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय परिधानों की विविधता, रंगों की खूबसूरती और परंपराओं की विरासत जब रैंप पर उतरी तो फ्रेशर्स पार्टी का मंच संस्कृति के उत्सव में बदल गया। कहीं देश के अलग-अलग अंचलों के पारंपरिक परिधान नजर आए तो कहीं नृत्य, नाटक और संगीत ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच दिया। मौका था बीएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज में आयोजित 'आगाज 2के26' का। 'वीव्स ऑफ इंडिया' थीम पर आधारित रैंप वॉक में विद्यार्थियों ने इंडियन डिजाइंस के साथ साथ रीजनल ड्रैसिंग स्टाइल के जरिए देश की सांस्कृतिक विविधता को खूबसूरती से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मान्य दुबे को मिस्टर फ्रेशर और लोबसांग एटनपोज को मिस फ्रेशर चुना गया।



सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, रील मेकिंग प्रतियोगिता रहीं खास

मिस सेंट्रल इंडिया 2026 पूर्णिमा सुनमोरिया ने रैंप वॉक की निर्णायक की भूमिका निभाई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, रील मेकिंग प्रतियोगिता और रस्साकशी ने उत्सव का रोमांच बढ़ाया। इस अवसर पर संस्थान के न्यूजलेटर मंथन का विमोचन भी किया गया।



स्कोप में संगीत, फैशन और हुनर के रंगों से सजा 'दिवाली स्किल वाली'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हुनर को मंच मिला, फैशन में रचनात्मकता दिखी और संगीत की धुनों पर युवा जमकर थिरके। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय दिवाली स्किल वाली 2026 का बुधवार को उत्साह और उमंग के साथ समापन हुआ। आयोजन के पहले दिन करीब तीन हजार विद्यार्थियों ने भागीदारी की। चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी की उपस्थिति में आयोजित इस उत्सव में स्वदेशी उत्पादों, क्रिएटिव स्टॉल्स और फूड जोन के जरिए विद्यार्थियों की उद्यमशीलता और रचनात्मकता को मंच मिला। दूसरे दिन डेरेक नथनील की बैंड परफॉर्मेंस मुख्य आकर्षण रही। संगीत, संस्कृति और कौशल के संगम ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।







50 से 83 वर्ष तक के बुजुर्गों ने बनाया सहयोग का परिवार 'ब्लेस्ड बड्र्स'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ब्लेस्ड बड्र्स' फोटो अकेलेपन की राह पर अपनों का साथ मिल जाए तो जिंदगी आसान हो जाती है। इसी सोच के साथ भोपाल में 'हम पंछी एक डाल के- ब्लेस्ड बड्र्स' समूह एक अनूठी मिसाल पेश कर रहा है। इसमें 50 से 83 वर्ष तक के ऐसे नागरिक जुड़े हैं, जो जीवनसाथी के न होने या बच्चों से दूर रहने के कारण अकेले जीवन बिता रहे हैं। अप्रैल में महज 18 सदस्यों से शुरू हुए इस समूह से अब करीब 59 लोग जुड़ चुके हैं। इसका उद्देश्य जरूरत और आपात स्थिति में एक-दूसरे का परिवार बनकर साथ देना है। हाल ही में समूह के चार सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत पड़ी तो अन्य सदस्यों ने आगे बढ़कर उनकी देखभाल की और परिवार की कमी महसूस नहीं होने दी। समूह हर महीने मिलन समारोह आयोजित करता है, जहां जन्मदिन मनाने के साथ मनोरंजक गतिविधियां होती हैं और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाता है।

जनजातीय संग्रहालय में 79वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी शुरू, 30 नवंबर तक देख सकेंगे

जंगलों की हरियाली, पहाड़ों की सुंदरता, वन्यजीवन और प्रकृति के रंगों से सजी दीपिका की गोंड चित्रकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जंगलों की हरियाली, पहाड़ों की खूबसूरती और वन्यजीवन की जीवंतता जब पारंपरिक गोंड शैली में कैनवास पर उतरती है तो प्रकृति का अनूठा संसार आकार लेता है। ऐसी ही कलात्मक अभिव्यक्ति देखने को मिल रही है मप्र जनजातीय संग्रहालय की लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में, जहां गोंड चित्रकार दीपिका धुर्वे के चित्रों की प्रदर्शनी शुरू हुई है। डिंडोरी जिले के पाटनगढ़ में पली-बढ़ीं दीपिका पिछले दस वर्षों से चित्रकारी कर रही हैं। उन्होंने अपनी मां चंद्रकला पुषाम से पारंपरिक गोंड चित्रकला की बारीकियां सीखीं। उनके चित्रों में प्रकृति, जंगल, स्थानीय परिवेश और वन्यजीवन के साथ जनजातीय समाज की जीवन-दृष्टि और प्रकृति से उसका आत्मीय रिश्ता नजर आता है।







जनजातीय संग्रहालय में आयोजित प्रदर्शनी में अवलोकन के लिए रखे गए दीपिका के चित्र।



प्रकृति, स्थानीय परिवेश, जंगल की होती हैं अभिव्यक्ति

दीपिका ने कहा कि मैं अपनी सफलता का संपूर्ण श्रेय अपनी मां चन्द्रकला पुषाम को देती हूं। लंबे समय तक आपने उनके चित्रकला कार्यों में सहयोग किया। मां की सतत प्रेरणा, मार्गदर्शन और अनुभव ने दीपिका की चित्रकला को परिष्कृत एवं सुघड़ बनाया। उन्होंने कहा कि मेरे चित्रों में प्रकृति, स्थानीय परिवेश, जंगल और वन्य जीवन की प्रमुखता से अभिव्यक्त होते हैं।

जैकेट दो का शेष...

अग्निवीरों को बड़ा ...

देखा जा रहा है। अगले साल की शुरुआत में पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन राज्यों से बड़ी संख्या में युवक सेना में शामिल होते हैं और वे अग्निपथ योजना के जरिए इसके लाभुक बने हैं। अब उन्हें दो साल का सेवा विस्तार मिल गया है।

दुष्कर्म -पॉक्सो मामलों ...

31 मार्च 2031 तक जारी रहने वाली इस योजना में हिस्सा लेने वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष पॉक्सो अदालत सहित 850 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों के संचालन का प्रावधान है। इसके तहत लंबित मामलों के जल्दी निपटान के लिए समर्पित न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का प्रावधान है। इस योजना पर वर्ष 2031 तक कुल 3,788.04 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें केंद्र सरकार 2,353.15 करोड़ और राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों का हिस्सा 1,434.89 करोड़ रुपए है। मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि केंद्र सरकार का हिस्सा निर्भया फंड से दिया जाएगा। सरकार का कहना है कि इस योजना से लंबित मामलों में कमी आएगी।

संघ सरकार्यवाह बोले...

का कार्यक्रम भी किया था। युवाओं की वास्तविक समस्याओं और मांगों का प्रशासनिक स्तर पर समाधान होना चाहिए। बैठक में समाजसेवी महापुरुषों के कार्यों को आगे बढ़ाने, जेन जेड के बदलते रुझानों और शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती की भूमिका पर भी चर्चा हुई। युवाओं को नशे से बचाने के लिए संघ विशेष योजना बनाएगा। जो युवा ड्रग्स और नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं, उनकी काउंसलिंग की जाएगी। आरक्षण पर होसबाले ने कहा कि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को जब तक समान अवसर नहीं मिलते, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। इसका लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। आरक्षण सामाजिक और ऐतिहासिक परिस्थितियों के आधार पर हो, राजनीति के लिए नहीं। कृष्ण जन्मभूमि समेत अदालतों में चल रहे मंदिरों के मामलों पर उन्होंने कहा, हमें राम मंदिर बनाकर दिखाना था, वह हमने बना दिया। बाकी मामले कोर्ट में चल रहे हैं, उन्हें वहीं रहने देना चाहिए। उन्होंने बताया कि नवंबर-दिसंबर में संघ के प्रांतों में संघचालकों का निर्वाचन और नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसके बाद देशभर के 88 संभागों में संगठन के काम की योजना तैयार होगी।

मतदाता सूची के ...

था, क्योंकि उन्होंने अपने गांव के बजाए बेंगलुरु से मतदान किया था। उन्होंने सवाल उठाया कि मतदाता सूची के परीक्षण पर राजनीति क्यों होनी चाहिए।

पंजीयन की कोई...

लिए उनका वैलिडेशन कोई मायने नहीं रखता। संघ के पंजीयन पर होसबाले ने कहा कि संघ समाज का अंग है और कई संगठन ऐसे हैं, जिनका पंजीयन नहीं है। उन्होंने कहा कि संघ के पंजीयन की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है। संगठन देश के संविधान और कानून के अनुसार काम कर रहा है।

80 देशों में ...

संगठन बनाने का उद्देश्य नहीं है। उन्होंने बताया कि संघ प्रमुख मोहन भागवत के न्यूयॉर्क, लंदन और टोरंटो में कार्यक्रम हुए हैं। वे वहां स्वामीनारायण मंदिर और खालसा गुरुद्वारा भी गए। स्थानीय विश्वविद्यालयों में लोगों से संवाद किया। इन कार्यक्रमों में विदेशी लोगों ने भारत में संघ की कार्यपद्धति को समझने और उसमें रुचि दिखाई।

भिंड से 107 ...

रखवाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, मावे की आपूर्ति और डिलीवरी स्थल से संबंधित पुख्ता दस्तावेज मौके पर नहीं मिले। पुलिस और खाद्य विभाग माल के स्रोत तथा कारोबारियों की भूमिका की जांच कर रहे हैं। प्रयोगशाला रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

2 महीने ...

नहीं रखा जा सकता। निर्मला सप्रे ने 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। बाद में उनके भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस ने दल-बदल कानून के तहत उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग की थी। सिंघार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने पैरवी की। मामले में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के समक्ष सुनवाई पूरी हो चुकी है। दोनों पक्ष अपने दस्तावेज और जवाब प्रस्तुत कर चुके हैं। सप्रे ने हाईकोर्ट में खुद को कांग्रेस में ही बताया था।

भारत समेत चार...

इराक और कतर के जहाजों को अभी ट्रांज़िट पाबंदियों से छूट दी गई है। भारतीय जहाजों के लिए यह इंतज़ाम भारत से दवाओं के इम्पोर्ट को आसान बनाने के लिए किया गया था, जबकि चीनी जहाजों के लिए छूट का मकसद बीजिंग का पॉलिटिकल सपोर्ट हासिल करना था। कतर के जहाजों को बिना चार्ज दिए गुजरने की इजाज़त है।

लखनऊ में तहरीर...

साथ और लगातार बढ़ते फॉलोअर्स का मद चढ़ गया है। लखनऊ में मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव प्रवेश यादव ने हजरतगंज कोतवाली में तहरीर देकर धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अब शास्त्री को न अवध में घुसने देंगे न ब्रज में। साध्वी हर्षानंद गिरि ने कहा कि उन्हें मीडिया में छाने की भूख है।

पूर्व जिला जज ...

फुटेज, ट्विशा की चैट और जांच को प्रभावित करने की आशंका जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे उठे थे। सीबीआई ने भी जमानत का विरोध करते हुए आशंका जताई थी कि रिहा होने पर आरोपित जांच और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं। 26 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे शुरू हुई सुनवाई शाम तक चली थी। इसमें गिरिबाला सिंह के अधिवक्ताओं के अलावा ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा की ओर से उपस्थित अधिवक्ता और सीबीआइ के वकीलों ने पक्ष रखा था। सुनवाई में ट्विशा शर्मा को कथित मानसिक प्रताड़ना देने, जांच में हस्तक्षेप और गवाहों को प्रभावित करने की आशंकाओं पर बहस हुई थी।

प्रबंधक के पास ...

दोपहर 3:30 बजे तक चली। जांच में ठाकुर के पास आय के ज्ञात स्रोतों से करीब 700 प्रतिशत अधिक अनुपातहीन संपत्ति और 3.32 करोड़ रुपए से अधिक का व्यय सामने आया है।

लोकायुक्त के अनुसार, ठाकुर की वेतन और कृषि से कुल आय करीब 40 लाख रुपए है, जबकि अनुपातहीन व्यय 3 करोड़ 32 लाख 61 हजार 575 रुपए पाया गया। जांच में सोडपुर में 97 लाख रुपए की लागत से बना दो मंजिला मकान, 20 लाख का व्यावसायिक भवन और पत्नी के नाम पर 50 लाख रुपए की कृषि भूमि मिली है। इसके अलावा जेसीबी, ट्रैक्टर, कार, बुलेट और कृषि उपकरणों की कीमत करीब 53 लाख रुपए आंकी गई है। घरेलू सामान 1.22 करोड़ रुपए का मिला, जबकि सोना-चांदी और नकदी करीब 6.72 लाख रुपए की है। एक अन्य बेनामी भवन की भी जांच की जा रही है। कार्रवाई में 40 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

जायसवाल की 3 ...

की गई। इनमें से दो बसें कांटाफोड़ थाने और एक डबल चौकी में खड़ी कराई गई है। पुलिस बसों के फिटनेस और परमिट से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है।

दोनों आरोपियों ...

अक्कू राठौड़ को गोली लगी थी। अब उसके साथी और आईसर के क्लीनर धीरज का भी पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर किया है। दोनों आरोपियों के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस के मुताबिक, अभिरक्षा के दौरान दोनों ने भागने की कोशिश की और पुलिसकर्मियों के हथियार छीनकर उन पर हमला करने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।

पेज एक का शेष...

ट्रंप...अब...

चलते डेमोक्रेट्स ने दोनों सदनों पर नियंत्रण हासिल कर लिया। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि अमेरिकी जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह विभाजन की राजनीति के बजाए लोगों को एकजुट करने वाली राजनीति और उनकी समस्याओं के ठोस समाधान देने वाले नेतृत्व को पसंद करती है।

पैसा और सुपर पावर भी ...

टालारिको ने सीधे तौर पर यह नैरेटिव पेश किया कि केन पैक्सटन को अरबपति खरीद रहे हैं, जिसने आम कामकाजी वर्ग के वोटरों को रिपब्लिकन पैसे के खिलाफ एकजुट कर दिया। रिपब्लिकन उम्मीदवारों ने अपना अधिकांश टीवी और डिजिटल विज्ञापन बजट संस्कृति युद्धों (जैसे मर्दानगी, जेंडर विवाद और वोकिज्म) पर खर्च किया। डेमोक्रेट्स ने इन वैचारिक बहसों में उलझने से इनकार कर दिया। उन्होंने अपने पूरे अभियान को बढ़ती महंगाई, स्कूल फंडिंग, स्वास्थ्य सेवा और पेट्रोल की कीमतों पर केंद्रित रखा। मतदाताओं ने देखा कि डेमोक्रेट्स उनकी रोजमर्रा की समस्याओं की बात कर रहे हैं, जबकि रिपब्लिकन अरबपतियों के विज्ञापनों में सिर्फ आक्रामक भाषा थी। वाशिंगटन के पुराने राजनेताओं के बजाए डेमोक्रेट्स ने स्थानीय स्तर पर भरोसेमंद चेहरों को आगे बढ़ाया। ट्रंप ने योग्यता के बजाय केवल अपने प्रति वफादारी देखकर उम्मीदवारों को टिकट बांटे थे, जिनमें से कई गंभीर कानूनी विवादों में घिरे थे।

युवा और हिस्पैनिक ...

60% हिस्पैनिक मतदाताओं ने डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों को वोट दिया, जिससे रिपब्लिकन का मुख्य वोट बैंक बिखर गया।

अति-कट्टरपंथी एजेंडे की अस्वीकृति : मतदाताओं ने ट्रंप प्रशासन के अत्यधिक कट्टरपंथी और वैचारिक एजेंडे को पूरी तरह खारिज कर दिया। एग्जिट पोल में सामने आया कि टेक्सास जैसे राज्य में भी 77% मतदाताओं ने खुद को ट्रंप के 'मेक अमेरिका, ग्रेट अगेन' से अलग कर लिया, जिससे यह साफ हो गया कि आम जनता अब इस आक्रामक राजनीति से थक चुकी है।

कांग्रेस जीते तो ये ...

समझी साजिश के तहत संवैधानिक संस्थानों के प्रति लोगों के विश्वास को अस्थिर कर देश को अस्थिर करने का प्रयास किया जा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की 140 करोड़ जनता के दिलों में बसते हैं। भारत के लोकतंत्र और चुनाव आयोग की दुनियाभर में बनी साख को कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के लोग तार-तार कर रहे हैं। कांग्रेस जब जीतती है तो ये पहलवान, लेकिन जब हारती है तो आयोग बेईमान, यह कैसी बात? कांग्रेस की राजनीति का तरीका समझने के लिए एक उदाहरण पर्याप्त है। बचपन में कुछ विद्यार्थी परीक्षा में पास होने पर अपनी प्रतिभा का श्रेय लेते थे और फेल होने पर शिक्षक तथा परीक्षा व्यवस्था को दोष देते थे। आज राहुल गांधी भी यही कर रहे हैं। कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा सत्ता प्राप्ति के लिए देश में फैलाए जा रहे अराजकता को समाप्त करने और लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी भाजपा के साथ देश की जनता की भी है।

राहुल को जनता माफ नहीं ...

का अपमान किया। देश में लगाया गया आपातकाल न्यायपालिका के अपमान का सबसे बड़ा उदाहरण है। राहुल गांधी इन संवैधानिक संस्थाओं की आड़ में अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। राहुल गांधी और कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी कहीं जाने वाले नहीं हैं। वे जनता के बीच के नेता हैं और करोड़ों देशवासियों के दिलों पर राज करते हैं। अभी बड़े शहरों में पदयात्राएं निकाली जा रही हैं। आने वाले दिनों में जिलों में पदयात्राएं निकाली जाएंगी।

सोते समय 15 ...

लगा होने के कारण तड़के तेंदुआ अंदर घुस आया और सरस्वती को उठाकर ले गया। तलाश के दौरान घर से कुछ दूरी पर कंबल मिला और करीब 300 मीटर दूर झाड़ियों में किशोरी का शव बरामद हुआ। सुबह करीब चार बजे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। डीएफओ तरुणा वर्मा ने बताया कि गांव वन क्षेत्र से लगा हुआ है। घर में दरवाजा नहीं होने से तेंदुआ अंदर घुसा। मृतका के पिता महाराष्ट्र में मजदूरी करते हैं। वन विभाग की ओर से नियमानुसार सहायता राशि देने की प्रक्रिया की जा रही है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम — A Government of India Undertaking

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
क्षेत्रीय कार्यालय- भोपाल सेन्ट्रल

कब्जा सूचना नियम 8 (1)

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(2) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है।

ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, संबंधित शाखा** के निर्मित प्रभार के अधीन होगा।

ऋणकर्ता/सहऋणी/जमानतदार / संपत्ति स्वामी का ध्यान आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधान के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

ऋणी का नाम	ऋणी की संपत्तियों का विवरण	मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, टी.टी. नगर शाखा, भोपाल		
ऋणी- **श्री हेमन्त सिंह** निवासी- म.नं. 21, सागर ग्रीन इस्टेट, अयोध्या नगर, भोपाल- 462041	संपत्ति का समस्त भू भाग एक रिहायशी फ्लैट नं. टी-2/बी-2/434, चतुर्थ तल, बिल्टअप क्षेत्रफल- 48 वर्गमीटर स्थित रॉयल पॉम (एक्सटेंशन) निरूपम रॉयल पॉम कालोनी, जाटखेड़ी, होशंगाबाद रोड, वार्ड नं. 53, भोपाल (म.प्र.) संपत्ति मालिक- श्री हेमन्त सिंह चर्तुसीमाएं- उत्तर- फ्लैट नं. टी-2/बी-2/436, दक्षिण- फ्लैट नं. टी-2/बी-2/432, पूर्व- कॉरिडोर, पश्चिम- खुला/गार्डन	06-08-2026 / 31-10-2026 / ₹ 7,52,112.41 +ब्याज एवं अन्य खर्च

दिनांक: 31.10.2026, स्थान : भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल

बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
अंचल कार्यालय : 1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011

आधिपत्य सूचना (चल एवं अचल संपत्ति) नियम-4 (1) एवं 8(1)

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 4 एवं नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था। ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का **भौतिक कब्जा** निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है । ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, टी.टी. नगर शाखा** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता	बंधक रखी संपत्ति के विवरण	बकाया राशि
टी.टी. नगर शाखा, भोपाल		
ऋणी: **मेसर्स शिरामिक हेल्थकेयर एंड सर्जिकल प्रा. लिमिटेड** पताः- एस.पी. सिंघल पीपलखिरिया रायसेन, गैरतगंज, पठारी, रायसेन, म.प्र.-464551 डायरेक्टर्स एवं जमानतदार: (1) श्री राहुल मालवीय पुत्र श्री सीता राम (2) श्रीमती मधु मालवीय पत्नि श्री राहुल मालवीय सभी का पता: पता 1:- एस.पी.सिंघल पीपलखिरिया रायसेन, गैरतगंज, पठारी, रायसेन, म.प्र.-464551 पता 2:-मकान नंबर 1214, विदिशा रोड, नव जीवन कॉलोनी, हुजूर भोपाल, म.प्र.-462001	चल संपत्ति - प्लांट एवं मशीनरी का दृष्टिबंधक अचल संपत्ति- संपत्ति का समस्त भू भाग लीजहोल्ड भूमि का समस्त भाग, साथ ही उस पर बनी या बनने वाली सभी इमारतें, ढाँचे और/या रिहायशी ब्लॉक, और उनसे जुड़ी सभी फिक्स्चर, फिटिंग और सहायक चीजें, जो रायसेन ज़िला रायसेन एवं उपज़िला रायसेन में पंजीकृत क्षेत्रफल- 1400 वर्गमीटर प्लाट नं. 44, इण्डस्ट्रिल एरिया पीपलखिरिया, जिला-रायसेन (म.प्र.) चर्तुसीमाएं- उत्तर- इंडस्ट्रियल एरिया इंटरनल रोड, दक्षिण- प्लॉट नंबर 47, पूर्व- प्लॉट नंबर 43, पश्चिम: प्लॉट नंबर 45 संपत्ति मालिक- मेसर्स शिरामिक हेल्थकेयर एंड सर्जिकल प्राइवेट लिमिटेड Cersai Asset Id-200080987447	₹ 5325960.50 /- +दिनांक 13/05/2026 से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल खर्चे बाद में खाते में जमा हुई राशि ₹ 350000/- बाद में जमा हुई राशि को एडजस्ट करने के बाद बकाया बैलेंस: ₹ 49,75,960.5/- दिनांक 03.11.2026 तक (इसमें आगे लगने वाला ब्याज, पेनल्टी चार्ज और अन्य खर्च/चार्ज शामिल नहीं हैं) मांग सूचना दिनांक 13/05/2026 कब्जा दिनांक 03/11/2026

दिनांक : 04.11.2026 स्थान: रायसेन — (अमरीत कुमार मिश्रा) मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, आंचलिक कार्यालय, भोपाल

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

हरिभूमि आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना @ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4cm अन्य साईज में @ Rs.40sq.cm

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

नाम परिवर्तन

मै मनीषा जाट पत्नि श्री महेंद्र सिंह जाट आयु 35 वर्ष निवासी ईडब्लूएस 404, वार्ड न. 11, इन्द्रा नगर, मण्डीदीप, रायसेन, म.प्र यह कि मेरी पुत्री के शासकीय अशाकीय दस्तावेजो में हिन्दी एवं अंग्रेजी में नाम व सरनेम गनिष्का जाट (GANISHKA JAT) पुत्री श्री महेंद्र सिंह जाट (MAHENDRA SINGH JAT) दर्ज है। जो सही एवं सत्य है। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड मे नाम मे त्रुटिवश अंग्रेजी में स्पेलिंग (Gaheshika Jat) पुत्री श्री महेंद्र सिंह जाट (MAHENDRA SINGH JAT) दर्ज हो गया है जो कि गलत हैं। मेरी पुत्री का सही नाम व सरनेम गनिष्का जाट (GANISHKA JAT) पुत्री श्री महेंद्र सिंह जाट (MAHENDRA SINGH JAT) है जो सही एवं सत्य है वह इसी नाम व सरनेम से जानी पहचानी जाती है।

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

शब्द पहेली - 6399



बाएँ से दाएँ
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

ऊपर से नीचे
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

शब्द पहेली- 6398 का हल

स	ज	दा	क	र	ना	■	म	त	वा	ला
ह	रा	■	त	■	का	म	ना	■	दा	वा
न	■	बे	र	ह	म	■	ना	रा	■	रि
शी	ल	वा	न	■	या	द	■	नी	र	स
ल	■	प	■	ख	ब	र	ची	■	न	■
ता	र	न	हा	र	■	का	न	भ	र	ना
■	म	■	र	ह	ब	र	■	यं	■	प
प्र	ण	य	■	रा	हु	■	ब	क	वा	स
ति	■	दा	स	■	बे	क	रा	र	■	न्द
का	न	■	चि	रा	ग	■	म	■	क	हो
र	म	जा	न	■	म	द	द	क	र	ना

सूडोकु नवताल - 6409

★★★★★ कठिनतम

		4			9			
	2			8	4			
8						3		
							9	4
	3						7	
5	6							
		7						9
			2	5			8	
			6			2		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6408 का हल

5	9	1	2	8	4	3	6	7
6	4	2	3	5	7	9	1	8
8	3	7	9	6	1	4	2	5
4	7	5	8	2	6	1	9	3
3	6	9	7	1	5	8	4	2
1	2	8	4	3	9	7	5	6
7	5	6	1	9	8	2	3	4
9	8	3	5	4	2	6	7	1
2	1	4	6	7	3	5	8	9

प्रधानमंत्री मोदी को राहुल की चुनौती पर छिड़ा संग्राम, भाजपा ने किया पलटवार

केंद्र सरकार संसद के भीतर हर मुद्दे पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार, जहां चाहें बहस कर लें, संसद को बताया उचित मंच, हम तो विशेष सत्र बुलाने पर भी राजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी गई खुली बहस की चुनौती का पलटवार करते हुए कहा है कि सरकार संसद के भीतर हर मुद्दे पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने हैदराबाद (तेलंगाना) और बाद में रायपुर (छत्तीसगढ़) में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के समापन समारोह के दौरान राहुल पर निशाना साधा। शाह ने कहा कि संसद ही इस तरह की चर्चा का उचित मंच है। शाह ने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो सरकार विशेष सत्र बुलाने के लिए भी तैयार है, जहां ईवीएम, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित घुसपैठ जैसे मुद्दों पर बहस की जा सकती है। शाह ने राहुल को संसद में आकर बहस में शामिल होने का साहस दिखाने की चुनौती दी है।

आकर बहस करें, भागें नहीं



वित्त मंत्री सीतारमण ने पूछा
बहस के दौरान संसद में क्यों भागते हो? बाधित क्यों करते हो



राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री को खुली बहस की चुनौती देने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। राहुल ने प्रधानमंत्री को किसी भी मंच पर सार्वजनिक बहस के लिए आमंत्रित करते हुए कई मुद्दों पर सवाल उठाए। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि चर्चा के लिए संसद पहले से मौजूद मंच है, जहां राहुल नेता प्रतिपक्ष हैं। उन्होंने विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने और जवाब सुनने से बचने का भी आरोप लगाया।

प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा
संसद में होनी चाहिए सभी डिबेट



मुंबई। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने राहुल गांधी की बहस की चुनौती पर प्रतिक्रिया दी है। चतुर्वेदी ने कहा कि मेरा मानना है कि सभी बहसें संसद में होनी चाहिए। सरकार विपक्ष की ओर से उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करने से बार-बार बचती है। इसी वजह से हमें अपना विरोध प्रदर्शन सड़कों पर लाना पड़ा है। अगर खुली बहस का प्रस्ताव आता है, तो दोनों राष्ट्रीय पार्टियों को अपना पक्ष रखना चाहिए। ताकि जनता खुद तय कर सके। संसद में देश, लोगों और ईसी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए।

राहुल ने दी थी खुली बहस की चुनौती

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट जारी कर प्रधानमंत्री को सीधी बहस की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि 24 घंटे बीत चुके हैं और वह अभी भी अपने प्रस्ताव पर कायम हैं। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा अक्सर विपक्ष पर देशद्रोह जैसे आरोप लगाते हैं। ऐसे में सार्वजनिक मंच पर यह स्पष्ट होना चाहिए कि आखिर देशद्रोही कौन है, किसका विदेशी ताकतों से संबंध है। गांधी ने प्रधानमंत्री को विदेशी मदद, भारत-अमेरिका ट्रेड डील, अडाणी समूह और वित्तीय सिस्टम जैसे मुद्दों पर किसी भी मंच पर खुली बहस की चुनौती दी है।

भाजपाध्यक्ष नवीन ने गोरखपुर में निकाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा

विपक्ष एसआईआर और ईवीएम पर सवाल उठा चुनावी हार के लिए बहाना बना रहा, हार से सबक नहीं सीखते

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे एसआईआर और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर सवाल उठाकर अपनी चुनावी हार के लिए बहाना बना रहे हैं। नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राजद नेता तेजस्वी यादव पर भी तीखे कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं ने ऐसे 'राजकुमारों' को खारिज कर दिया है। गोरखपुर में पार्टी के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि उत्तर प्रदेश के दो 'राजकुमारों' (राहुल गांधी और अखिलेश यादव) के कारनामे ऐसे रहे हैं, जिन्हें राज्य और देश की जनता आज भी याद रखती है। राहुल को 'पार्ट-टाइम राजनेता' बताते हुए नवीन ने आरोप लगाया कि वे केवल चुनावों के दौरान ही राजनीतिक रूप से सक्रिय होते हैं, जबकि भाजपा कार्यकर्ता पूरे साल जनसेवा में लगे रहते हैं। उन्होंने विपक्षी पर यह आरोप लगाया कि वे चुनावी नतीजों को स्वीकार करने के बजाय निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाते हैं और ईवीएम में हेराफेरी का आरोप लगाते हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे चुनावी हार से कोई सबक नहीं सीखते, बल्कि बहाने बनाने के साथ 'घड़ियाली आंसू' बहाते हैं।

नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राजद नेता तेजस्वी यादव पर भी तीखे कटाक्ष किए

राहुल को बताया 'पार्ट-टाइम राजनेता'



ईवीएम मामले में राहुल ने एक भी प्रमाण नहीं दिए, मैदान छोड़ा

रामलीला मैदान में एक नवंबर को विपक्ष की रैली का जिक्र करते हुए, उन्होंने दावा किया कि वहां उतनी भीड़ भी नहीं जुटी, जितनी आयोजकों ने उम्मीद की थी। यह उम्मीद की गई भीड़ का 10 प्रतिशत भी नहीं थी। एनडीए के सहयोगी देशभर में विशाल मार्च निकाल रहे हैं, जो ताकत और जनता के समर्थन को दर्शाता है।

नाम कटने का दिया ब्योरा

नवीन ने आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि इनमें से 2.5 करोड़ नाम उन लोगों के थे जिनका निधन हो चुका है, और लगभग 6 करोड़ नाम उन लोगों के थे जो अपने पंजीकृत पते से कहीं और चले गए हैं। उन्होंने 3 करोड़ से अधिक ऐसे लोगों का भी जिक्र किया, जिनके पते की पुष्टि नहीं हो सकी।

रालोद प्रमुख जयंत ने कहा
लोकतंत्र बचाओ रैली पूरे भारत की आवाज बन रही



केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने बुधवार को कहा कि गोरखपुर में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' रैली पूरे देश की आवाज है और यह केवल शहर या पूर्वांचल क्षेत्र तक सीमित नहीं है।

रवि किशन ने विपक्ष को घेरा
विपक्ष भारत में दंगे और बम धमाके वापस चाह रहा



सांसद रविकिशन ने विपक्ष पर देश में दंगे और बम धमाकों का दौर लाने की मंशा रखने का आरोप लगाते हुए कहा विपक्ष प्रधानमंत्री की चुनावी जीत और भाजपा की बढ़ती ताकत को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। गोरखपुर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा के दौरान ये आरोप लगाए।

भाजपा की प्रयागराज में पदयात्रा

सिविल लाइंस में कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र बचाने और अराजकता हटाने के नारे लगाए



प्रयागराज। भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा' में शामिल होने पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल और यादव अगले 30 साल तक प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। उन्होंने दावा किया भाजपा ही वर्तमान और भविष्य है।

पूर्णिया में गरजे असम के सीएम सरमा
राहुल देश को पप्पू मॉडल और प्रधानमंत्री राम मॉडल बनाना चाह रहे



पूर्णिया। पूर्णिया में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' में एनडीए के दिग्गजों का बड़ा जमावड़ा देखने को मिला। जिला परिषद परिसर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस और विपक्ष पर तीखे राजनीतिक बाण चलाए।

हिमाचल में भाजपा की पदयात्रा में गरजे जयराम और अनुराग ठाकुर
चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाकर देश में भ्रम पैदा किया जा रहा



हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ जोरदार राजनीतिक प्रदर्शन किया। पार्टी के राष्ट्रव्यापी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन और पदयात्रा आयोजित की गई। इस दौरान सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने भी विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया। देश में विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

कर्नाटक-केरल के सीएम इस्तीफा दें

अनुराग ने कहा कि कांग्रेस को राजनीतिक रुख में स्पष्टता लानी चाहिए। उन्होंने एसआईआर और चुनावी व्यवस्था का जिक्र करते हुए केरल सहित विभिन्न राज्यों के चुनावों की बात उठाई। कर्नाटक और केरल के सीएम इस्तीफा दें।

मान सरकार पर बरसे राहुल गांधी
ड्रग्स बड़ा नासूर, हर शाम नशा करने वाला नहीं कर सकता यह मुकाबला

दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता का जिक्र किया



एजेंसी ▶▶ संगरूर

यहां के गांव फगुवाला में कांग्रेस की इंसाफ रैली में राहुल गांधी ने मान सरकार और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सबसे पहले मंच पर मौजूद दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज पंजाब में नशा और गैंग्सटरिज़्म सबसे बड़ा संकट बन चुका है। राहुल ने कहा कि सिद्धू मूसेवाला बेहद टैलेंटेड और ऊर्जावान युवा थे। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि जिस सोच ने मूसेवाला को दिन-दहाड़े और बिना डरे गोलियों से भून दिया, वह दुखद है। राहुल ने कहा कि जिस पिता को अपने जवान बेटे की अर्थी देखनी पड़े, उससे बड़ा दर्द इस दुनिया में और कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि मूसेवाला की सिक्योरिटी हटाने के बाद सरेआम उनकी हत्या कर दी गई।

हम पंजाब से नशा पूरी तरह मिटा देंगे

राहुल ने कहा कि जब वह पहले पंजाब आए थे और उन्होंने नशे की बात कही थी, तब विपक्ष के तमाम दलों भाजपा और अकाली दल ने उनकी बात को नकारा था। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक प्रदेश में उद्योग, फैक्ट्रियां और खेती-किसानी मजबूत नहीं होगी, तब तक नशा और गैंग्सटरिज़्म का खात्मा नहीं हो सकता। राहुल ने कहा कि चुनाव के समय उन्होंने वादा किया था कि वे पंजाब से नशा पूरी तरह मिटा देंगे। जनता ने उन पर भरोसा भी किया, लेकिन आज सवाल यह है कि सरकार ने प्रदेश के किस कोने से नशा खत्म किया है? मान पर सीधा प्रहार करते हुए राहुल ने लोकसभा के दिनों का एक संस्मरण साझा किया। उन्होंने कहा कि जो मुख्यमंत्री खुद हर शाम नशे की गिरफ्त में रहता हो, वह जनता को नशे से कैसे बचा सकता है।

मान के मुंह से आती थी शराब की बदबू

राहुल ने ने कहा कि पंजाब को एक ऐसी सरकार चाहिए जो यहां के लोगों के लिए काम करे। राहुल ने कहा कि पंजाब में सबसे बड़ा मुद्दा नशा है। राहुल ने पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार पर नशे को रोकने में फेल होने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि दूसरी कहानी बताता हूं, आपके चीफ मिनिस्टर के बारे में, मैं लोकसभा में था सुबह-सुबह हमारे पास बैठकर हमें चुटकुले सुनाते थे और 11 बजे सुबह उनके मुंह से शराब की बू आती थी।

खबर संक्षेप

सुवेंदु बाहरी श्रमिकों को देंगे 5 हजार रुपए



कोलकाता। बंगाल के सीएम अधिकारी ने दूसरे राज्यों में काम कर रहे प्रवासी मजदूरों से घर लौटने की अपील की है और उन्हें 'वीबी-जी राम जी' योजना के तहत 125 दिन के रोजगार तथा सालाना 34,500 रुपए की आय की गारंटी का हवाला दिया है। उन्होंने दिवाली से पहले चाय बागान के श्रमिकों के लिए 5,000 की वित्तीय सहायता की भी घोषणा की है। एकमुश्त सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी।

महाराष्ट्र में 73 लाख किसानों को 5-5 हजार



मुंबई। महाराष्ट्र में सूखे की मार झेल रहे किसानों के लिए राज्य सरकार ने राहत राशि जारी की है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि दिवाली से पहले 73 लाख किसानों के बैंक खातों में 5-5 हजार की शुरुआती राहत पहुंच चुकी है। जिन किसानों को अभी तक पैसा नहीं मिला है, उन्हें 2 दिनों में भुगतान किया जाएगा। करीब 95 फीसदी को इस अवधि में राहत राशि मिल जाएगी। राज्य में 4.86 लाख किसानों के लिए 4,764 करोड़ रुपए की कर्जमाफी की राशि भी जारी की गई है।

मुश्किलों में घिरे सीईसी ज्ञानेश
रिश्वत का मामला, 20 साल पुराने केस में जांच को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ केरलम

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। केरलम में उनके खिलाफ करीब 20 साल पुराने कथित रिश्वत मामले की जांच का रास्ता खुल गया है। राज्य सरकार ने पूर्व लोक निर्माण विभाग सचिव रहे ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए विजिलेंस एंड एंटी-करप्शन ब्यूरो को मंजूरी दे दी है। आरोप है कि साल 2006 में केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण का काम पूरा होने के बाद भुगतान जारी करने के बदले 2 करोड़ की रिश्वत मांगी गई थी। दिल्ली में मीडिया से बातचीत में मंत्री रमेश चेन्निथला ने कहा कि उन्होंने एक दिन पहले ज्ञानेश के खिलाफ जांच की अनुमति दी है। पूर्व पीडब्ल्यूडी सचिव के खिलाफ कई तरह के आरोप लगाए गए थे, जिन्हें लेकर विजिलेंस विभाग जांच करना चाहता था।



अमेरिका में सीनेटर बने अब्दुल
ओवैसी ने कहा- अब उत्तर प्रदेश में दरी नहीं बिछाएंगे

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

अमेरिका में हुए 2026 के मिडटर्म चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी ने सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स, दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है। मिशिगन से सीनेट चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार माइक रोजर्स अब्दुल अल-सयद की जीत ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार माइक रोजर्स को हराकर अमेरिकी सीनेट में पहुंचने वाले पहले मुस्लिम व्यक्ति बनने का इतिहास रच दिया है। उनकी इस जीत परएआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने प्रतिक्रिया दी है। ओवैसी ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए अब्दुल की जीत को उत्तर प्रदेश की सियासत से जोड़ दिया। एक अब्दुल मिशिगन में जीत गया, अब उत्तर प्रदेश के अब्दुल को अपनी सियासी पहचान मजबूत करनी होगी। हम दिखाएं कि अब्दुल अल्लाह के सिवा किसी की गुलामी नहीं करता। अब दरी नहीं बिछाएंगे।



प्रधानमंत्री पहुंचे 'शाही' शादी में



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को नई दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के शाही परिवार के राजकुमार मार्तंड सिंह और पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल की बेटी रिया बादल के विवाह रिसेप्शन में शामिल हुए।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो क्षेत्रों को दी बड़ी सौगात
2030 तक ऊर्जा भंडारण के लिए 14,500 करोड़ की राशि मंजूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश की ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए 2 अहम योजनाओं को मंजूरी दी। इनमें 92 जीडब्ल्यूएच ग्रिड-स्केल ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए 14,500 करोड़ रुपए का व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण शामिल है। इलिथियम और निकल जैसे अहम खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने 2,814 करोड़ की योजना को भी हरी झंडी मिली। दोनों योजनाओं के लिए 17,314 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। ये निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में लिए गए। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह नकारी दी। यह भारत के 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगी।

ऊर्जा सुरक्षा के लिए 17,314 करोड़ की 2 योजनाएं स्वीकृत की

5 वर्षों तक कार्यान्वित की जाएगी



इस योजना का उद्देश्य 3 प्रौद्योगिकियों में 92 जीडब्ल्यूएच भंडारण क्षमता का विकास करना है। इनमें बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (30 जीडब्ल्यूएच) शामिल है। पंप भंडारण परियोजनाएं (60 जीडब्ल्यूएच) भी इस योजना का हिस्सा हैं। उभरती भंडारण प्रौद्योगिकियां (2 गीगीवाट) भी विकसित की जाएंगी। यह योजना 5 वर्षों तक यानी 2030-31 तक कार्यान्वित की जाएगी।

खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा मिलेगा

सरकार ने लिथियम और निकल जैसे खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने 2,814 करोड़ की योजना को मंजूरी दी है। यह योजना देश में अहं खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगी। खनिजों का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों,नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में होता है।

नवीकरणीय ऊर्जा का एकीकरण होगा सुगम

ये दोनों योजनाएं भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। ऊर्जा भंडारण प्रणालियां नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण को सुगम बनाएंगी। यह बिजली ग्रिड की स्थिरता सुनिश्चित करने में मदद करेगा। महत्वपूर्ण खनिजों का घरेलू प्रसंस्करण आयात पर निर्भरता कम करेगा। यह देश को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के झटकों से बचाएगा।

ट्राई ने लॉन्च किया नेटवर्क अनुभव
मोबाइल नेटवर्क कितना अच्छा मिलेगी प्लेटफॉर्म पर जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मोबाइल नेटवर्क और ब्रॉडबैंड की इंटरनेट स्पीड से जुड़ी गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए नेटवर्क अनुभव प्लेटफॉर्म शुरू किया। बुधवार को शुरू किए गए प्लेटफॉर्म जरिए उपभोक्ता अपने इलाके में मोबाइल नेटवर्क और ब्रॉडबैंड की इंटरनेट स्पीड की जानकारी हासिल कर सकेंगे। प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग दूरसंचार कंपनियों और तकनीक के आधार पर नेटवर्क की स्थिति देखी जा सकेगी। ट्राई के मुताबिक



प्लेटफॉर्म पर उसके माईस्पीड और माईकॉल ऐप के जरिए जुटाए गए आंकड़े उपलब्ध होंगे। उपभोक्ता नक्शे पर अपने इलाके की जानकारी देखकर इंटरनेट की डाउनलोड और अपलोड स्पीड का आकलन कर सकेंगे। ट्राई के स्वतंत्र नेटवर्क परीक्षणों के आंकड़े भी देखे जा सकेंगे। उपभोक्ता मोबाइल और फिक्स्ड ब्रॉडबैंड की सेवाओं की स्पीड देख सकेंगे।

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव

रिपब्लिकन पार्टी को झटका लगने से ट्रंप की मनमानी का हुआ अंत, सीमित होंगे अधिकार, अमेरिकी नागरिक खुश, बोले 'ब्लू सुनामी' की थी जरूरत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के नागरिकों ने डेमोक्रेट्स की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि इस ब्लू सुनामी (डेमोक्रेट पार्टी के झंडे का मुख्य रंग) की जरूरत थी। डेमोक्रेट पार्टी को युवाओं ने ज्यादा वोट दिए। 57% महिलाओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी को और 41 प्रतिशत ने रिपब्लिकन पार्टी को वोट दिए। उम्र के हिसाब से 18 से 29 साल के 49 प्रतिशत युवाओं ने और 30 से 44 उम्र के 59 प्रतिशत युवाओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट दिए। रिपब्लिकन पार्टी की हार के पीछे सबसे बड़ी वजहों में ईरान युद्ध और उससे पैदा हुई आर्थिक परेशानियों को गिना जा रहा है।

अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। तीन नवंबर को हुए मतदान के नतीजों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों- सीनेट और प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) में बहुमत हासिल कर लिया है। इसके साथ ही ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के पहले दो वर्षों में चला आ रहा रिपब्लिकन पार्टी का संसद पर नियंत्रण खत्म हो गया है। अमेरिका के नागरिकों ने डेमोक्रेट्स की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि इस ब्ल्यू सुनामी (डेमोक्रेट पार्टी के झंडे का मुख्य रंग) की जरूरत थी।

यह चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण था, क्योंकि ट्रंप ने 2024 में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद रिपब्लिकन पार्टी के लिए संसद के दोनों सदनों में बहुमत हासिल किया था। इस तरह राष्ट्रपति पद के साथ कांग्रेस पर भी उनकी पार्टी का नियंत्रण था। अब मध्यावधि चुनाव के नतीजों ने यह स्थिति बदल दी है। सीनेट में रिपब्लिकन के सात सीटें गंवाने से सत्ता का समीकरण बदल गया। टेक्सास, कंसास, आयोवा, ओहायो और दक्षिण कैरोलिना जैसे राज्यों में डेमोक्रेट्स ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। गवर्नर चुनाव में भी चार रिपब्लिकन राज्यों में सत्ता बदली। भारतीय मूल के कई उम्मीदवार जीते, जबकि ट्रंप के करीबी विवेक रामास्वामी ओहायो में हार गए।

डेमोक्रेटिक पार्टी को युवाओं और महिलाओं ने ज्यादा वोट दिए

मतदाता ट्रंप की ओर से थोपे गए टैरिफ से भी अधिक परेशान थे



पोर्टलैंड में डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेट उम्मीदवार ट्रॉय जैक्सन की जीत से भावुक हुए लोग

महंगाई और पेट्रोल की बढ़ती कीमतें रहीं नाराजगी का बड़ा कारण

अमेरिका के नागरिकों ने डेमोक्रेट्स की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि इस ब्लू सुनामी (डेमोक्रेट पार्टी के झंडे का मुख्य रंग) की जरूरत थी। डेमोक्रेट पार्टी को युवाओं ने ज्यादा वोट दिए। 57% महिलाओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी को और 41 प्रतिशत ने रिपब्लिकन पार्टी को वोट दिए। उम्र के हिसाब से 18 से 29 साल के 49 प्रतिशत युवाओं ने और 30 से 44 उम्र के 59 प्रतिशत युवाओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट दिए। रिपब्लिकन पार्टी की हार के पीछे सबसे बड़ी वजहों में ईरान युद्ध और उससे पैदा हुई आर्थिक परेशानियों को गिना जा रहा है। ट्रंप प्रशासन की ईरान नीति और सैन्य अभियान का असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर पड़ा। ऊर्जा बाजार में अस्थिरता, ईंधन की बढ़ती कीमतें और रोजमर्रा की जरूरतों का महंगा होना मतदाताओं की नाराजगी का बड़ा कारण बना। ईरान से लेकर भ्रष्टाचार तक को लेकर लोग नाराज रहे।

ट्रंप बोले- हम डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर काम करेंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मिडटर्म चुनाव में अपनी हार मानते हुए कहा कि वह नतीजों को स्वीकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हम डेमोक्रेट्स के साथ काम करेंगे और उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। हम संभवतः कोई न कोई रास्ता निकाल लेंगे। उन्होंने लिखा कि मैं चुनाव मैदान में नहीं था और अगर होता, तो हम भारी बहुमत से जीतते।

ट्रंप अब भी आपके राष्ट्रपति



डेमोक्रेटिक पार्टी की बड़ी जीत के बाद व्हाइट हाउस ने पहली प्रतिक्रिया में आधिकारिक एक्स अकाउंट से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह अपने कार्यालय में मौजूद रेज़ॉल्यूट डेस्क पर दिख रहे हैं। तस्वीर पर लिखा है, 'जनता के लिए सूचनाः ट्रंप अब भी आपके राष्ट्रपति हैं'।

गवर्नर चुनाव में चार राज्यों में सत्ता परिवर्तन

जार्जिया में पहली अश्वेत महिला गर्वनर, ओहायो में भी पहली बार


कीशा लांस


एमी एक्टन

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव के दौरान 36 राज्यों में गवर्नर पद के लिए भी मतदान हुआ। यहां भी डेमोक्रेटिक पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। जॉर्जिया, आयोवा, ओहायो और टेक्सास में रिपब्लिकन के कब्जे वाली गवर्नर सीटें डेमोक्रेट्स ने छीन लीं। जॉर्जिया में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कीशा लांस बॉटम्स ने रिपब्लिकन रिक जैक्सन को हराया। वह जॉर्जिया की पहली अश्वेत महिला गवर्नर होंगी। इस जीत के साथ उन्होंने अमेरिकी राजनीति में एक नया इतिहास बनाया है। ओहायो में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार एमी एक्टन ने विवेक रामास्वामी को हराकर गवर्नर चुनाव जीत लिया।

ट्रंप 'राजनीतिक पंडित' बन हार-जीत पर देंगे राय, 'वीटो कैप' की पोस्ट



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नई जिम्मेदारी निभाने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा है कि अब हार जीत पर अपनी राय देंगे। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर लाल रंग की टोपी पोस्ट की जिस पर 'वीटो' लिखा हुआ है। ट्रुथ सोशल पर उन्होंने लिखा कि अब मैं राजनीतिक 'पंडित' बनूंगा और उम्मीदवारों अच्छा और बुरा, दोनों तरह का राजनीतिक विश्लेषण कर बताऊंगा कि किन वजहों से उम्मीदवार जीते या हारे। इसके बाद उन्होंने लाल रंग की वीटो कैप भी पोस्ट की। ट्रंप ने चुनाव से पहले कहा था कि अगर डेमोक्रेट्स को बहुमत मिलेगी तो वो उनके लाए हर कानून पर वीटो लगाकर अपने अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा था कि हो सकता है कि लोग उन्हें 'मिस्टर वीटो' का खिताब दे दें।

भारतीय मूल के नेताओं का दबदबा

पिया डंडिया, सुहास, अरुणा मिलर ने दर्ज की जीत

अमेरिकी चुनाव में भारतीय मूल के उम्मीदवारों का प्रदर्शन भी चर्चा में रहा। इस बार अलग-अलग पदों के लिए कम से कम 57 भारतीय मूल के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे। इनमें डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों दलों के नेता शामिल थे।

पिया दांडिया: फ्लोरिडा की 22वीं कांग्रेसनल सीट से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार पिया दांडिया ने रिपब्लिकन उम्मीदवार केसी अस्कर को हराया।

सुहास सुब्रमण्यम: वर्जीनिया की 10वीं कांग्रेसनल सीट से डेमोक्रेटिक सांसद सुहास सुब्रमण्यम ने दोबारा जीत दर्ज की।

अरुणा मिलर: डेमोक्रेटिक पार्टी की मैरीलैंड की लेफ्टिनेंट गवर्नर अरुणा मिलर ने दोबारा जीत हासिल की।

रो खन्ना: कैलिफोर्निया की 17वीं सीट से डेमोक्रेटिक सांसद रो खन्ना ने जीती उन्होंने डेमोक्रेटिक उम्मीदवार रितेश टंडन को हराया।


पिया डंडिया, सुहास सुब्रमण्यम और अरुणा मिलर

अमी बेरा: कैलिफोर्निया की तीसरी सीट से डेमोक्रेटिक सांसद अमी बेरा ने आठवीं बार जीत दर्ज कराई।

प्रमिला जयपाल: वॉशिंगटन राज्य की सातवीं सीट से डेमोक्रेटिक सांसद प्रमिला जयपाल ने नीरव शेठ को हराया। हालांकि, रिपब्लिकन पार्टी के विवेक रामास्वामी, सरिता कोमाटिरेड्डी, नॉर्थ कैरोलाइना से रिपब्लिकन पार्टी के महेश 'मैक्स' गाणोरकर को हार मिली। मैसाचुसेट्स से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर सीनेट चुनाव लड़ रहे शिवा अय्यादुरई को भी हार का सामना करना पड़ा।

ट्रंप के निशाने पर रहे नेताओं ने जीत का किया स्वागत


पेद्रो सांचेज

ट्रंप के निशाने पर रहे दुनिया के कुछ नेताओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी की इस बड़ी जीत का स्वागत किया है। स्पेन के वामपंथी पीएम पेद्रो सांचेज ने कहा कि अमेरिकी मतदाताओं ने नफ़रत, जलवायु परिवर्तन को नकारने की सोच और विशेषाधिकार प्राप्त अभिजात वर्ग के ख़िलाफ़ वोट दिया है। वहीं, नॉर्वे के पीएम जोनास गार स्टोर ने कहा कि अमेरिका में ऐसी आवाज़ें उभर रही हैं, जिनके विचार ओस्लो के सिद्धांतों से ज़्यादा मेल खाते हैं। दक्षिण अफ़्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा कि इन चुनावों से अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नए दौर की शुरुआत होगी।

खबर संक्षेप

लद्दाख में खाई में गिरा सैन्य वाहन, 2 बलिदान



लेह। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में राष्ट्रीय राजमार्ग-01 पर नामिका ला दर्रे के पास बुधवार को सेना का एक भारी वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। इस हादसे में वाहन चालक और सह-चालक सहित भारतीय सेना के दो जवान बलिदान हो गए। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव अभियान चलाया। गहरी खाई से कड़ी मशक्कत के बाद दोनों जवानों के शवों को बाहर निकाला गया।

रेल को बम से उड़ाने की साजिश नाकाम



श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में रेलवे लाइन पर मंगलवार रात 9.45 बजे ब्लास्ट हो गया। अनूपगढ़-सूरतगढ़ ट्रैक पर धमाके से पहले रात 9 बजे पैसेंजर ट्रेन गुजरी थी। धमाके की आवाज 200 मीटर दूर तक सुनाई दी। ब्लास्ट के कारण पटरी के नीचे लगे सीमेंट के दो ब्लॉक पूरी तरह से टूट गए। पटरियों के बीच 2 फीट गहरा गड्ढा हो गया। आईबी, सीआईडी और एंटी टेरेरिस्ट स्क्वॉड के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। आतंकी साजिश को लेकर जांच शुरू कर दी है।

केदारताल ट्रैक एवलांच हादसा

6 की मौत, 2 की तलाश जारी, 8 लोग फंसे हुए थे


दीपिका वर्मा

वर्तिका वर्मा

एजेंसी ▶▶ उत्तरकाशी

उत्तरकाशी के केदारताल ट्रैक पर एवलांच और बर्फबारी की चपेट में आने से लापता 8 लोगों में से अब तक 6 की मौत हो चुकी है। बुधवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान 4 और शव बरामद किए गए। इनमें लखनऊ के गायत्रीपुरम की ट्रैकर बहनें वर्तिका वर्मा और दीपिका वर्मा भी शामिल हैं।

इससे पहले मंगलवार को दो शव मिले थे। अब 2 लापता लोगों की तलाश जारी है। सर्च ऑपरेशन में आईटीबीपी को भी शामिल किया गया है। आईटीबीपी की टीम स्पेशल हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू अभियान चला रही है। वहीं, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, उत्तराखंड पुलिस, वन विभाग और नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग (एनआईएम) की टीमें भी लगातार तलाशी में जुटी हैं। बुधवार को हेलिकॉप्टर से 4 शवों को मातली हेलीपैड पर उतारा गया। इसके बाद देहरादून के लिए रवाना हो गया।

बर्फबारी की वजह से रेस्क्यू में परेशानी

29 अक्टूबर को भोजखड़क और कच्ची ढांग के पास हिमस्खलन और बर्फबारी की चपेट में आने से 8 लोग लापता हो गए थे। इससे पहले रेस्क्यू टीमों को घटनास्थल के पास कुछ सामान भी मिला था। लापता लोगों में पश्चिम बंगाल के 5 ट्रैकर, उत्तर प्रदेश की 2 ट्रैकर और उत्तरकाशी के स्थानीय गाइड सिद्धार्थ राणा शामिल थे। खराब मौसम और लगातार बर्फबारी के कारण तलाशी अभियान में मुश्किलें आ रही हैं। बता दें, 27 अक्टूबर को 13 सदस्यीय दल ट्रैकिंग पर निकला था- पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के 7 ट्रैकर, उत्तरकाशी के स्थानीय गाइड सिद्धार्थ राणा और 5 सपोर्ट स्टाफ समेत कुल 13 लोगों का दल 27 अक्टूबर को गंगोत्री से केदारताल ट्रैक के लिए रवाना हुआ था। दल को 29 अक्टूबर तक वापस लौटना था। वापसी के दौरान भोजखड़क और कच्ची ढांग के पास अचानक हिमस्खलन और बर्फबारी हुई।

4 सदस्य सुरक्षित पहुंचे गंगोत्री

30 अक्टूबर को दल के 4 सदस्य (3 नेपाली पोर्टर और कुक रोहन राणा) सुरक्षित गंगोत्री पहुंचे। उन्होंने प्रशासन को 8 लोगों के लापता होने की जानकारी दी। इसके बाद 31 अक्टूबर से एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस और वन विभाग की टीमों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। मंगलवार को 2 शव बरामद किए गए। बुधवार सुबह सर्च ऑपरेशन के दौरान 4 और शव मिले। अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2 की तलाश जारी है।

'हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद-2026' में चीन का नाम लिए बिना राजनाथ सिंह बोले

कुछ देश महासागरों का गलत लाभ उठाना चाहते, क्षेत्रीय सहयोग से ही समाधान संभव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राजनाथ सिंह ने कहा कि उभरते खतरों के साथ समुद्री सुरक्षा को भी विकसित होना चाहिए। आज के समय की मांग है कि नई तकनीकों का भरपूर इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने कहा कि तकनीक देशों के बीच असमानता का एक और कारण नहीं बननी चाहिए, अगर इसका लाभ केवल कुछ ही लोगों को मिले, तो इससे सामूहिक मजबूती का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैश्विक समुद्री सुरक्षा वातावरण में बढ़ते तनाव के बीच, क्षेत्रीय साझेदारों के बीच आपसी निर्भरता और अधिक सुरक्षित तथा मजबूत बनाने का आह्वान किया है। इसके लिए उन्होंने आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने, भरोसेमंद समुद्री बुनियादी ढांचे के निर्माण, समुद्री जागरूकता बढ़ाने और आपसी सहयोग को मजबूत करने पर बल दिया।

■ भारत एक व्यापक समुद्री ईकोसिस्टम विकसित करने में जुटा हुआ

उन्होंने कहा कि कुछ पक्ष और देश अपने संकीर्ण और एकतरफा लाभ के लिए महासागरों की इस महत्ता का गलत फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। जानबूझकर व्यापार में बाधाएं पैदा करने से वैश्विक समुद्री सुरक्षा का वातावरण तनावपूर्ण हो गया है। हम नौवहन की स्वतंत्रता के सामने खुली चुनौतियां देख रहे हैं। समुद्री रास्तों को हथियारों की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। समुद्री क्षेत्र में बढ़ती यह अस्थिरता व्यापक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर भी गहरा असर डालती है।

महासागरों को संसाधनों का असीमित स्रोत नहीं माना जा सकता

समुद्री क्षेत्र में आपसी निर्भरता मजबूत करने के लिए सहयोग जरूरी



राष्ट्रीय समुद्री फाउंडेशन की स्मारिका को जारी करते राजनाथ सिंह व अन्य गणमान्य अतिथि

सार्थक बातचीत से सहयोग का मार्ग प्रशस्त होगा

राजनाथ सिंह ने यहां आयोजित 'हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद में कहा कि विचार-विमर्शों से सार्थक बातचीत और व्यावहारिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त होगा। हमें साझा चुनौतियों से साझा समझ की ओर, साझा समझ से साझा ज्ञान की ओर, और साझा ज्ञान से साझा अनुकूलन तथा साझा समृद्धि की ओर आगे बढ़ना चाहिए।

अनुसंधान, शिक्षा और नवाचार पर दिया जोर

रक्षा मंत्री ने अनुसंधान, शिक्षा, नवाचार और क्षमता निर्माण में सहयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी एक देश की मजबूत वैज्ञानिक क्षमता पूरे क्षेत्र की सुरक्षा और समृद्धि में योगदान दे सकती है। उन्होंने छोटे समुद्री राष्ट्रों और विकासशील देशों के लिए इसे विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सबसे उपयोगी तकनीक का जरूरी नहीं; बल्कि वह तकनीक सबसे उपयोगी है जो किसी वास्तविक समस्या का समाधान करे।

तकनीक का लाभ सभी को मिले

राजनाथ सिंह ने कहा कि तकनीक को देशों के बीच असमानता का एक और कारण नहीं बनना चाहिए, क्योंकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ऐसे देश शामिल हैं जिनकी तकनीकी और आर्थिक क्षमता का स्तर अलग-अलग है। कुछ देशों के पास उन्नत अनुसंधान बुनियादी ढांचा है। वहीं, अन्य देश अब भी ऐसे संस्थागत और मानव संसाधन विकसित कर रहे हैं, जो इस बदलाव में पूरी तरह से शामिल होने के लिए जरूरी हैं। अगर तकनीकी प्रगति का लाभ केवल कुछ ही देशों को मिलता है, तो हम उस सामूहिक मजबूती को हासिल नहीं कर पाएंगे जिसकी हमारे क्षेत्र को जरूरत है।

समुद्री सुरक्षा में आ रहीं नई चुनौतियां

रक्षा मंत्री ने समुद्री सुरक्षा के बदलते स्वरूप का उल्लेख करते हुए कहा कि चुनौतियां केवल पारंपरिक सैन्य गतिविधियों से ही नहीं, बल्कि समुद्री डकैती, तस्करी, अवैध मछली पकड़ने, साइबर हमलों और प्राकृतिक आपदाओं जैसे गैर-पारंपरिक खतरों से भी आ सकती हैं। उन्होंने कहा कि समुद्री सुरक्षा को भी बदलते समुद्री परिवेश के साथ विकसित होने की जरूरत है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डेटा को प्रोसेस करने के तरीके को बदल रहा है, जबकि स्वचालित प्रणालियां निगरानी और अभियानों की संभावनाओं का विस्तार कर रहे हैं। नए सेंसर महासागरों पर नजर रखने की हमारी क्षमता को बेहतर बना रहे हैं। लेकिन, केवल तकनीक ही इसका समाधान नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि हम वास्तविक चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीक का उपयोग कैसे करते हैं।

भारत और इंडोनेशिया के विशेष बलों ने जंगल में दिखाया दमखम

पूर्वी जावा के दुर्गम जंगलों में युद्धक क्षमता परख रहे

संयुक्त सैन्य अभ्यास गरुड़शक्ति-202 के दौरान एक साथ लगाई 'फ्री फॉल' छलांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इंडोनेशिया के विशेष बलों ने जंगल के चुनौतीपूर्ण माहौल में अपनी युद्धक क्षमता, सटीक कार्रवाई और आपसी तालमेल का प्रदर्शन किया। दोनों देशों के संयुक्त सैन्य अभ्यास 'गरुड़शक्ति-2026' के नौवें दिन यह कार्रवाई की गई। अभ्यास के तहत दोनों देशों के कमांडो ने दुश्मन से मुठभेड़ की स्थिति में सामरिक अभ्यास किए। इसके साथ ही दोनों सेनाओं के पैराशूट कमांडो ने एक साथ फ्री फॉल छलांग लगाकर हवाई अभियानों में आपसी तालमेल और एक-दूसरे के उपकरणों पर भरोसे को मजबूत किया।


पैराशूट कमांडो ने एक साथ फ्री फॉल छलांग लगाई

बेहतर तालमेल का प्रदर्शन

अभ्यास के जरिए दोनों सेनाओं ने हवाई अभियानों के दौरान बेहतर तालमेल का प्रदर्शन किया। ये संयुक्त अभ्यास भविष्य में उन्नत हवाई अभियानों और विशेष सैन्य अभियानों के दौरान दोनों सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय की नींव तैयार कर रहे हैं।

सैन्य कौशल और प्रशिक्षण का प्रदर्शन

बता दें, भारत और इंडोनेशिया के विशेष बल इन दिनों पूर्वी जावा के दुर्गम और घने जंगलों में अपनी युद्धक क्षमता परख रहे हैं। दोनों देशों के बीच चल रहे संयुक्त सैन्य अभ्यास में 48 घंटे से अधिक समय का विशेष प्रशिक्षण चल रहा है। यहां जवान बीते एक सप्ताह के दौरान सीखे गए सैन्य कौशल और प्रशिक्षण का वास्तविक परिस्थितियों में प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अंतिम अभ्यास में भारतीय सेना और इंडोनेशियाई सेना के विशेष बलों के जवान एक साथ मिलकर चुनौतीपूर्ण अभियान संचालित कर रहे हैं।

जवाबी कार्रवाई के अभ्यास किए

अभ्यास के 48 घंटे के अंतिम सत्यापन चरण में भारतीय सेना और इंडोनेशियाई सेना के विशेष बलों ने कई महत्वपूर्ण गतिविधियों में हिस्सा लिया। इसमें घायल सैनिकों को युद्धक्षेत्र में तत्काल चिकित्सा सहायता देने का अभ्यास करना भी शामिल रहा। दुश्मन की गतिविधियों और उसके रास्तों का पता लगाने के लिए युद्धक ट्रैकिंग तथा दुश्मन से आमने-सामने संपर्क होने पर तत्काल जवाबी कार्रवाई के अभ्यास किए गए। इन गतिविधियों को जंगल के कठिन और चुनौतीपूर्ण इलाके में अंजाम दिया गया।

तिब्बती पठार के भूगोल से बिगड़ा चीनी वायुसेना का प्रदर्शन

कम लड़ाकू विमान होने के बावजूद भारतीय वायुसेना दे रही ड्रैगन को रणनीतिक चुनौती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयरफोर्स के पास बड़ी संख्या में फाइटर जेट्स का जखीरा है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास मौजूद फाइटर स्क्वाड्रनों की संख्या अपने सबसे निचले स्तर पर है। भारत के पास अभी लगभग 29 फाइटर स्क्वाड्रन हैं, स्वीकृत संख्या 42.5 है। वहीं, चीन के पास पहले से ही 1,800 से अधिक लड़ाकू विमान हैं, जिनमें लगभग 300-500 पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ जे-20 लड़ाकू विमान शामिल हैं। इसके बाद भी चीन भारतीय वायुसेना से बढ़त नहीं बढ़ा पाया है।


एआई इमेज

हर मौसम में तैयार वायुसेना

भारतीय वायु सेना कम ऊंचाई वाले ऐसे फॉरवर्ड एयर बेस से काम करती है, जो हर मौसम में चालू रहते हैं। यहां से विमान पूरे पेलोड (हथियार और ईंधन) के साथ उड़ान भर सकते हैं और बहुत कम समय में कार्रवाई के लिए तैयार हो सकते हैं।

ऊंचाई वाले हवाई अड्डे बने बाधा

पूर्व वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने कहा था कि चीनी वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों का बड़ा जखीरा है, लेकिन तिब्बती पठार के भूगोल की वजह से भारत के खिलाफ उनके अभियान सीमित हो जाते हैं। भारत के खिलाफ चीन की रणनीति में बड़ी बाधा तिब्बती पठार के ज्यादा ऊंचाई वाले हवाई अड्डे हैं। इनकी वजह से पेलोड, रेंज और टर्नअराउंड समय कम हो जाते हैं।



किंग 100 में 'महंती झांसी रानी' का किरदार निभाएंगी तब्बू

मुंबई। अभिनेत्री तब्बू की आगामी फिल्म 'किंग 100' से उनकी पहली झलक सामने आई है। वे 'महंती झांसी रानी' का किरदार निभाती नजर आएंगी। नागार्जुन ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तब्बू का 'किंग 100' से फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है। अभिनेत्री लाल रंग की साड़ी पहने रौबदार अंदाज में नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ नागार्जुन ने लिखा है, 'अब आप हमारी यादों में 'महंती झांसी रानी' के रूप में बसी रहेंगी। आपने इस फिल्म को बहुत खास बना दिया।

लाइफ Style

भूमि

जानी दुश्मन का फर्स्ट लुक छाया

इस साल कई बड़ी फिल्मों का ऐलान किया गया है, जिसमें काफी हॉरर फिल्में रही हैं। अब भूमि पेडनेकर के हाथ भी एक हॉरर फिल्म लगी है। जिसका नाम है- जानी दुश्मन: डर के आगे मौत है! टी-सीरीज ने ऑफिशियल तौर पर इस नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'जानी दुश्मन: डर के आगे मौत है' है।

नई दिल्ली। फिल्म के पोस्टर और अनाउंसमेंट से साफ है कि यह दर्शकों को पूरी तरह से डराने और खौफ पैदा करने के लिए तैयार की जा रही है। भूमि पेडनेकर पहली बार इतने बड़े लेवल की हॉरर फिल्म में लीड करती दिखेंगी. इस रोमांचक और डरावनी कहानी को बड़े पर्दे पर उतारने की जिम्मेदारी अरशद सैयद को सौंपी गई है।दरअसल फिल्म को बड़े बजट और ग्रैंड लेवल पर तैयार किया जा रहा है। जिसे भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, प्रभलीन संधू और अजय सिंघल हैं मिलकर बना रहे हैं। फिल्म के सामने आए खौफनाक पोस्टर और पहली तस्वीर ने सोशल मीडिया पर आते ही सनसनी फैला दी है। तस्वीर में एक महिला सोती हुई नजर आ रही है। लेकिन उसी पल उसके करीब एक डरावना, नीले रंग का भूतिया हाथ पहुंच रहा है। यह सस्पेंस और खौफ से भरा सीन किसी की भी रूह कंपा देने के लिए काफी है। फिल्म में दर्शकों को दिल दहला देने वाले हॉरर सीन्स देखने को मिलने वाले हैं, जो पोस्टर देखकर अंदाजा लग गया है। टी-सीरीज और मेकर्स की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, यह फिल्म बहुत जल्द ही फ्लोर पर जाने वाली है। मेकर्स ने यह भी साफ कर दिया है कि यह फिल्म साल 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी. 'जानी दुश्मनः डर के आगे मौत है'से भूमि एक बिल्कुल नए और डरावने अवतार में पर्दे पर लौटेंगी. जिसे लेकर उनके चाहने वालों में एक्साइटमेंट काफी बढ़ गया है।



हॉलीवुड मसाला



पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन 6 में

जॉनी की एंट्री

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप ने 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन 6' में जैक स्पैरो के रूप में अपनी वापसी की संभावनाओं पर बात की है। 'एबेनेजर' प्रेस टूर के दौरान बात करते हुए जॉनी डेप ने संकेत दिया कि वे एक बार फिर समुद्री डाकू की कॉस्ट्यूम पहनेंगे। साथ ही कहा कि वे अपने दोस्त और फ्रैंचाइजी के प्रोड्यूसर जेरी ब्रुकहाइमर को कभी मना नहीं करेंगे। एक्टर ने कहा, 'अगर 'पाइरेट्स' फ्रैंचाइजी को टॉप पर लाने के मामले में चीजें ठीक वैसी ही हैं, जैसी होनी चाहिए तो मैं सच में बस यही चाहता हूं कि उन्हें एक बेहतर नोट पर विदा करूं।



'हैरी पॉटर सीरीज' क्रिसमस पर होगी रिलीज

फिल्म 'हैरी पॉटर' को लेकर दर्शकों में अलग ही दीवानगी है। दुनियाभर में जबरदस्त कामयाबी के बाद अब मेकर्स इस पर सीरीज ला रहे हैं। मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट का ऐलान किया है। यह सीरीज इस साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर सीरीज का पोस्टर शेयर किया है। इसमें हॉगवर्ट्स का पहला लुक दिखाया गया है। पोस्टर के साथ मेकर्स ने फिल्म की रिलीज की तारीख का एलान किया है। इसके कैप्शन में लिखा है 'हमारी दुनिया में हर कोई उसका नाम जान जाएगा। एचबीओ ओरिजिनल सीरीज 'हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर्स स्टोन' का प्रीमियर 25 दिसंबर को एचबीओ मैक्स पर होगा।' इंस्टाग्राम पर इस पोस्ट के आने के बाद कई यूजर्स सीरीज की रिलीज डेट को लेकर उत्साहित हैं। कई यूजर्स ने कहा है कि वह क्रिसमस का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, ताकि सीरीज को देख सकें। वहीं कई यूजर्स सीरीज के पोस्टर को लेकर उत्साहित हैं।



78 साल की उम्र में भी बरकरार है

उषा का जादू

मुंबई। संगीत की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे होते हैं, जिनका जादू वक्त के साथ कम होने के बजाय और बढ़ता जाता है। उनका अंदाज, आवाज और स्टेज पर मौजूदगी हर बार लोगों को हैरान कर देती है। ऐसी ही एक सिंगर हैं उषा उत्थुप। 78 साल की उम्र में भी वह अपनी दमदार आवाज और जबरदस्त एनर्जी से लोगों को झूमने पर मजबूर कर रही हैं। इन दिनों उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह बॉनी एम के मशहूर डिस्को सॉन्ग 'रासपुतिन' गाती नजर आ रही हैं। खास बात यह है कि उषा ने अपने इस शो में सिर्फ 'रासपुतिन' ही नहीं गाया। उन्होंने एडेल का मशहूर गाना 'स्काईफॉल' और ग्लोरिया गेयनर का 'आई विल सर्वाइव' भी परफॉर्म किया। अलग-अलग तरह के इन गानों को भी उषा ने अपने खास अंदाज में पेश किया।



मातृभूमि का नया गाना तेरी सेक्सी ब्यूटी रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान एक बार फिर अपने अनोखे अंदाज को लेकर लोगों के बीच सुर्खियों में छा गए हैं। बुधवार सुबह करीब 5 बजे उन्होंने ऐसा सरप्राइज दिया जिसे देख सभी चौंक गए। दरअसल, उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म 'मातृभूमि' का नया गाना ' तेरी सेक्सी ब्यूटी ' अचानक रिलीज कर दिया। 'तेरी सेक्सी ब्यूटी' के साथ सलमान खान करीब 11 साल बाद एक बार फिर अपनी आवाज में गाना लेकर आए हैं। इससे पहले उन्होंने साल 2015 में निखिल आडवाणी की फिल्म 'हीरो' के गाने 'मैं हूं हीरो तेरा' और साल 2014 में आई फिल्म 'किक' के गाने 'हैंगओवर' को अपनी आवाज दी थी। इस नए गाने को सलमान खान और मुस्कान ने गाया है। वहीं, इसके म्यूजिक को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है ।

17 साल की उम्र से हूं आत्मनिर्भर

नई दिल्ली। पंजाबी एक्टर-मॉडल समरीन कौर और भारतीय क्रिकेटर अर्शदीप सिंह अपने रिलेशनशिप को लेकर लगातार चर्चा में हैं। पिछले दिनों अर्शदीप सिंह ने समरीन के बर्थडे पर एक प्यार भरा नोट साझा किया था, जिसे फैंस से खूब प्यार मिला। लेकिन, पिछले कुछ दिनों से एक्ट्रेस को उनके रिश्ते के लिए लगातार निशाने पर लिया जा रहा है। अब समरीन ने अर्शदीप सिंह के साथ अपने रिश्ते को लेकर हो रही लगातार टिप्पणियों के खिलाफ आवाज उठाई है। लोगों के लगातार जज करने और शोहरत पाने के लिए अर्शदीप को डेट करने का आरोप लगाए जाने से तंग आकर उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने रिश्ते को लेकर समाज के डबल स्टैंडर्ड्स पर सवाल उठाए हैं। समरीन ने साफ कर दिया है कि वह अपने फैसलों से खुश हैं और उन्हें सोशल मीडिया पर



अनजान लोगों के सामने अपनी निजी जिंदगी को लेकर सफाई देने की कोई जरूरत नहीं है। अर्शदीप ने भी उनका समर्थन किया है। क्रिकेटर अर्शदीप ने समरीन की पोस्ट शेयर करते हुए साफ कहा कि उनके रिश्ते पर बार-बार टिप्पणी करने वालों को वह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे।

आज दुनिया भर के सिनेमाघरों में पांच भाषाओं में होगी रिलीज

रामायण के ग्रैंड प्रीमियर में साड़ी में छाईं आलिया

मुंबई। रणबीर कपूर की रामायण जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले मुंबई में फिल्म की ग्रैंड प्री-रिलीज स्क्रीनिंग की गई। इसमें आलिया भट्ट, रवि दुबे, सनी देओल समेत फिल्म की बाकी स्टारकास्ट भी शामिल हुई।

रणबीर कपूर : मुंबई में हुई फिल्म की ग्रैंड प्री-रिलीज स्क्रीनिंग में रणबीर कपूर भी लाल कलर का कुर्ता पहनकर शामिल हुए। बता दें कि रणबीर 'रामायण' में भगवान राम का किरदार निभाएंगे।

आलिया भट्ट : इस इवेंट में रणबीर कपूर की पत्नी और अभिनेत्री आलिया भट्ट अपनी सास नीतू कपूर के साथ पहुंचीं। दोनों अपने शानदार अंदाज में नजर आईं। आलिया ने इस खास मौके के लिए हल्के समुद्री नीले रंग की खूबसूरत साड़ी पहनी थी। इसके साथ उन्होंने हॉल्टर नेक डिजाइन वाला हैवी



वर्क ब्लाउज कैरी किया। वहीं, नीतू कपूर भूरे रंग के मॉडर्न आउटफिट में नजर आईं। उन्होंने काउल नेक टॉप के साथ वाइड लेग ट्राउजर पहना था।

रवि दुबे : प्रीमियर में रवि दुबे, उनकी पत्नी सरगुन मेहता और उनका परिवार साथ दिखा। बता दें कि रवि फिल्म में राम के भाई लक्ष्मण का किरदार निभाते दिखेंगे ।

काजल : अभिनेत्री काजल अग्रवाल ब्लैक कलर की खूबसूरत स्ट्रैपलेस ड्रेस में नजर आईं। उनकी ड्रेस पर सिल्वर रंग की चमकदार डिटेलिंग थी, जिसने उनके लुक को और खास बना दिया। वे साथ में अपने बच्चे को भी लेकर आईं।

आज रिलीज होगी रामायण: नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी फिल्म 'रामायण', 'प्राइम फोकस स्टूडियो' और यश के 'मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स' के तहत बनी है। इसमें रणबीर कपूर, यश और साई पल्लवी के अलावा सनी देओल, रवि दुबे, अनुपम खेर, काजल अग्रवाल, रकुल प्रीत सिंह और विवेक ओबेरॉय जैसे कलाकार नजर आएंगे। 'रामायण: पार्ट वन' 5 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में पांच भाषाओं- हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

सलमान के स्वैग से जमा रंग, पत्नी के साथ पहुंचे आयुष्मान

निर्माता रमेश की दिवाली पार्टी में सितारों ने लगाए चार चांद

मुंबई। दिवाली के त्योहार की तैयारियां और जश्न शुरू हो गया है। फिल्म जगत में भी रौनक देखी जा रही है। कई सेलेब्स पार्टी दे रहे हैं तो कुछ अपनी उपस्थिति से आयोजनों को रोशन कर रहे हैं। फिल्म निर्माता रमेश तौरानी ने बीती रात दिवाली पार्टी दी। सलमान खान ने स्वैग के साथ एंट्री ली और पार्टी में चार चांद लगा दिए।

डैशिंग लुक में नजर आए भाईजान

अभिनेता सलमान खान बीती रात रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी में पहुंचे। उन्होंने आयोजन में स्वैग से एंट्री ली। ब्लैक शर्ट और डैनिम जींस में वे डैशिंग लुक में नजर आए।

हरे सूट में रवीना दमकीं, नीली ड्रेस में राशा

अभिनेत्री रवीना टंडन भी पार्टी में पहुंचीं। वे अपनी बेटी और एक्ट्रेस राशा थडानी के साथ रमेश तौरानी के यहां दिवाली बैश में शामिल हुईं। मां-बेटी की जोड़ी ने अपने चार्म से पार्टी में रौनक बिखेर दी।



पत्नी तान्या के साथ पहुंचे लॉर्ड बॉबी

अभिनेता बॉबी देओल अपनी पत्नी तान्या देओल के साथ पहुंचे। दोनों ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आए। बॉबी व्हाइट कलर के कुर्ता पजामा में नजर आए। वहीं, तान्या लाल रंग की साड़ी में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं।

गुलाबी लहंगे में छाईं अदिति

अभिनेत्री अदिति राव हैदरी अपने पति एक्टर सिद्धार्थ के साथ पार्टी में पहुंचीं। गुलाबी रंग के लहंगे में अदिति ने महफिल लूट ली।

तौरानी ने किया मेहमानों का स्वागत

होस्ट की भूमिका में रमेश तौरानी और उनकी पत्नी वर्षा तौरानी ने हर मेहमान का गर्मजोशी से स्वागत किया। वर्षा लाल रंग के सूट में खूब जचीं।

राज -शिल्पा -खुशी

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी सिल्वर कलर की ड्रेस में नजर आईं। वे पति राज कुंद्रा के साथ पार्टी में पहुंचीं। उनके अलावा बॉनी कपूर-श्रीदेवी की बेटी अभिनेत्री खुशी कपूर भी खूब दमकीं।

ये सेलेब्स भी पहुंचे

अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी पत्नी ताहिरा के साथ पार्टी में शिरकत की। मृणाल ठाकुर ने अपने लुक से चार चांद लगाए। वे व्हाइट कलर की साड़ी में नजर आईं। इसके अलावा जेनेलिया देशमुख और सान्या मल्होत्रा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

नाम एवं उपनाम परिवर्तन सूचना

मैं सरस्वती सेन पत्नी श्री सुनील सेन आयु वयस्क, निवासी–ग्राम बरखेड़ी राम, पोस्ट शाहपुर, मक्सूदनगढ़, जिला गुना म.प्र. 473287 मेरा नाम सरस्वती सेन (SARASWTI SEN) है। मेरा विवाह दिनांक 04.06.2026 को सुनील सेन पुत्र श्री गुलाब सेन निवासी–ग्राम बरखेड़ी राम, पोस्ट शाहपुर, मक्सूदनगढ़, जिला गुना म.प्र. से हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हुआ है। मेरे आधार कार्ड एवं अंकसूची में मेरा पूर्व का नाम पिता पक्ष (मायका) सरस्वती कोल (SARASWTI KOL) दर्ज है जबकि विवाह उपरांत मेरा नाम सरस्वती सेन हो गया है अर्थात अब मैंने अपने पति का सरनेम अंगीकृत कर लिया है। मेरा सही नाम सरस्वती सेन (SARASWTI SEN) है। जो कि मेरे स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र में दर्ज है है जो कि सही व सत्य है।अतः भविष्य में मेरा सही नाम सरस्वती सेन (SARASWTI SEN) पढ़ा एवं लिखा जाये ।

गलत नाम : सरस्वती कोल (SARASWTI KOL)
सही नाम : सरस्वती सेन (SARASWTI SEN)

YES BANK यस बैंक लिमिटेड

शाखा पता : यस बैंक लिमिटेड, 9-1-1, एमजी रोड़, ट्रेजर आयलेंड के पास, इन्दौर म.प्र. 452001.

आधिपत्य सूचना [नियम - 8(1) अचल संपत्ति हेतु]

यस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त अधिकारों के अनुसरण में, नीचे विस्तार में वर्णित ऋणी को मांग सूचना पत्र जारी किया था जिसके तहत उक्त 13(2) धारा के अंतर्गत सूचना के प्राप्त होने की तिथि से **60 दिनों** के अंदर सूचना में वर्णित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था।

ऋणी द्वारा संपूर्ण धनराशि न चुकाए जाने पर, एतद्वारा ऋणी को एवं सामान्य रूप से जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उन्हें दिए गए अधिकारों के अनुसरण में यहाँ वर्णित संपत्ति का **सांकेतिक कब्जा** ले लिया है। ऋणी / सिक्योरिटी एवं आम जनता को इसके द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे नीचे बताई गई प्रॉपर्टी के साथ कोई लेन–देन न करें और उक्त प्रॉपर्टी के साथ कोई भी लेन–देन बैंक के नीचे बताई गई रकम के चार्ज के अधीन होगा, साथ ही इसमें सभी अन्य बकाया रकम, जिसमें लागत, शुल्क, खर्च और उस पर लगने वाला ब्याज भी शामिल है। विशेष रूप से ऋणी एवं सामान्य रूप से जनसाधारण को एतद्वारा सतर्क किया जाता है कि संपत्ति के साथ किसी प्रकार का सौदा न करें एवं संपत्ति के साथ किसी प्रकार का सौदा यहाँ वर्णित राशि का उस पर अनुबंधित दर से ब्याज एवं लागत के भुगतान के साथ **यस बैंक लिमिटेड** को चुकाए जाने के अधीन किया जाएगा।

क्रं.	लोन नंबर	ऋणी/सह–ऋणी एवं बंधककर्ता का नाम/	बकाया राशि 13(2) नोटिस अनुसार	13 (2) सूचना दि. / कब्जे की दिनांक
1	AFH011901227374	**अमर सिंह** (ऋणी एवं/या बंधककर्ता) **मनोरमा परिहार** (सह-ऋणी एवं/या बंधककर्ता) **अमन परिहार** (सह-ऋणी एवं/या बंधककर्ता)	**Rs. 10,41,903.15/-** (रु. दस लाख इकतालीस हजार नौ सौ तीन रुपये और पंद्रह पैसे मात्र) दिनांक 13.03.2026 तक	26.03.2026 / 03.11.2026

बंधक संपत्ति का विवरण: रहवासी मकान स्थित प्लॉट 154, श्री राम नगर (महिमा धाम कॉलोनी), खसरा नं. 530/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/2 एवं 530/1/1/1/1/1/1/1/1/1/2, मंडीदीप, वार्ड नं. 17, नया वार्ड नं. 23, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश - 462046, क्षेत्रफल 55.76 वर्ग मीटर एवं **चतुर्सीमाएं निम्नानुसार हैं:** पूर्वः प्लॉट नं. 153, पश्चिमः प्लॉट नं. 155, उत्तरः कॉलोनी रोड, दक्षिणः आकांक्षा नगर की भूमि

2	AFH01190 1877119	**श्री हरेश सिरमोरिया** (ऋणी एवं बंधककर्ता) **श्री राहुल सिरमोरिया** (सह-ऋणी एवं बंधककर्ता)	**Rs. 16,15,143.38/-** (रु. सोलह लाख पंद्रह हजार एक सौ तैंतालीस रुपये और अड़तीस पैसे मात्र) दिनांक 21.01.2026 तक	30.01.2026 / 03.11.2026

बंधक संपत्ति का विवरण: एकरहवासी मकान नं. C-30/2, प्लॉट क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट एवं 55.76 वर्ग मीटर, आरसीसी निर्मित तल मंजिल 600 वर्ग फीट एवं 55.76 वर्ग मीटर एवं प्रथम मंजिल 600 वर्ग फीट एवं 55.76 वर्ग मीटर टीन शेड, भूमि रेवेन्यू सर्वे नं. 29/1/1/2/3/2, 41-44, 45/2/8/2 का भाग एवं कम्प्यूटराईज्ड खसरा नंबर 45/Tha/2, वार्ड नं. 61, निर्मल नगर कॉलोनी, गांव खजूरी कलां, तहसील हुजुर, जिला भोपाल, म.प्र., **चतुर्सीमाएं निम्नानुसार हैं:** पूर्वः कॉलोनी रोड, पश्चिमः कमलेश शर्मा का मकान, उत्तरः सुखिया कन्नौजिया का मकान, प्लॉट नं. 31/3, दक्षिणः अनीष का मकान एवं प्लॉट नं. 29/1

3	18250155	**कांता फूड एवं प्रोसेसिंग यूनिट** (ऋण), **श्री कमलेश पिता मोहन लाल** (सह-ऋणी एवं बंधककर्ता) **श्रीमती ममता c/o पाटीदार कमलेश पाटीदार** (सह-ऋणी एवं बंधककर्ता)	**Rs. 2,36,92,923.90/-** (रु. दो करोड़ छत्तीस लाख बानवे हज़ार नौ सौ तेईस रुपये और नब्बे पैसे मात्र) दिनांक 22.04.2026 तक	28.04.2026 (Corrigendum: 10.07.2026) / 03.11.2026

बंधक संपत्ति का विवरण: संपत्ति के समस्त एवं संपूर्ण भाग, भूमि सर्वे नं. 450/3/3 (S), क्षेत्रफल 0.526 हेक्टेयर एवं निर्मित ग्राम श्यामपुर, तहसील श्यामपुर, जिला सिहोर, मध्य प्रदेश एवं **चतुर्सीमाएं निम्नानुसार हैं:** पूर्वः रास्ता, पश्चिमः मुकेश पाटीदार कमलेश पाटीदार की भूमि, उत्तरः सुमन पति रामबाबू की भूमि, दक्षिणः ओमप्रकाश पाटीदार की भूमि

4	AFH01190 0759636	**श्री पप्पू राम मीना पिता रामनिवास मीना** (ऋणएवं बंधककर्ता), **श्रीमती गिरीजा मीना पति पप्पू राम मीना** (सह-ऋणी)	**Rs. 12,50,362.65/-** (रु. बारह लाख पचास हजार तीन सौ बासठ रुपये और पैंसठ पैसे) दिनांक 13.03.2026 तक	26.03.2026 / 03.11.2026

बंधक संपत्ति का विवरण: रहवासी प्लॉट नं. 73, प्लॉट क्षेत्रफल 5 मीटर *11 मीटर, बेतवा कॉलोनी, वार्ड नं. 23, ग्राम मंडीदीप, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन, सर्वे नं. 454/1/2/1/1, 462046, मध्य प्रदेश एवं **चतुर्सीमाएं निम्नानुसार हैं:** पूर्वः प्लॉट नं. 76, पश्चिमः कॉलोनी रोड, उत्तरः प्लॉट नं. 74, दक्षिणः प्लॉट नं. 72

हस्ते/-
प्राधिकृत अधिकारी
यस बैंक लिमिटेड

स्थान : इंदौर, मध्य प्रदेश
दिनांक : 05.11.2026

स्पेशलः दीपावली, 8 नवंबर

दीपावली रोशनी, खुशी का त्योहार है, लेकिन यही समय सेहत के लिए सबसे ज्यादा चुनौतियों भरा भी होता है। कभी-कभी जरा-सी असावधानी खुशियों के इस त्योहार के रंग में भंग भी डाल देती है। वो चाहे आतिशबाजी चलाते हुए असावधानी बरतने की हो या फिर तला-भुना खाना, मिठाइयों के ज्यादा सेवन से संबंधित हो। इनका असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। आप हेल्दी-सेफ दीपावली मनाएं, इसके लिए एक्सपर्ट डॉक्टर्स के बहुत यूजफुल सजेशंस।

ऐसे मनाएं हेल्दी-सेफ दीपावली



डॉक्टर्स एडवाइस
रजनी अरोड़ा

दीवाली पर चलाए जाने वाले पटाखों में कई तरह के प्रदूषक तत्वों का इस्तेमाल किया जाता है। स्ट्रोंशियम, क्रोमियम, कैडमियम, बेरियम, तांबा, सोडियम, क्लोरीनयुक्त पोटेशियम क्लोरेट पावडर, आर्सेनिक सल्फाइड, एल्यूमीनियम, कॉपर, निकिल जैसे तत्वों की वजह से पटाखे जलाने पर इनमें काफी तेजी से विस्फोट होता है, वहीं नाइट्रोजन, कार्बन मोनो ऑक्साइड, सल्फर डाई ऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें और छोटे-छोटे पार्टिकल्स या कण भी रिलीज होते हैं। जो हवा में घुल-मिलकर वातावरण को प्रदूषित करते हैं और हमारे नाक-मुंह के जरिए शरीर में पहुंचकर हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं। इनसे बचाव करना सामान्य लोगों और रोगियों के लिए बहुत जरूरी हो जाता है।

अस्थमा पेशेंट्स के लिए खतरा

आतिशबाजी से निकलने वाले पार्टिकल्स और जहरीली गैसें नाक या मुंह के जरिए श्वसन नली में पहुंचकर उसमें सिकुड़न पैदा करते हैं। इससे डस्ट-एलर्जिक, ब्रोंकाइटिस और अस्थमा के मरीज को सांस लेने में काफी दिक्कत होती है। अस्थमा का अटैक भी पड़ सकता है।

बचाव के उपायः इससे बचाव के लिए रखें ध्यान रखें-

- पटाखों के धुएं, बारूद की गंध और पटाखों से पैदा होने वाली धुंध भरी जगहों से दूर रहें।
- प्रदूषण ज्यादा हो, खासकर शाम और रात के समय, तो घर के अंदर रहें। ध्यान रखें कि घर के अंदर अगरबत्ती, धूप, कपूर और ज्यादा धुएं वाले दीये कम से कम जलें।
- खिड़की-दरवाजे बंद रखें और एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें।
- एन-95 फेस मास्क पहन कर ही बाहर निकलें।
- रेस्क्यू इनहेलर हमेशा अपने पास रखें और जरूरत पर यूज करने में देरी न करें।
- यथासंभव ग्रीन दीवाली सेलिब्रेट करें। पटाखे खुद न जलाएं और जलते पटाखों के पास खड़े न हों।
- त्योहार से पहले अपने डॉक्टर से मिलकर दवाओं की जांच करवा लें और जरूरत हो तो दवाएं बढ़वा लें।
- ऑयली फूड के बजाय संतुलित और पौषक भोजन लें। बहुत तला, मसालेदार और भारी खाना एसिडिटी बढ़ा सकता है, जो अस्थमा को बिगाड़ सकता है।
- मिठाइयां, मेवे या जिन चीज से एलर्जी है, अवॉयड करें। यथासंभव गुनगुना पानी पिएं।
- सांस लेने में परेशानी हो या इनहेलर लेने के बाद भी आराम न मिले, घबराहट या बेहोशी जैसा महसूस हो, तो डॉक्टर से संपर्क करें।

हार्ट पेशेंट्स रहें सावधान

धुएं के प्रदूषण से अरिद्मिया यानी हार्ट बीट में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। पटाखों के तेज धमाके दिल पर अतिरिक्त दबाव डाल सकते हैं, घबराहट हो सकती है,



हाइपरटेंशन बढ़ जाता है और हार्ट फेल्योर या कार्डिएक हार्ट अटैक का खतरा रहता है।

बचाव के उपायः हार्ट पेशेंट्स इन बातों का ध्यान रखें।

- शोर और धुएं वाली जगह से दूर रहें।
- घर के अंदर रहें। पटाखों के धमाके से बचने के लिए ईयर-प्लग लगाएं या हेडफोन लगाकर अपने मोबाइल पर गाने और पसंदीदा प्रोग्राम देखें।
- खान-पान का ध्यान रखें। फल, सलाद, हरी सब्जियां और साबुत अनाज ज्यादा लें। तली हुई चीजें घी, तेल, ज्यादा नमक, मसालेदार पकवान सीमित मात्रा में लें, इनसे कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है।



- खूब पानी पिएं। चाय-कॉफी, शराब और धूम्रपान से बचें।
- दवाइयां समय पर लें। डॉक्टर ने सॉर्बिट्रेट (जीभ के नीचे रखने वाली गोली) बताई हो, तो उसे हमेशा अपने पास रखें और एक्सपायरी डेट जांच लें।
- सीने में दबाव या भारीपन, दर्द जो बांह, जबड़े या पीठ तक जाए, अचानक पसीना, घबराहट, सांस फूलना या चक्कर जैसे लक्षण दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

डायबिटीज के मरीज बरतें सावधानी

डॉक्टरों की मानें, तो फेस्टिव सीजन टाइप-2 मधुमेह के मरीजों के लिए बहुत तकलीफदेय होता है। क्योंकि वे चाहते हुए भी खुद को रोक नहीं पाते और ब्लड शुगर बढ़ने जैसी समस्याओं की गिरफ्त में आ जाते हैं। बाजार में मिलने वाली मिठाइयों में चीनी और तेल का उपयोग बड़ी मात्रा में होता है। बाजार की मिठाइयों में मौजूद उच्च स्तर की शर्करा से मधुमेह के मरीजों पर खासा असर देखा जा सकता है।

बचाव के उपायः डायबिटीज पेशेंट्स ये सावधानी बरतें।

- कोई मील स्किप न करें। नियमित गैप पर भोजन करें।
- पौष्टिक और संतुलित आहार लें। फल, सलाद, हरी सब्जियां और साबुत अनाज ज्यादा लें। तला हुआ और बहुत तेल वाला खाना कम खाएं।
- मिठाई खाली पेट न खाएं। उसे भोजन के साथ या भोजन के बाद लें। मिठाई बहुत कम मात्रा में लें, जैसे एक छोटा टुकड़ा, और उसे धीरे-धीरे खाएं।
- शुगर-फ्री मिठाई को भी खुली छूट न समझें, क्योंकि उनमें मेवे, घी और खोया होता है, जिनसे कैलोरी और शुगर बढ़ सकती है।
  - घर पर कम चीनी या बिना चीनी की मिठाई बनाने का विकल्प अपनाएं।
  - चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक और मीठे पेय से बचें।
  - एल्कोहल से परहेज करें।
  - खाने के बाद 10-15 मिनट की हल्की सैर करें। इससे शुगर नियंत्रित रहेगी।
- ब्लड शुगर की जांच करवाते रहें। अपनी दवाएं या इंसुलिन रोज समय पर लें। कोई खुराक न छोड़ें।
- खाना देर से या बहुत कम खाने पर, खासकर इंसुलिन या कुछ दवाओं के साथ, शुगर कम (हाइपो) हो सकती है। कंपकंपी, पसीना, घबराहट या चक्कर आए तो तुरंत जांच करें और थोड़ा ग्लूकोज या चीनी लें। इसलिए पास में ग्लूकोज की गोलियां रखें।
- पटाखों के धुएं और प्रदूषण से बचें। घर में रहें और बाहर जाने पर मास्क पहनें।
- यथासंभव पटाखों से दूर रहें। पैरों का ख्याल रखें। चप्पल या जूते पहनकर पटाखों के पास जाएं। जलने या कटने से बचें, क्योंकि डायबिटीज में घाव देर से भरते हैं। छोटी जलन या चोट को भी हल्के में न लें और जल्दी से जल्दी डॉक्टर को दिखाएं।



स्किन बर्निंग से रहें सावधान

दीवाली पर आतिशबाजी चलाते समय लापरवाही होने पर कई तरह की अनहोनी भी हो जाती हैं। आंकड़े के मुताबिक पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं में जलने के मामले ज्यादा होते हैं, जिनमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या अधिक होती है। दवा या प्राथमिक उपचार शुरू करने से पहले चोट का दायरा देखना बेहतर है।

सॉफ्ट-टिशू बर्नः यह फुलझड़ी, चरखी, अनार, हंटर जैसी आतिशबाजी की चिंगारी से होता है। इसमें स्किन की ऊपरी एपिडर्मिस लेयर ज्यादा जलती है। अगर त्वचा पर छाले नहीं पड़े हैं और जला हुआ हिस्सा 4-5 सेमी से ज्यादा नहीं है, तो घर पर इलाज किया जा सकता है। सॉफ्ट-टिशू बर्न में जले हुए हिस्से पर बर्फ न लगाकर, 5-10 मिनट तक बहते नल के पानी के नीचे रखें। जलन कम होती है और त्वचा से गर्मी निकल जाती है, जिससे आगे नुकसान नहीं होता। छालों को न फोड़ें, क्योंकि वे घाव को ढंककर संक्रमण से बचाते हैं। अगर छाले फूट जाएं, तो उस जगह को हल्के साबुन और पानी से धोएं, फिर एंटीबायोटिक मरहम लगाएं और गॉज (जालीदार पट्टी) बांध दें। सिल्वर सल्फाडायजिन वाली एंटीसेप्टिक क्रीम भी इस्तेमाल की जा सकती है। अगर जलन ज्यादा हो तो डॉक्टर से संपर्क करें।

डीप बर्नः लापरवाही से या दूसरे कारणों से पटाखे चलाते हुए अचानक से फट भी जाते हैं और डीप बर्न हो सकता है। इसमें स्किन की निचली लेयर मेंब्रेन और डर्मिस भी जल सकती है। प्रभावित व्यक्ति को यथाशीघ्र डॉक्टर के पास ले जाएं। प्राथमिक उपचार के तौर पर उसके घावों पर एलोवेरा जैल लगाया जा सकता है।

आंखों का ध्यान रखना है जरूरी

आतिशबाजी के धुएं और जहरीली गैसों का असर आंखों पर भी पड़ता है। असावधानी बरतने पर कई बार आंखों में पटाखे के प्रदूषक तत्व या चिंगारी पड़ जाती है। इससे उनमें जलन, लाल होना, पानी आना, चुभन जैसी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में अगर आंखों को मसल दिया जाए तो रेटीना, कार्निया जैसे इंटरनल पार्ट्स में इंफेक्शन हो सकता है।

बचाव के उपायः आंखों की सुरक्षा के लिए ये उपाय अपनाएं। पटाखे जलाते समय सेफ्टी चश्मा या गॉगल्स पहनें। पटाखे दूर से चलाएं। पटाखा जलाकर तुरंत दूर हट जाएं। चेहरा या आंखें उसके ऊपर न झुकाएं। जो पटाखा न जले, उसे पास जाकर न देखें। दर्शक भी सुरक्षित दूरी पर रहें, क्योंकि आंख की चोट अकसर आस-पास खड़े लोगों को भी लगती है। अगर चिंगारी, बारूद या धुआं आंख में चला जाए, तो आंख को बिल्कुल न मलें। इससे कण आंख की सतह को खरोंच सकते हैं। तेज दर्द, धुंधला दिखना, रोशनी न सहना, लगातार लाली या पानी आना, आंख न खुल पाना या खून दिखने जैसे लक्षण दिखें, तो तुरंत नेत्र चिकित्सक के पाय या अस्पताल की इमरजेंसी में जाएं। धुएं से हल्की जलन हो, तो साफ पानी से धोने के बाद आराम मिल सकता है। हाथ साफ धोकर आंख को साफ बहते पानी से 5-10 मिनट तक धोएं। सिर को टेढ़ा करके पानी का धार प्रभावित आंख पर नाक की तरफ से बाहर की ओर बहने दें। पलकें खुली रखने की कोशिश करें। आंख में कुछ धंसा हुआ दिखे तो उसे निकालने की कोशिश न करें। आंख पर दबाव न डालें। आई ड्रॉप, सुरमा, काजल, दूध, शहद या कोई घरेलू चीज न डालें। तकलीफ बनी रहे तो आइज स्पेशलिस्ट को जरूर दिखाएं।

डाइजेशन का रखें ध्यान

दीवाली के अवसर पर कई तरह के पकवान घरों में बनाए जाते हैं। बैलेंस डाइट फॉलो करने वाले फिगर और हेल्थ कॉन्शस लोग भी अकसर अपने हेल्थ-गोल कुछ टाइम के लिए भूल जाते हैं। घर पर बने व्यंजनों की ओवरईटिंग और बाजार में मिलने वाली मिलावटी मिठाई खाने की वजह से कई बार गैस, एसिडिटी, कब्ज और दस्त जैसी पेट संबंधी बीमारियों से दो-चार होना पड़ता है।

बचाव के उपायः डाइजेशन प्रॉब्लम्स से बचने के लिए खानपान पर ध्यान देना जरूरी है।

- पटाखे जलाने पर केमिकल पार्टिकल्स आपके हाथ-पैरों में लगा रह सकता है। जरूरी है कि आतिशबाजी चलाने के बाद अपना चेहरा, हाथ-पैर जरूर धोएं और कुल्ला करें। इसके बाद ही कुछ खाएं-पिएं। ऐसा न करने से गैस्ट्राइंटेराइटिस जैसी पेट संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। दस्त, उल्टियां या डिहाइड्रेशन हो सकता है।
- पौष्टिक और संतुलित आहार लें। नाश्ता जरूर करें। *

(सीनियर फिजिशियन डॉ. नरेश कुमार, सीनियर डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. विक्रम सूद, सीनियर ऑफ्थेलमोलॉजिस्ट डॉ. नीलम अत्री, सीनियर न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. शालिनी सिंघल से बातचीत पर आधारित)

ऐसे बचें दुर्घटनाओं से

कुछ सावधानियां बरतकर दुर्घटनाओं को टाल सकते हैं-

- लाइसेंस वाले दुकानों से आईएसआई मार्क्ड पटाखे खरीदें।
- पटाखे जलाते समय वयस्क की निगरानी जरूरी है। बच्चों को अकेला न छोड़ें। जहां बच्चे पटाखे जला रहे हों, वहां कम से कम एक वयस्क जरूर मौजूद रहे।
- पटाखे चलाने के लिए खुले एरिया में समतल सतह का चुनाव करें। आसपास सूखी घास, कागज, सूखे पत्ते, बिजली के तार, ट्रांसफॉर्मर जैसी ज्वलनशील वस्तुएं न हों।
- पटाखे चलाने से पहले लेबल पर उसे चलाने की विधि जरूर पढ़ लें। ठीक ढंग से पटाखे न चलाने पर नुकसान हो सकता है।
- चिंगारी से बचने के लिए सुरक्षा चश्मा पहनें, पूरी बाजू के सूती, मोटे और फिटिंग वाले वस्त्र पहनें। पैरों में जूते पहनें।



- पटाखे जलाने की जगह के पास पानी से भरी बाल्टी और पर्याप्त मात्रा में रेत रखें।
- हाथ में पकड़कर बम या रॉकेट न चलाएं। पटाखे माचिस या लाइटर के बजाय पटाखे मोमबत्ती, फुलझड़ी, हंटर जैसे से चलाएं ताकि पर्याप्त दूरी बनी रहे।

हेल्थ सजेशन

बीपी की दवा छोड़ने से बढ़ सकता है हार्ट अटैक का खतरा

आज के दौर में तेजी से बदलती जीवनशैली के कारण लोगों में ब्लड प्रेशर यानी बीपी की बीमारी आम होती जा रही है, जिससे बीपी की दवा रेग्युलर खानी पड़ती है। बीपी की दवा खाने वाले लोग थोड़ा आराम होने पर बीपी की दवा का सेवन कम कर देते हैं या बंद कर देते हैं। बिना डॉक्टर की सलाह के ऐसा करना मरीज के लिए हानिकारक हो सकता है। ब्लड प्रेशर कंट्रोल होने के बाद बीपी की दवाएं कब और कैसे छोड़नी चाहिए, इस पर डॉक्टरों की सलाह लेना जरूरी है। दवा छोड़ने से हार्ट पर असर पड़ सकता है। इस बारे में सर गंगाराम हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट **डॉक्टर रजत मोहन** कहते हैं कि आज के समय में हाई ब्लड प्रेशर एक आम समस्या बनती जा रही है। कम उम्र के लोगों को भी हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत हो रही है। हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए डॉक्टर दवाएं शुरू करते हैं। दवाओं



से आराम लगने के बाद कुछ लोग बिना डॉक्टर से सलाह लिए दवाओं को खाना छोड़ देते हैं। ऐसा करने से स्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न हो सकता है। बिना डॉक्टर की सलाह लिए बीपी की दवाएं बंद कर देने से हार्ट अटैक आने का जोखिम बढ़ सकता है। बीपी अगर लंबे समय से बढ़ता आ रहा है, तो इसका असर दिल पर पड़ता है। इसी वजह से बीपी कंट्रोल करने के लिए दवाएं शुरू की जाती हैं। हालांकि ये दवाएं तब शुरू की जाती हैं, जब बीपी लगातार बढ़ता रहता है और लाइफस्टाइल और खान-पान में बदलाव करके भी यह ठीक नहीं होता है। बीपी की दवा शुरू करनी है या नहीं, इसका फैसला डॉक्टर करते हैं। सिर्फ एक बार बीपी ज्यादा आने पर खुद से दवा शुरू भी नहीं करनी चाहिए।

डॉक्टर आमतौर पर कुछ समय तक बीपी की रीडिंग देखने की सलाह दे सकते हैं। अलग-अलग दिनों में कई बार बीपी बढ़ा हुआ मिल रहा है तो डॉक्टर दवा शुरू करने की सलाह दे सकते हैं। अगर डॉक्टर ने बीपी की दवा शुरू कर दी है तो मरीज को दवा अपनी मर्जी से बंद नहीं करनी चाहिए। बीपी की दवा बीच में छोड़ने और बीपी लगातार बढ़े रहने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है और कई बार हार्ट अटैक आने का भी रिस्क हो सकता है। *

प्रस्तुतिः अजेश कुमार

फिटनेस
शिखर चंद जैन

आज के दौर में हर उम्र के लोग स्मार्टफोन एडिक्शन के शिकार हो रहे हैं। इसे गलत तरीके से यूज करने से ज्वाइंट्स संबंधी कई प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। इनसे बचने के लिए आपको कुछ सावधानी बरतनी चाहिए।

ज्वाइंट्स के लिए हार्मफुल स्मार्टफोन का गलत इस्तेमाल

दिन-रात हाथ में रहने वाला स्मार्टफोन हमारी जिंदगी आसान जरूर कर रहा है, लेकिन कई बार इसकी कीमत हमारी गर्दन, कंधे, कलाई और रीढ़ को चुकानी पड़ती है। लगातार नीचे झुककर स्क्रीन देखने, एक ही अंगूठे से फोन पर घंटों टाइप करने और लंबे समय तक बैठे रहने की आदत अब मस्कुलोस्केलेटल यानी मांसपेशी-जोड़-हड्डी संबंधी समस्याओं को बढ़ा रही है।

टेक्स्ट नेकः सबसे कॉमन समस्या 'टेक्स्ट नेक' की है। स्मार्टफोन देखते समय गर्दन आगे और नीचे झुकी रहती है। इससे गर्दन और ऊपरी पीठ की मांसपेशियों को लंबे समय तक अतिरिक्त काम करना पड़ता है। 2025 में प्रकाशित एक रिव्यू में 10,715 प्रतिभागियों से जुड़े सात अध्ययनों को शामिल किया गया। इसमें स्मार्टफोन का अत्यधिक इस्तेमाल करने वालों में गर्दन के दर्द का जोखिम कम इस्तेमाल करने वालों की तुलना में 2.34 गुना अधिक पाया गया। लेकिन दुष्प्रभाव केवल गर्दन तक सीमित नहीं है। 2,000 विश्वविद्यालय छात्रों पर हुए एक अध्ययन में 44.05 प्रतिशत प्रतिभागियों ने मस्कुलोस्केलेटल दर्द की शिकायत की। गर्दन में दर्द 34.2 प्रतिशत, अंगूठे में 17.45 प्रतिशत, कमर में 16.7 प्रतिशत और कोहनी में 16.6 प्रतिशत समस्या पाई गई।



अंगूठे-कलाई पर दुष्प्रभावः लगातार टाइपिंग, स्क्रॉलिंग और गेमिंग से अंगूठे और कलाई के टेंडन पर दोहराव वाला तनाव पड़ सकता है। 387 मेडिकल छात्रों पर किए गए एक अध्ययन में 66.4 प्रतिशत प्रतिभागियों को स्मार्टफोन-एडिक्शन समूह में रखा गया और 19.1 प्रतिशत में फिंकेलस्टीन टेस्ट सकारात्मक था, जो डिक्वेर्वेन टेनोसिनोवाइटिस जैसी समस्या की ओर संकेत कर सकता है। अत्यधिक और वजनी स्मार्टफोन उपयोग और हाथ के दर्द के बीच भी महत्वपूर्ण संबंध पाया गया। मध्य भारत में 137 लोगों पर किए गए अध्ययन में स्मार्टफोन इस्तेमाल के अलग-अलग तरीकों के साथ अंगूठे के कुछ जोड़ों की गति में बदलाव और मांसपेशीय थकान देखी गई।

बढ़ रहे हैं पेशेंटः कोलकाता के बेल व्यू हॉस्पिटल में ऑर्थोपेडिक सर्जन **डॉ. राजेश मोर** के अनुसार, 'लगातार सेलफोन का गलत तरीके से इस्तेमाल कई तरह की ज्वाइंट प्रॉब्लम पैदा कर सकता है। स्मार्टफोन से जुड़े मामलों में 'स्मार्टफोन पिंकी', 'टेक्सटिंग थंब', 'स्मार्टफोन एल्बो' और 'टेक्स्ट नेक' जैसी समस्याएं देखी जा सकती हैं।' कोलंबिया के प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक स्पाइन सर्जन डॉ. एडुआर्डो सी. ब्यूचैम्प कहते हैं कि उनके पास ऐसे अधिक मरीज आ रहे हैं जिनकी समस्या गर्दन के दर्द से शुरू होकर बांह के दर्द या कमजोरी तक पहुंच रही है।

प्रॉब्लम्स के कारणः 2026 के हर्टफोर्डशायर इंटरजेनरेशनल स्टडी में अधिक स्क्रीन टाइम का संबंध कम शारीरिक गतिविधि से पाया गया। शोधकर्ताओं ने इसे खराब बोन हेल्थ और मोटापे के लिए संभावित जोखिम वाला व्यवहार बताया। हालांकि नियमित स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और अच्छी शारीरिक गतिविधि इस तरह की समस्या को दूर करती है।

बचाव के उपायः मोबाइल को आंखों के करीब लाकर गर्दन नीचे झुकाने के बजाय स्क्रीन को आंखों के स्तर के करीब रखें। हर 20-30 मिनट में कुछ देर स्क्रीन से नजर हटाकर गर्दन और कंधों को आराम दें। दोनों हाथों से फोन इस्तेमाल करना बेहतर है और लगातार एक ही अंगूठे से टाइप करने से बचें।

हर दिन चलना, स्ट्रेचिंग और नियमित



स्ट्रेंथ एक्सरसाइज को दिनचर्या में शामिल करें। बिस्तर पर लेटकर घंटों मोबाइल देखने की आदत भी बदलें। यदि गर्दन या कंधे का दर्द लगातार बना रहे, हाथ में सुन्नपन या झनझनाहट हो, अंगूठे-कलाई में सूजन/दर्द हो या हाथ में कमजोरी महसूस हो, तो इसे नजरअंदाज न करें। *



पहला वनडे : भारत ने कीवी टीम को हराकर सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त

तूफानी रफ्तार और 'किंग' कोहली का जलवा, न्यूजीलैंड पांच विकेट से पस्त

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

तेज गेंदबाजों के कमाल और विराट कोहली की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी की मदद से भारत ने बुधवार को बारिश से प्रभावित पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 5 विकेट से हराकर 5 मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (70 रन देकर 4 विकेट), गुरनूर बराड़ (44 रन देकर 3) और अंशुल कंबोज (10 ओवर में 22 रन देकर 2) ने मिलकर 9 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 40.2 ओवर में 185 रन पर ढेर कर दिया।



बारिश के कारण रुका मैच

बारिश के व्यवधान से एक घंटे से अधिक समय तक खेल नहीं हो पाने के कारण भारत के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में 167 रन का लक्ष्य रखा गया। इसके बाद 2.1 ओवर का खेल ही हो पाया था कि फिर से बारिश आ गई। खेल शुरू होने पर भारत को 32 ओवर में 143 रन का लक्ष्य दिया गया। भारत ने कोहली (51 गेंद पर 74 रन, 13 चौके, एक छक्का) और कप्तान शुभमन गिल (37) के बीच दूसरे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की मदद से 22.4 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया।

11वें नंबर पर टिकनर की तूफानी पारी

न्यूजीलैंड की तरफ से सीफर्ट ने सर्वाधिक 38 रन बनाए जबकि 11वें नंबर के बल्लेबाज टिकनर ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 4 छक्कों की मदद से 34 और ग्लेन फिलिप्स ने 30 रन का योगदान दिया। अर्शदीप ने एकदम सही लेंथ पर गेंदबाजी की जबकि गुरनूर और कंबोज में बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया। अंशुल ने बेहद किफायती गेंदबाजी की। उनकी 48 गेंद पर कोई रन नहीं बना। अर्शदीप ने पावरप्ले के अंदर दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड पहले 10 ओवरों में दो विकेट खोकर 45 रन ही बना पाया। गुरनूर के दो विकेट में लैथम का विकेट भी शामिल था, जिनका उन्होंने अपनी ही गेंद पर एक हाथ से रिटर्न कैच लिया।

शून्य पर आउट हुए रोहित

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर में ही रोहित शर्मा का विकेट गंवा दिया, जो खाता भी नहीं खोल पाए। रोहित ने काइल जैमीसन की ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद पर ड्राइव करने के प्रयास में मिड ऑफ पर खड़े मिचेल सैंटनर को कैच थमा दिया।

भारत के 22 रन के अंदर गिरे 4 विकेट

भारत ने हालांकि जिस तरह से 22 रन के अंदर चार विकेट गंवाए वह टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय हो सकता है। पहली बार जब बारिश के कारण खेल रुका तब भारत ने एक विकेट पर 54 रन बनाए थे। दूसरे व्यवधान के समय उसका स्कोर 1 विकेट पर 64 रन था।

रग्बी खिलाड़ी मेलामु ने कोहली, रोहित और गिल को भेंट की विशेष जर्सी



ऑकलैंड। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच से पूर्व रग्बी के दिग्गज खिलाड़ी केवन मेलामु से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें रग्बी टीम की विशेष जर्सी भेंट की। न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम के लिए 132 मैच खेलने वाले मेलामु ऑल ब्लैक्स (न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम) के इतिहास में सबसे अधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने टीम की कप्तानी भी की थी। मेलामु 2011 और 2015 में रग्बी विश्व कप जीतने वाली टीमों के एक प्रमुख सदस्य रहे। उन्होंने मैच शुरू होने से पहले भारत के तीनों खिलाड़ियों को विशेष जर्सी भेंट की।

कोहली से आगे निकले गिल

गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 37 रन बनाकर कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया और बतौर कप्तान वनडे की पहली 15 पारियों में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने। गिल ने वनडे में बतौर कप्तान अब तक 15 पारियों में 81 की औसत से कुल 975 रन बनाए हैं तो वहीं विराट कोहली ने कप्तान के तौर पर वनडे में अपनी पहली 15 पारियों में 75 की औसत से 972 रन बनाए थे। वहीं इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर भी हैं, जिन्होंने पहली 15 पारियों में 52 की औसत के कप्तान के तौर पर कुल 728 रन बनाए थे।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

चैंपियन रायबाकिना के लिए राह मुश्किल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की नंबर 1 और डिफेंडिंग चैंपियन एलेना रायबाकिना को डब्ल्यूटीए फाइनल्स के नॉकआउट स्टेज तक पहुंचने के लिए मुश्किल रास्ता दिया गया है। 27 साल की इस खिलाड़ी को ग्रुप 1 में कोको गॉफ और जेसिका पेगुला की अमेरिकी जोड़ी और विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा के साथ रखा गया है। इस इवेंट में दुनिया की टॉप 8 महिला खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो चार-खिलाड़ियों के ग्रुप में बांटा गया है, जो 8 नवंबर से शुरू होने वाले राउंड-रॉबिन इवेंट में आमने-सामने होंगी, जिससे चार सेमीफाइनलिस्ट तय होंगे। सेमीफाइनल 14 नवंबर को खेले जाएंगे, और जीतने वाली टीमें 15 नवंबर को टाइटल के लिए आमने-सामने होंगी।

- 8 नवंबर से मैदान पर उतरेगी शीर्ष आठ खिलाड़ी
- ग्रुप-1 में गॉफ, पेगुला और नोस्कोवा की चुनौती

पिछले दो मेजर चैंपियन, रायबाकिना और नोस्कोवा के बीच 2026 की पहली मुलाकात, डब्ल्यूटीए फाइनल्स की शुरुआत होगी। मार्च में इंडियन वेल्स चैंपियनशिप मैच में आर्यना सबालेंका से हारने वाली रायबाकिना 2013-14 में सेरेना विलियम्स के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स टाइटल को सफलतापूर्वक डिफेंड करना चाहती हैं।



रणजी ट्राफी : चिन्मय सुतार ने 8 दिन में तोड़ा तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड

400 के बाद अब लगातार दो शतक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चिन्मय सुतार का रणजी ट्रॉफी रनों का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी है। उन्होंने चौथे राउंड में मिजोरम की तरफ से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में 175 रन की पारी खेली।

यह उनका चार फर्स्ट क्लास मैचों में लगातार तीसरा शतक रहा। वे पहले मुकाबले में महज एक रन से शतक से चूक गए थे और 99 पर आउट हो गए थे। इन पारियों के जरिए चिन्मय सुतार फर्स्ट क्लास क्रिकेट में रनों के नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। उन्होंने 11 अक्टूबर को मणिपुर के खिलाफ मुकाबले से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कदम रखा था। पिछले 8 दिनों यानी 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक उन्होंने चार विश्व रिकॉर्ड फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बना दिए।

चिन्मय ने 28 अक्टूबर को मिजोरम और मेघालय के बीच मैच के दौरान 125 रन की पारी खेली। यह उनका दूसरा शतक रहा। इससे लगातार चार फर्स्ट क्लास पारियों में वे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने विल पोंसफॉर्ड का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने चार फर्स्ट क्लास पारियों में 429, 162, 19 और 6 रन के स्कोर के जरिए कुल 616 रन बनाए थे।



विश्व चैंपियनशिप में भारत को झटका, शांभवी अयोग्य करार

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाजी दल को दोहा आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के दौरान करारा झटका लगा जब राइफल निशानेबाज शांभवी क्षीरसागर को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा से अयोग्य करार दिया गया।

प्रतियोगिता में भाग ले रही 63 टीमों (126 निशानेबाजों) में से सिर्फ भारतीय जोड़ी पार्थ माने और शांभवी को ही अयोग्य करार दिया गया। पांच महीने में दूसरी बार शांभवी उपकरण संबंधी नियमों के उल्लंघन की दोषी पाई गई हैं।

कार्यालय तहसीलदार तहसील बुधनी जिला सीहोर मध्यप्रदेश
क्रमांक / 123 /वी-121/2026-2027 बुदनी
दिनांक 3.11.2026
उद्घोषणा पत्र

एतद द्वारा सर्वे साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय प्रकाश श्री वास्तव मैनेजिंग ट्रस्टी निवासी ए-214 न्यू फ्रेन्डस कालोनी नई दिल्ली 110025 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम जरार्पुर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 30.31.32,33,145,146,166/115 रकबा 4.706 हे0 सर्वे क्रमांक 134, 138, 139, 140, 141, 142 रकवा 0.189 हे० भूमि जो कि महिर्षी वेद विज्ञान विश्व विधापीठ द्वारा ट्रस्टी श्री जय चन्द्र आ० गुरूनानक प्रशासनिक सचिव महिर्षी नगर गजिया वाद उत्तर प्रदेश एवं श्री शेरगिल आ० करनेल सिंह निवासी 214 न्यू फ्रेन्डस नई दिल्ली के नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। आवेदक द्वारा संस्था बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक दिनांक 15.9.2026 के अनुसार सचिव के स्थान पर महिर्षी वेदन विज्ञान विश्व विधा पीठम द्वारा श्री अजय प्रकाश श्रीवास्तव मैनेजिंग ट्रस्टी के रूप में नाम दर्ज कराना चाहा गया है। ट्रस्टी श्री जय चन्द्र आ० गुरूनानक प्रशासनिक सचिव महिर्षी नगर गजिया वाद उत्तर प्रदेश एवं श्री शेरगिल आ० करनेल सिंह निवासी 214 न्यू फ्रेन्डस नई दिल्ली के स्थान पर आवेदक द्वारा अपना नाम दर्ज कराना चाहा गया है। अत संस्था बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक के अनुसार आवेदक का नाम उक्त भूमि दर्ज किये जाने से जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति होतो वह अपनी आपत्ति स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से उदघोषणा पत्र जारी होने के दिनांक से दिनांक 13.11.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। वाद म्याद बीत जाने पर प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 3.11.2026 को जारी किया गया।

तहसीलदार
बुदनी जिला सीहोर

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत-490001

रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) हेतु आमंत्रण

EOI सूचना सं.: 5004I7250/GM(SLLH&R)/2026/43

भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल-बीएसपी) प्रतिष्ठित, स्थापित एवं अनुभवी एजेंसियों/फर्मों/संस्थानों/संगठनों से निम्नलिखित कार्य हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करता है:

भिलाई टाउनशिप क्षेत्र में आवासीय क्वार्टरों एवं भवनों का व्यापक भौतिक एवं लॉजिस्टिक सर्वेक्षण तथा एकीकृत परिसंपत्ति एवं सतत अधिभोग डेटाबेस का विकास

कार्य का क्षेत्र (संक्षेप में)

- भिलाई टाउनशिप क्षेत्र के लगभग 33,000 आवासीय क्वार्टरों एवं भवनों का भौतिक सर्वेक्षण
- अधिभोग स्थिति का सत्यापन
- क्वार्टरों की जियो-टैगिंग एवं जीआईएस मैपिंग, जियो-टैग फोटोग्राफ सहित (जहाँ लागू हो, ड्रोन इमेजिंग)
- क्वार्टरों की संरचनात्मक स्थिति, खुले स्थानों एवं सामान्य सुविधाओं का आकलन
- एकीकृत डिजिटल परिसंपत्ति एवं अधिभोग डेटाबेस
- ओपन-सोर्स/ओपन प्लेटफॉर्म पर विकसित विश्लेषणात्मक रिपोर्ट एवं जीआईएस-सक्षम डैशबोर्ड, कठोर डेटा सुरक्षा, गोपनीयता एवं सेल-बीएसपी के पूर्ण डेटा स्वामित्व सहित

पात्रता (मुख्य मानदंड)

- टाउनशिप/एस्टेट संपत्ति के भौतिक सर्वेक्षण, जीआईएस मैपिंग, परिसंपत्ति प्रबंधन अथवा डेटा एकीकरण में अनुभव, तथा पिछले 7 वर्षों में पूर्ण किए गए समान कार्य
- पिछले 3 वित्तीय वर्षों में औसत वार्षिक टर्नओवर रु. 2.00 करोड़ से कम न हो, तथा सकारात्मक निवल मूल्य
- जीएनएसएस/जीआईएस सर्वेक्षण, मोबाइल सर्वेक्षण एप्लिकेशन एवं सुरक्षित डेटा प्रबंधन में सिद्ध क्षमता

महत्वपूर्ण तिथियाँ

- स्थल निरीक्षण: 05 /11/2026 को प्रातः 10:00 बजे से, नगर सेवाएँ विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र
- EOI जमा करने की अंतिम तिथि: 14/11/2026 को अपराह्न 13:00 बजे (भा.मा.स.) तक

विस्तृत EOI दस्तावेज़, जिसमें पात्रता मानदंड, कार्य का क्षेत्र, मूल्यांकन पद्धति एवं नियम व शर्तें सम्मिलित हैं, अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है अथवा सेल की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है: www.sailtenders.co.in

सेल-बीएसपी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी EOI को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

महाप्रबंधक प्रभारी (नगर सेवाएँ विभाग)
भिलाई इस्पात संयंत्र, सेल, भिलाई – 490001, छत्तीसगढ़
फोन: 07882857139 | ई-मेल: absrinivas@sail.in

विज्ञापन क्र.-बीएसपी-14 / 26-27 / दिनांक : 04 / 11 / 2026

पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली, 110003
Corporate Identity Number : L27109DL1973G01006454.Website: www.sail.co.in

हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
मंडल कार्यालय, भोपाल
अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन नं. 0755-2550020

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-

ई नीलामी दिनांक : 26.11.2026 (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 25.11.2026 रात्रि 11.00 बजे तक

ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	मांग नोटिस दि. कब्जा दिनांक बकाया राशि
निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे। मंडल कार्यालय, भोपाल | प्राधिकृत अधिकारी : श्री संदीप कुमार साहू | फोन नं. 0755-2550020/7000086955		
श्रीमती रश्मी पांडे पत्नी श्री राकेश कुमार पांडे एवं श्री राकेश कुमार पांडे पुत्र श्री नरेंद्र पांडे (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक भूमि का समस्त हिस्सा खसरा नं. 52/2 (म्यूटेशन के बाद 52/73) का भाग, मौजा-पथरोटा, पटवारी हल्का नं. 20, बही नं. 169, तहसील-इटारसी , जिला-होशगांबाद (म.प्र.) , क्षेत्रफल 20*50=1000 वर्ग मीटर (लगभग 92.96 वर्ग मीटर) । सीमाएँ : पूर्व -श्री पवन चौकसे का प्लाट , पश्चिम -प्रकाश तिवारी का प्लाट, उत्तर -विक्रेता द्वारा अपनी भूमि पर छोड़ी गई रोड, दक्षिण- श्रीमती सुखवती मेहरा का प्लाट, संपत्ति मालिक : श्रीमती रश्मी पांडेपत्नी श्री राकेश पांडे **PROPERTY ID : PUNBICT53508459**	(₹) 21,46,500/- (₹) 2,14,650/-	26-03-2026 19-06-2026 (₹) 931193.00 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च
श्री संतोष सिंह धाकड़ पुत्र श्री मिश्री लाल धाकड़ (सांकेतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति आवासीय फ्लैटनं. एफ-02, प्लाटनं. 57-ए, द्वितीय तल पूनम काम्प्लेक्स, खसरा नं. 25,26/1/2, 27,31,30/1,30/2,29/1-1, राजहर्ष गृह निर्माण सहकारी समिती मर्यादित , ग्राम-नयापुरा,वार्डनं. 81, कोलार रोड, तहसील हुजूर, भोपाल, क्षेत्रफल 16.72 वर्ग मीटर, सीमाएँ सेल डीडअनुसार: पूर्व-फ्लैटनं. एफ-03, पश्चिम-फ्लैटनं. एफ-01, उत्तर- खुला भाग , दक्षिण-प्लाट नं. 56, संपत्ति मालिक : श्री संतोष सिंह धाकड़ **PROPERTY ID : PUNB60A9768370**	(₹) 4,78,534/- (₹) 47,853.40/-	20-01-2022 15-06-2022 (₹) 571858.24 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च

नियम एवं शर्तें :- 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा **दिनांक 26/11/2026** को **वेबसाइट** https://baanknet.com पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें। बकाया, किराया आदि सहित अन्य शुल्क, यदि कोई हो, नियमानुसार क्रेता द्वारा वहन किया जाऐगा

दिनांक: 04/11/2026, स्थान: भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)
// निविदा आमंत्रण सूचना //
निविदा सूचना क्रं. 37/व.ले.लि./2026-27/ बालाघाट, दिनांक 27.10.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं क्रं	टेन्डर क्रं.	जिला	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWDRB_545592_1	बालाघाट	डाबरी चौरिया लांजी बी.टी. सड़क का कार्य लंबाई 3.70 कि.मी.	तृतीय आमंत्रण	225.20	225200.00	15,000.00	07 माह वर्षाऋतु सहित
				कुल योग	225.20			

उपरोक्त वेबसाइट आनेंलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) ब्रेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 13/11/2026 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेगें। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)

G-21034/26 लोक निर्माण से लोक कल्याण

मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग (अधीक्षण शाखा) मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल
दूरभाष क्र.- 0755-2512077, 2512076
क्रमांकः एफ 2/2/11/0002/12-1/नाजिर/2639 भोपाल, दिनांक 30/10/2026
:: **तृतीय ई-निविदा सूचना** ::

मध्यप्रदेश मंत्रालय में मान. मुख्यमंत्री / मंत्रीगण / अधिकारियों एवं मंत्रालय में संचालित विभिन्न विभागों के शासकीय उपयोगार्थ नाजिर शाखा से संबंधित सामग्री क्रय करने हेतु ऑनलाईन तृतीय ई-निविदा, ई-प्रोक्योरमेंट प्रोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

1.	ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस	रुपए 1000/- + प्रोसेसिंग शुल्क
2.	निविदा फार्म ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभ तिथि एव समय	दिनांक 03/11/2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से
3.	निविदा फार्म ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 25/11/2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक।
4.	निर्धारित समयावधि में प्राप्त ऑनलाईन निविदाओं को खोलने की तिथि एवं समय	1. टेक्निकल बिड-दिनांक 27/11/2026 को अपरान्ह 01:00 बजे 2. फायनेंशियल बिड- दिनांक 27/11/2026 को अपरान्ह 01:30 बजे
5.	प्राप्त निविदाओं को खोलने का स्थान / निविदाओं को खोलते समय निविदाकारों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।	मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक 116 (समिति कक्ष) वल्लभ भवन क्रमांक-01, भोपाल

ई-निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिया जाकर वेबसाईट पर ही जारी किये जायेगें। निविदा की विस्तृत शर्ते एवं जानकारी उपरोक्त वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

(मनोज श्रीवास्तव)
अवर सचिव (अधीक्षण)
मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग

जी - 21050/26 स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय राजस्व निरीक्षक नजूल वृत एम. पी नगर जिला भोपाल
क्र. /सीमांकन /2026
भोपाल दिनांक 30/10/2026
सूचना पत्र

प्रति.

1- श्रीमती शालिनी त्रिपाठी , 2-श्री विनोद टिंडवानी/ पप्पु टिंडवानी, बसंती टिंडवानी, 3- सर्वसाधारण न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम पी नगर जिला भोपाल के आदेशानुसार आवेदक श्रीमती शालिनी तारण w/o श्री विजय तारण निवासी A5 अलकापुरी की ग्राम खजूरीकलां प.ह.नं. में स्थित भूमि खसरा नं. 478/3/4 & 478/3/5 रकबा 0.75 एकड़ के सीमांकन की कार्यवाही हेतु दिनांक 18/11/26 नियत की गई है। आप सर्व संबधित / विक्रेता / पडौसी कृषक मौके पर भूमि से संबधित दस्तावेज लेकर उपस्थित रहें। भू-खण्ड विक्रेता स्वयं स्थिती स्पष्ट करने हेतु मौके पर उपस्थित रहे। आवेदक सीमांकन हेतु आवश्यक झण्डीयां, बांस, मौके पर उपलब्ध करावे । कार्यवाही राजस्व निरीक्षक / संबधित हल्का पटवारी / गठित टीम द्वारा किया जायेंगा। सूचना-पत्र तामिली के हस्ताक्षर कर सूचित होवें। सूचना तामिली बाद अनुपस्थिती की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। पटवारी हल्का नं. यह सूचना पत्र कोटवार के माध्यम से तामिल करवाकर वापिस करें। एवं नियत दिनांक 18/11/26 को अभिलेख एवं बन्दोबस्ती नक्शा शीट साथ लेकर कोटवार सहित उपस्थित रहकर सीमांकन आदेश का पालन सुनिश्चित करें। विशेष परिस्थितियो में सीमांकन तारीख में बदलाव किया जा सकता है ।

राजस्व निरीक्षक
नजूल वृत एम.पी.नगर जिला भोपाल

रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड
ROHA HOUSING FINANCE
GROW WITH YOUR OWN HOME
कॉर्पोरेट ऑफिस : युनिट नं. 1117 एवं 1118, 11वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड टॉवर, सेक्टर 16, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201 301.

मांग सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI Act) 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस

निम्न उधारकर्ताओं को एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि **रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड (RHFPL)** से ऋण प्राप्त किया है लेकिन उनके द्वारा ऋण की ईएमआई (EMIs) का नियमित भुगतान नहीं किया गया है। और इस कारण नेशनल हाउसिंग बैंक द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत उनका ऋण खाता एनपीए (नॉन परफार्मिंग एसेट) के रुप में वर्गीकृत किया गया है। इन उधारकर्ताओं ने RHFPL के पास सिक्युरिटी के रुप में अचल संपत्ति रखी है। जिनका ब्यौरा और आज तारिख तक उधारकर्ता द्वारा RHFPLको चुकायी जाने वाली ऋण एवं बकाया राशि का ब्यौरा भी नीचें दर्शाया गया है। उधारकर्ताओं और सामान्य जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि RHFPL के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में निम्न हस्ताक्षरकर्ता, जमानती लेनदार ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI Act) 2002 के तहत निम्न उधारकर्ताओं के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ की है। यदि निम्न उधारकर्ता उनके नामों के सामने दर्शाए गए बकाया देयों को भुगतान इस नोटिस के प्रकाशन के **60 दिनों** के भीतर नहीं करते है। तो जमानती लेनदार को सरफेसी (SARFAESI Act) अधिनियम की धारा 13 की उपधारा(4) के अंतर्गत प्रदत्त एक या उससे अधिक अधिकारो का प्रयोग करते हुए इस संपत्ति को कब्जा/अधिकार में लेने और इसे बेचने की कार्यवाही करेंगे। सामान्य जनता को सलाह दी जाती है कि वे नीचें वर्णित संपत्ति/संपत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का लेनदेन न करें।

क्रं.	ऋणी(यों)/सह-ऋणी(यों) के नाम लोन खाता नं./ शाखा	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	सुरक्षित आस्ति(यों) का विवरण (अचल संपत्ति/यां)
1	लोन: HLASHTPPSC000005015424 / शाखा: आष्ठ **1. आशिक पिता रहमान खान 2. अफसाना बी पति आशिक दोनों का पता:** लंगा पुरा आष्ठ, आष्ठ, सीहोर, म.प्र.- 466116 **दोनों का अन्य पता:** प्लॉट सर्वे नं. 122/1/2/1/1, रकबा 700 वर्ग फीट, डोराबाग आष्ठ, तह.आष्ठ, जिला सीहोर, म.प्र.- 466116	15.10.2026 & ₹ 2,61,318/-	**संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण संपत्ति का पता:** प्लॉट सर्वे नं. 122/1/2/1/1, रकबा 700 वर्ग फीट, स्थित डोराबाग आष्ठ, तहसील आष्ठ, जिला सीहोर, मध्य प्रदेश- 466116
2	लोन: HLGANJPPSC000005017880 / शाखा: गंजबासौदा **1. मुकेश पिता मुन्नू सिंह, 2. भूरी पति मुकेश दोनों का पता:** पार्क सिटी, वार्ड नं. 21, सिरोंज, तह. सिरोंज, जिला विदिशा, मध्य प्रदेश- 464114 **दोनों का अन्य पता:** स्थित सागर बाग के पास, वार्ड नं. 21, प्लॉट नं. 297, सिरोंज (भू-राजस्व खसरा सर्वे नं. 422/2 का भाग), अंतर्गत नगरपालिका क्षेत्र सिरोंज, तहसील सिरोंज, जिला विदिशा, म.प्र.- 464228	15.10.2026 & ₹ 8,10,685/-	**संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण संपत्ति का पता:** वार्ड नं. 21, प्लॉट नं. 297, सिरोंज (भू-राजस्व खसरा सर्वे नं. 422/2 का भाग), स्थित सागर बाग के पास, अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र सिरोंज, तह. सिरोंज, जिला विदिशा, म.प्र.- 464228
3	लोन: LAVDSHLPCM0000005008564 / शाखा: विदिशा **1. एसके अजहर अली 2. परवीन खातून दोनों का पता:** वार्ड नं. 23 चाचा वाली गली, बाल विद्या मंदिर स्कूल के सामने, गंज बासोदा, विदिशा, म.प्र.- 464221 **दोनों का अन्य पता:** वार्ड नं. 23, खसरा नं. 23/349, वीर सावरकर वार्ड, चांदसी अस्पताल गली, गंज बासोदा, विदिशा, म.प्र.- 464221	15.10.2026 & ₹ 13,76,870/-	**संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण संपत्ति का पता:** वार्ड नं. 23, खसरा नं. 23/349, वीर सावरकर वार्ड, चांदसी अस्पताल गली, गंज बासोदा, विदिशा, म.प्र.- 464221
4	लोन: HLSEHRSCON000005004845 / शाखा: सीहोर **1. विनोद कुमार पिता प्रताप सिंह 2. मीरा बाई पति विनोद कुमार दोनों का पता:** थाना के पीछे, भंगी मोहल्ला, कुरावर मंडी, भोपाल, म.प्र.- 465667 **दोनों का अन्य पता:** सन सिटी कॉलोनी, भूमि सर्वे नं. 574/1/1/8/2/1 का भाग, प.ह.नं. 59, ग्राम कुरावर, तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ., मध्य प्रदेश- 465667	15.10.2026 & ₹ 7,61,208/-	**संपत्



वेस्ट ज़ोन अंतर विश्वविद्यालयीन महिला हॉकी प्रतियोगिता 2026-27

आरएनटीयू की जीत, एलएनआईपीई ग्वालियर को दी 4-0 से शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की महिला हॉकी टीम ने वेस्ट ज़ोन अंतर विश्वविद्यालयीन हॉकी प्रतियोगिता 2026-27 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई), ग्वालियर को 4-0 से करारी शिकस्त दी। इस शानदार जीत के साथ आरएनटीयू की टीम ने प्रतियोगिता के अगले चरण में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। राजस्थान की यूनिवर्सिटी ऑफ जयपुर में 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पश्चिम क्षेत्र के विभिन्न विश्वविद्यालयों की महिला हॉकी टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आरएनटीयू की खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक और शानदार तालमेल के साथ खेल का प्रदर्शन किया।

मुनमुनी दास की हैट्रिक, अश्रिता ठाकुर ने भी दागा एक गोल



आरएनटीयू ने विपक्षी टीम पर बनाए रखा दबाव

टीम की स्टार खिलाड़ी मुनमुनी दास ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शानदार हैट्रिक लगाई और 3 गोल दागे। वहीं, अश्रिता ठाकुर ने एक गोल कर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूरे मुकाबले में आरएनटीयू की खिलाड़ियों ने विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा और एलएनआईपीई ग्वालियर को गोल करने का कोई अवसर नहीं दिया। इस प्रकार टीम ने 4-0 के एकतरफा अंतर से मुकाबला अपने नाम किया। महिला हॉकी टीम कोच देवकीनंदन कुशवाहा के प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन में तथा टीम मैनेजर डॉ. सतीश अहिरवार के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन कर रही है। इस शानदार उपलब्धि पर विवि के चांसलर संतोष चौबे, आईसेक्ट इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलगुरु डॉ. रवि प्रकाश दुबे, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. संजीव कुमार गुप्ता एवं कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी ने टीम को बधाई दी है।

आरएनटीयू की महिला हॉकी टीम में शामिल खिलाड़ी

सोनम राणा (बीपीएड प्रथम वर्ष), आश्रिता ठाकुर (एमपीईएस प्रथम वर्ष), पलक गुप्ता (एमपीईएस प्रथम वर्ष), आयुषी पटेल (बीपीएड प्रथम वर्ष), समीक्षा यादव (बीपीईएस प्रथम वर्ष), हुडा खान (बीपीएड प्रथम वर्ष), कनक पाल (बीएससी बायोटेक्नोलॉजी प्रथम वर्ष), सुजाता जयंता (बीपीईएस प्रथम वर्ष), साक्षी जैन (बीपीएड द्वितीय वर्ष), योगिता वर्मा (एमपीईएस प्रथम वर्ष), लवदीप कौर गिल (पीजी डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्रथम वर्ष), पूजा कोरी (, हिरवा पुरोहित , नेहा साउता, कृष्णा परिहार (गोलकीपर), दीक्षा भार्गव , मुनमुनी दास एवं अमना अजीज (बीए द्वितीय वर्ष) शामिल हैं।

अंडर-22 अंतर-जिला क्रिकेट प्रतियोगिता

विदिशा की टीम 116 पर सिमटी राजगढ़ ने पहले दिन बनाई बढ़त



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन (बीडीसीए) के तत्वावधान में आयोजित अंडर-22 अंतर-जिला द्वि-दिवसीय क्रिकेट मुकाबले में विदिशा और राजगढ़ की टीमें कनारा ग्राउंड पर आमने-सामने रहीं। टॉस जीतकर राजगढ़ के कप्तान योगेश यादव ने क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। विदिशा की टीम राजगढ़ के कसी हुए गेंदबाजी आक्रमण के सामने संघर्ष करती दिखी और 47.1 ओवर में 116 रनों पर सिमट गई। जय रघुवंशी ने सर्वाधिक 32 और देव रघुवंशी ने 21 रन जोड़े ,हितार्थ शाह ने 11 और अतुल कुशवाहा ने 11 रन (नाबाद) बनाए। राजगढ़ के राजेश सोंधिया और योगेश यादव ने 3-3 विकेट झटके ,चंदन झांझोत ने 2 विकेट लिए ,मान प्रताप सिंह ने 1 विकेट लिया। जवाब में राजगढ़ की टीम ने 40 ओवर के खेल में टीम ने 5 विकेट खोकर 150 रन बना लिए और विदिशा के स्कोर से 34 रन की बढ़त हासिल कर ली। योगेश यादव ने 48 रन और मान प्रताप सिंह ने 43 रन की शानदार पारी खेली। विदिशा के ईशु अहिरवार ने तीन विकेट लिए। अमन नरवरिया और हर्षित यादव को एक-एक सफलता मिली।

■ कनारा ग्राउंड में खेले गए मैच में राजगढ़ की विदिशा पर 34 रन की बढ़त



'सुरक्षित बचपन अभियान' ने किया कस्तूरबा स्कूल के छात्रों को जागृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कस्तूरबा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर अपराध, बाल अधिकार एवं पॉक्सो अधिनियम के संबंध में विद्यार्थियों को जागरूक किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल के सचिव एवं जिला न्यायाधीश हिमांशु कौशल ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने अच्छे एवं बुरे स्पर्श की पहचान, व्यक्तिगत सुरक्षा, अनुचित व्यवहार तथा किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में बिना भय अपनी बात रखने के महत्व को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। जिला विधिक सहायता अधिकारी मुहम्मद जीलानी ने नालसा एवं सालसा की विधिक सेवा योजनाओं, निःशुल्क विधिक सहायता, बाल अधिकारों तथा बाल संरक्षण की जानकारी दी।





Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: BHOPAL: Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 7000642828; Shris Shant Honda (Kaniyadana) - 9340461465; Shris Shant Honda (Rajpur) - 9340461465; **BETUL:** Aaditya Honda - 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081; RR Honda (Aron) - 9907700774; Seth and Sons (Raghogarh) - 9644008082; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; Shri Sai Honda (Khirkia) - 9926386210; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni-Malwa) - 9425476181; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232; Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda (Kurawar) - 7415382282; Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; Raghunath Honda (Rajgarh) - 9165122731; Vinayak Honda (Pachore) - 9424470733; **INDORE:** Kasliwal Honda - 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 9827658000; Shyam Honda - 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 9009550955; Doshi Honda - 9669266999; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999; Shree Mangalam Honda - 6232446444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 9713077770; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **DEWAS:** Sadguru Honda - 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh-Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) - 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902; Sethi Honda (Chhanera) - 9111002903; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **MHOW:** Radha Honda - 9691122902; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 8989151151; Savita Honda (Manasa) - 9993773232; Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695; Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; Shree Balaji Honda (Kalapipal)- 9926028916; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909; Ujjain Honda - 8109068222; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437; Sumedha Honda - 8718819740; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 9907729668; A S Honda (Laxmiganj) - 6262350000; A S Honda (DD Nagar) - 9109176278; A S Honda (Bahodapur) - 9109176247; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; KGN Honda (Seondha) - 9171438014; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Keshar Honda - 9111603390; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441; K S Honda - 9074414163; Dhuadhar Honda (Pichore) - 8085186000; Jain Honda (Karera) - 8602760034; Seth Honda (Bairad) - 881739386; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **BHIND:** Bhagawati Moto Honda - 9238112718; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **DAMOH:** Texol Honda - 9425096191; SL Honda (Patahria) - 9300405140; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda (Makronia) - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8720009609; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; Shree Balaji Honda (Deori) - 7000517166; Sahil Honda (Gourjhamar) - 9752472822.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930